सेंसेक्स	~ 71,139.90
निफ्टी	~ 21,522.10
सोना	~ 58,000
चांदी	~ 76,500
डॉलर	~ 83.12

बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
बुधवार 31 जनवरी 2024
माघ कृष्ण 06 विक्रम संवत 2080
वर्ष 15, अंक 130
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

खास खबर

अमेरिकी वीजा में भारतीयों के लिए 60 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में हाल के महीनों में भारतीय छात्रों समेत कारोबारियों को जारी किए गए वीजा में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार 20 हजार डालर का हो चुका है और उसके निकट भविष्य में 50 हजार डालर होने की संभावना है।उन्होंने कहा कि हाल ही में अमेरिका में आयोजित ग्लोबल बिजनेस लीडर्स की बैठक में भाग लेने वाले अधिकांश भारतीय थे, जो दोनों देशों के मजबूत संबंधों को दर्शाता है। बोइंग और एप्पल जैसी कंपनियों द्वारा भारत में किए जा रहे निवेश का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकी कंपनियों ने भारत में 30 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां प्रदान कीं हैं।

इंफाल में दो समूहों के बीच गोलीबारी में 2 लोगों की मौत

इंफाल। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की राजधानी इंफाल में दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। इस दौरान 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि कम से कम 5 घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने कहा कि इंफाल के पश्चिमी जिले के कौंद्रुक गांव में गोलीबारी हुई। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। गोलीबारी के बाद एक व्यक्ति लापता भी बताया जा रहा है। मणिपुर में बीते साल 3 मई को हिंसा भड़की थी। उसके बाद से हिंसक घटनाओं की खबरें सामने आती रही हैं। मणिपुर में 18 कुकी उग्रवादी समूह हैं। इनमें से सबसे ज्यादा सक्रिय कुकी रिवोल्यूशनरी आर्मी और कुकी नेशनल आर्मी संगठन हैं। कुकी उग्रवादी समूहों ने 2008 में सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। गृह मंत्रालय ने 13 नवंबर 2023 को सशस्त्र संघर्ष के जरिए मणिपुर को भारत से अलग करने की वकालत करने वाले 8 मैतैई चरमपंथी संगठनों के खिलाफ प्रतिबंध बढ़ा दिया था। ये सभी 8 संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से संबंधित हैं।

मैनपुरी से डिंपल तो फिरोजाबाद से अक्षय..

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें 16 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। इसमें डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव जैसे बड़े नेताओं की सीटों की घोषणा की गई है। संभल से शफिकुर रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनंद भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल,बांदा से शिव शंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी और गोरखपुर से काजल निषाद का नाम शामिल है।

राजस्थान में स्कूल-कॉलेजों में हिजाब बैन करने की तैयारी

जयपुर। साल 2021 दिसंबर में कर्नाटक के एक कॉलेज में छात्राओं को हिजाब पहनने से रोका गया था। विवाद इतना बढ़ा कि तत्कालीन राज्य सरकार ने स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने पर रोक लगा दी थी। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भी सरकार के पक्ष में ही फैसला सुनाया। हालांकि, साल 2022 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे इस मामले को लेकर जजों में इसे लेकर एकराय नहीं बन पाई थी। अब राजस्थान में भी एजुकेशनल सोसाइटी में हिजाब पहनने को लेकर बहस छिड़ गई है।

संसद का बजट सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में सरकार और विपक्ष में हुई सुलह

146 सांसदों का निलंबन रद्द

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा। इससे पहले मंगलवार को सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सरकार और विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड 146 सांसदों का निलंबन रद्द हो गया है। बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। हमने पहले ही कहा था कि इंडिया गठबंधन केवल फोटो शूट है। गठबंधन की मौत तो करीब हो ही गई है। इसका ब्रेन डेड है।

सभी सांसदों का निलंबन रद्द किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान निलंबित विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द किया जाएगा। इस दौरान सभी 11 राज्यसभा सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया गया है। बता दें कि पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसलिए जब दोनों सदन के सत्र फिर से शुरू होंगे तो उनका निलंबन रद्द कर दिया जाएगा। बाकी बचे हुए 14 सांसदों में 11 राज्यसभा से और 3 लोकसभा से हैं। इनके मामले को संसद की विशेषाधिकार समितियों के पास भेजा गया था और कहा गया था कि समिति का फैसला आने तक उन्हें निलंबित कर दिया गया है। अब इन सांसदों का निलंबन भी वापस ले लिया गया है। रक्षा मंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे।

सीआईआई ने की अलग से निवेश मंत्रालय बनाने की सिफारिश

अंतरिम बजट आम तौर पर लोकसभा चुनाव के बाद सरकार बनने तक बीच की अवधि की वित्तीय जरूरतों का ख्याल रखता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बजट को लेकर अपनी अपेक्षाएं और सिफारिशें देते हुए कहा है कि सरकार को विनिवेश लक्ष्यों को पूरा करने और विनिवेश के लिए 3 साल का कार्यक्रम निर्धारित करना चाहिए। इसके अलावा पेट्रोलियम, बिजली और रियल एस्टेट को भी जीएसटी में शामिल करते हुए तीन दर संरचना का लक्ष्य पूरा करना चाहिए। साथ ही सरकार से पूंजीगत व्यय को 20 फीसदी बढ़ाकर 12 लाख करोड़ करने और अलग से निवेश मंत्रालय की स्थापना करने का अनुरोध किया है।

31 जनवरी से निलंबित सांसद सदन में लौटेंगे

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैंने केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा सभापति हरिवंश नारायण सिंह से विपक्षी सांसदों के निलबंन को रद्द करने का अनुरोध किया था। उन्होंने यह निलंबन रद्द कर दिया है। बुधवार से निलंबित सांसद सदन में लौटेंगे। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 146 सांसद सस्पेंड किए गए थे। राज्यसभा से 46 सांसद निलंबित हुए थे। इनमें 35 सिर्फ एक सत्र के लिए सस्पेंड हुए थे। वहीं, 11 सांसदों के सस्पेंशन का मामला प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया था।

सीएम सोरेन लालू की राह पर, पत्नी कल्पना को बनायेंगे सीएम

रांची। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पर ईडी का शिकंजा कसता दिख रहा है। यह देखकर उन्होंने मंगलवार को विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। सूत्रों के मुताबिक, अगर सीएम सोरेन को गिरफ्तार किया जाता है, तब उनकी पत्नी राज्य की अलगी सीएम हो सकती हैं। बुधवार 31 जनवरी को ईडी सीएम सोरेन से पूछताछ करेगी।

इस बीच सीएम सोरेन ने ट्वीट किया, बापू के विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहते है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

वहीं बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने लिखा, लापता मुख्यमंत्री/ डरपोक आखिर कर रांची में अवतरित हुए। मैंने कल रात ही सड़क मार्ग से भागने की बात कही थी। मेरी बात सत्य हुई।

इसके पहले बीजेपी सांसद दुबे ने दावा किया था कि सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को झारखंड का नया मुख्यमंत्री बनाए जाने की तैयारी चल रही है। हेमंत ने अपने सभी सहयोगी विधायकों को सामान और बैग के साथ रांची बुलाया है। हेमंत सड़क मार्ग से रांची पहुंचकर कल्पना के नाम की घोषणा कर सकते हैं। बीजेपी के इस दावे के बाद झारखंड की सियासत गर्म हो गई।

कल्पना सोरेन ओडिशा के मयूरभंज के कारोबारी परिवार से हैं। उनकी मां एक गृहिणी हैं। 1976 में रांची में जन्मी कल्पना ने एक निजी स्कूल में पढ़ाई की और रांची के एक सरकारी कॉलेज से ग्रेजुएशन पूरा किया। उन्होंने 7 फरवरी 2006 को सोरेन से शादी की और यह जोड़ा दो बच्चों के माता-पिता हैं। पूरे मामले पर झारखंड के राजयपाल सी पी राधाकृष्णन ने अपनी प्रतिक्रिया देकर कहा है कि उन्हें आज नहीं तब कल ईडी के सामने पेश होना ही पड़ेगा।

संयुक्त परिवार की कमी पर हाईकोर्ट की टिप्पणी कहा-

बुजुर्गों का नहीं रखा जा रहा ध्यान

मुंबई। बंबई हाई कोर्ट ने मंगलवार को अपने फैसले में संयुक्त परिवार को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

पीठ ने कहा, संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं।

यह आदेश उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था।

महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

बजट सत्र से पहले सरकार ने कहा, हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह संसद के आगामी बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। बजट सत्र की पूर्व संध्या पर मोदी सरकार द्वारा बुलाई गई पारंपरिक सर्वदलीय बैठक से बाहर निकलते हुए, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार संक्षिप्त सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

मालूम हो कि संसदीय चुनावों की घोषणा से पहले यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी सत्र होगा। केंद्रीय रक्षा मंत्री और लोकसभा में उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और उपनेता अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

संसद भवन परिसर में बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के के सुरेश, टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय, डीएमके के टीआर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के एसटी हसन, जेडी (यू) के रामनाथ ठाकुर और टीडीपी के जयदेव गाल्ला शामिल थे।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और राज्य सरकार के प्रतिबंधों का मुद्दा उठाया।

कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि देश में अलिखित तानाशाही कायम है। उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया। तिवारी ने कहा कि उन्होंने विपक्षी दलों से सलाह के बाद ये मुद्दे उठाए हैं।

राहुल गांधी पूर्णिया में किसान चौपाल में बोले

दबाव पड़ते ही यू-टर्न ले लेते हैं नीतीश

पूर्णिया । बिहार में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को राहुल गांधी ने नीतीश कुमार पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। राहुल ने कहा कि नीतीश पर दबाव पड़ता है तो वो यू टर्न ले लेते हैं। वो शपथ

लेते हैं तो खूब तालियां बजती हैं। नीतीश सीएम हाउस की ओर निकल जाते हैं। फिर पता चलता है कि वो अपना शॉल राज्यपाल भवन में छोड़ आए। वो लेने जाते हैं तो गर्वनर भी कहते हैं इतनी जल्दी आ गए। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का बिहार में आज दूसरा दिन है। राहुल गांधी मंगलवार को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने ये बयान दिया। इससे पहले राहुल गांधी ने गढबनैली नवोदय विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की है। उसके बाद राहुल गांधी ने सीसाबाड़ी में किसान चौपाल के दौरान किसानों से बात की।

सरकार जमीन अधिग्रहण के कानून को तोड़ रही

राहुल गांधी ने कहा कि जो भी राजनेता किसानों की जमीन की रक्षा करने की बात करेगा उस पर 24 घंटे आक्रमण होगा। हिंदुस्तान की सरकार जमीन अधिग्रहण के कानून को तोड़ रही है। किसानों को चारों ओर से घेरा जा रहा है। आपसे जमीन ली जाती है और अडानी जैसे बड़े-बड़े उद्योगपतियों को मुफ्त में दी जाती है प्रधानमंत्री मोदी 3 काले कानून ले आए और जो आपका था आपकी नाक के सामने से छीनने की कोशिश की। माल्या और अडानी का कर्जा माफ हो सकता है, लेकिन किसानों का कर्जा माफ नहीं हो सकता है। राहुल गांधी इस दौरान सिर पर गमछा बांधकर खटिया पर बैठे नजर आए। राहुल गांधी ने किसान के हाथ से कुल्हड़ में चाय पी। इसके बाद वो होटल में आराम करने के लिए रवाना हो गए।

देश में असली मुद्दा बेरोजगारी और मंहगाई - प्रियंका गांधी वाड्रा

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास देश के सबसे बड़े मुद्दे बेरोजगारी का कोई समाधान नहीं है और 'मोदी की गारंटी' जैसी बातें "सिर्फ जुमला हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीडियो भी साझा किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग इजराइल में नौकरी पाने के मकसद से कतारबद्ध नजर आ रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, अगर कहीं पर युद्ध के हालात हैं, तब सबसे पहले हम अपने नागरिकों को वहां से बचाकर, वापस अपने वतन लाते हैं, लेकिन बेरोजगारी ने आज ये हाल कर दिया है कि देश की सरकार हजारों असहाय और मजबूर युवाओं को युद्धग्रस्त इजराइल जाकर ये खतरा उठाने से भी बचा नहीं रही। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, यहां, अपने देश में इन्हें रोजगार क्यों नहीं मिल रहा? लंबी-लंबी कतारों में दो-दो दिनों से खड़े युवा क्या हमारे देश के बच्चे नहीं हैं कि हम इन्हें खुशी से इतने भयानक युद्ध के बीच भेजने को तैयार हैं? उन्होंने कहा, गौर कीजिए, कितनी चालाकी से मोदी सरकार इस देश के युवाओं का व्यक्तिगत मसला बना रही है! प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि सरकार की इसमें क्या भूमिका है?

भाजपा नेता की हत्या करने वाले पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

तिरुअनंतपुरम। भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवास की हत्या करने वाले प्रतिबंधित पीएफआई के 15 सदस्यों को जिला कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार बीजेपी नेता हत्याकांड में केरल की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। बता दें कि भाजपा नेता श्रीनिवास की 19 दिसंबर 2021 में जघन्य हत्या कर दी गई थी। अब जाकर कोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 15 सदस्यों के खिलाफ मौत की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार मावेलिक्कारा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने सुनवाई के बाद इस चर्चित हत्याकांड में अदालत ने फैसला सुनाया है। दरअसल इस हत्याकांड की देशभर में चर्चा हुई थी। साथ ही केरल की राजनीति भी इसके बाद काफी गरमा गई थी। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में नैसम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल कलाम उर्फ सलेम, जफरुद्दीन, मनशाद, जसीबा राजा, नवास, समीर, नजीर, जाकिर हुसैन, शाजी पूवनथुंगल और शेरनस अशरफ को दोषी ठहराया गया था।

बीजापुर में सीआरपीएफ कैंप पर बड़ा नक्सली हमला, 3 जवान शहीद, 14 घायल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में सीआरपीएफ कैंप पर नक्सलियों ने बड़ा हमला कर दिया। इस हमले में 3 जवान शहीद हो गए, जबकि 14 जवान घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी। उधर, हमले की सूचना मिलने पर फोर्स मौके पर पहुंच गई है और इलाके की घेराबंदी करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।



जानकारी के मुताबिक सुकमा के थाना जगरगुण्डा इलाके में नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसने और इलाके के लोगों को सहायता देने के लिए मंगलवार को ही सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया था। कैंप के बाद सीआरपीएफ के कोबरा जवान जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान जवानों के ऊपर माओवादी द्वारा फायरिंग की गई। सुरक्षा बल द्वारा भी माओवादी फायरिंग का मूंहतोड़ जवाब देते हुए जवाबी कार्रवाई की गई। सुरक्षा बल के बढ़ते दबाव को देखकर माओवादी जंगल का आड़ लेकर भाग गए। हालांकि इस मुठभेड़ में 3 जवान गोली लगने से शहिद हो गए। वहीं 14 जवान घायल हो गए। घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है।

सीएम के शपथ लेने से पहले भी हुआ था नक्सली हमला

बता दें कि पिछले साल दिसंबर महीने में छत्तीसगढ़ में सीएम की शपथ से पहले नक्सली हमला हुआ था। 13 दिसंबर 2023 को नक्सलियों ने नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट किया था। इस हमले में एक जवान शहीद हो गया था, जबकि एक अन्य जख्मी हुआ था। यह हमला नारायणपुर में ऐसे वक्त पर हुआ था, जब राजधानी में आयोजित समारोह में विष्णुदेव साय को सीएम पद की शपथ लेनी थी। नक्सलियों ने नारायणपुर के आमदई खदान में आईईडी प्लांट किया था। इसकी चपेट में सीएएफ 9वीं बीएन बटालियन के जवान आ गए थे। इस हमले में सीएएफ कांस्टेबल कमलेश साहू शहीद हो गए थे, जबकि आरक्षक विनय कुमार साहू घायल हो

8 फरवरी को मुंजारे करेंगे विधानसभा का घेराव

कंकर मुंजारे ने नक्सली एनकाउंटर पर फिर उठाए सवाल, कहा अब तक जिले में किए गए 18 फर्जी एनकाउंटर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने एक बार फिर नक्सली एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं। जिन्होंने जिले में किए गए अब तक 11 एनकाउंटर को असली तो वही 18 एनकाउंटर को फर्जी एनकाउंटर बताया है इसके अलावा उन्होंने फर्जी एनकाउंटर वाले इस मामले की जांच न होने और उनकी सुनवाई न होने पर सवाल उठाते हुए एक बार फिर से फर्जी एनकाउंटर मामलों की जांच कर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जिसमें श्री मुंजारे ने बालाघाट,मंडला और हार्क फोर्स एसपी पर धारा 302 हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच कराए जाने की मांग की है तो वहीं उन्होंने इन सभी फर्जी एनकाउंटर वाले मामलों को लेकर अपने समर्थकों के साथ 8 फरवरी को विधानसभा का घेराव किए जाने की चेतावनी दी है। यह तमाम जानकारी उन्होंने मंगलवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी। जिसमे उन्होंने लगातार फर्जी एनकाउंटर होने के बावजूद भी जिले के विधायको और सांसदों द्वारा सवाल ना उठाए जाने पर भी अपनी नाराजगी जताते हुए जिले के समर्थकों के साथ विधानसभा का घेराव किए जाने की चेतावनी दी है।

विधायक, सांसद भी नहीं उठा रहे आवाज

श्री मुंजारे ने आगे बताया कि पुलिस लगातार फर्जी एनकाउंटर कर अपनी वही लूट रही है मेडल प्रमोशन इनाम ले रही है बावजूद इसके भी जिले के विधायक और सांसद कोई सवाल नहीं उठा रहे हैं जबकि पुलिस हर बार इन्हें बेवकूफ बना रही है हम आवाज उठाते हैं तो हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। ये सभी फर्जी एनकाउंटर हैं इसके सबूत हमारे पास में है। हमारे पास रिकॉर्ड है कि जिले में 18 फर्जी एनकाउंटर हुए हैं।उन्होंने बताया कि ग्रामीण झाम सिह धुर्वे और हीरासिंह टेकाम दो ग्रामीणों की पुलिस द्वारा हत्या की गई है। जहां पुलिस ने इस सच को छुपाने के लिए उनके परिजनों को नौकरी पैसा देकर उनका मुंह बंद कर दिया है।मामला बढ़ता देख हीरासिंह टेकाम की लाश को गायब कर दिया और दूसरे नक्सली रघु उर्फ सोगा की फोटो दिखाकर उसे मारना बताया है इसकी भी जांच होनी चाहिए।

समर्थकों के साथ 8 फरवरी को करेंगे विधानसभा का घेराव

श्री मुंजारे ने बताया कि इन सभी फर्जी एनकाउंटर के मामलों को लेकर हमने सुप्रीम कोर्ट में केस लगाया है।हमारी मांग है कि सभी फर्जी एनकाउंटरों की जांच की जाए, संबंधित पुलिस कर्मचारियों अधिकारियों पर 302 हत्या का मामला दर्ज कर सभी को नौकरी से बर्खास्त किया जाए, इन्हें जो इनाम की राशि मेडल पदोन्नति दी गई है इसे इनसे वापस ली जाए।इन्हीं सभी मांगों को लेकर हम अपने समर्थकों के साथ विधानसभा जाएंगे और भारी मात्रा में अपने समर्थकों के साथ 8 फरवरी को विधानसभा का घेराव पर आंदोलन के माध्यम से सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे।

बोथली सहायक सचिव के खिलाफ ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन

निर्माण कार्यों और योजनाओं में शासकीय राशि के गबन का लगाया आरोप

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोथली से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने निर्माण कार्य मनरेगा में फर्जी हाजिरी भरकर शासकीय राशि की हेराफेरी करने का आरोप लगाया है जिन्होंने ना सिर्फ मस्टरोल में फर्जी हाजिरी भरकर शासकीय राशि का गबन किए जाने की बात कही है बल्कि प्रधानमंत्री आवास सहित शासन प्रशासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं दिए जाने, और भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते गाँव के सहायक सचिव के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।उक्त मांग को लेकर अन्य ग्रामीणों के साथ ज्ञापन लेकर पहुंचे वार्ड नंबर 9 पंच हुलासराम नगपुरे ने बताया कि ग्राम पंचायत बोथली में ग्रामीण अनेक समस्याओं से जूझ रहे है।जिसमें रोजगार से लेकर संबल कार्ड और अनेक शासकीय योजनाओं में भारी अनियमित्ता की जा रही है। ग्राम पंचायत बोथली में शासकीय तालाब के गहरीकरण व मेढ की फिलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत किस मद से कार्य किया जा रहा है व कितनी राशि शासन से स्वीकृत किया है।इस बात की जानकारी सहायक सचिव द्वारा नही दी जा रही है।पूछे जाने पर कहा जाता है तुमको इस बात से क्या मतलब कितना भुगतान मजदूरों की मजदूरी में किया गया है वह कितने मजदूर निर्माण कार्य संपन्न कराने में लगे हुए है।मजदूरों के दैनिक उपस्थिति के लिए बनाए गए मस्टरोल की पंजी की प्रति व मजदूरों के खाते में भुगतान किए गए ऑनलाईन पर्चों की प्रति के बारे में भी सहायक सचिव द्वारा कोई जानकारी नही दी जा रही है। पंची द्वारा पूछे जाने पर सहायक सचिव द्वारा यह कहा गया कि मुझसे पूछने का तुमको कोई अधिकार नही है जो व्यक्ति घर में बैठे है काम में नहीं आ रहे है उनकी भी हाजिरी सहायक सचिव द्वारा लगायी जा रही है। ग्रामीणों के पी.एम.आवास में दिए गए नाम को भी काट दिया है।अनतोष्ठी की राशि में भारी अनियमित्ता है।गांव में अनेक योजनाओं में अनियमित्ता है। जिसकी जांच कराया जाना आवश्यक है।हमारी मांग है कि उक्त अनियमित्ताओं की जांच करवाकर अनावेदक के विरूद्ध उचित कार्यवाही किए जाए।

वनविभाग द्वारा वन अनुभूति कार्यक्रम मनाया गया

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अंतर्गत ग्राम ढूंटी मे दिनांक 30.1 .2024 को मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के तत्वाधान में मुख्य वन संरक्षक वन व्रत बालाघाट श्रीमान ए .पी.एस.श्रेंगर ,वन मंडल अधिकारी उत्तर सामान्य बालाघाट श्रीमान अभिनव पल्लव के निर्देशन में तथा श्रीमान प्रशांत साकरे उपवन मंडल अधिकारी उकवा सामान्य उपवन मंडल, परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण लामता श्रीमान शिवम पुरी गोस्वामी एव वन समिती अध्यक्ष चरेगांव श्री महेंद्र उयके की उपस्थिति में ढूटी बीट मे वन अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरेगांव एवं मगरदर्रा के कुल 120 छात्र-छात्राएं एवं,6शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर्स नरेंद्र बंसोड़ सुरेंद्र वडीचार एवं ढवरे तथा अन्य शासकीय प्रेरकों ने अनुभूति के संबंध में जानकारी दी। प्रकृति पथ पर पेड़, पौधों, घाँस, औषधीय पौधों की पहचान करवाई, उनके उपयोग से अवगत करवाया, वृक्ष एवं वनों के महत्व, पर्यावरण, खाद्य श्रृंखला,तेंदू पत्ता संग्रहण की जानकारी, नदी, नाले में जल का प्रवाह, भू जल संरक्षण की जानकारी दी दोपहर भोजन उपरांत प्रश्नपत्र हल करवाया ।वन विभाग की संरचना एवं विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती, पदोन्नति एवं पदों की जानकारी दी।अखिल भारतीय सेवाओं की जानकारी एवं उनकी भर्ती संबंधी जानकारी दी तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को एकलव्य योजना के तहत म. प्र.शासन द्वारा 9 वीं से कालेज स्तर तक दी जाने वाली छात्रवृत्ति की जानकारी दी।नेचर वॉलेंटियर का चयन किया, फीडबैक फार्म भरवाए,शपथ ग्रहण करवाई एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरुष्कार वितरित किये गए।कार्यक्रम में ।औषधीय बीज एवं सामग्री का प्रदर्शन किया।वन कर्मचारी गण उपस्थित रहे। *मैं* *भी* *बाघ* गाने की थीम पर कर्मचारियों एवं बच्चों ने डांस किया उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में परिक्षेत्र सहायक लामता भाग 2 दिनेश बरिये परिक्षेत्र सहायक मगर दर्रा रूप सिंह परते एवं परिक्षेत्र सहायक समनापुर कंचन खंडागले तथा परिक्षेत्र सहायक चचेरी रूपेश गवने सांजिद खान, रेखा भलावी वनपाल ,डी.एस.मसराम वनपाल व.र.गिरीश चौहान, दिलीप कुमार बांते,देवांशु यादव,रसीद खान ,नीरज खरीक, श्रीमती दिशा दमाहे रजत बोपचे, यस भैरम,मोनु तिवारी, के.के.पांडेय ,प्रशांत चौरसिया, अंबिका सैयाम ,जय चौरसिया,एवं अधिनस्थ कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

आजादी के 75 साल बाद भी अंधकार में जिंदगी गुजार रहे ग्रामीण

सड़क, बिजली, पानी, नाली,स्कूल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी नही

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एक ओर शासन प्रशासन द्वारा गांव-गांव घर-घर बिजली देकर हर घर को रौशन करने का दावा किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी कई गावो के ग्रामीण आज भी अंधेरे में अपनी जिंदगी गुजारने के लिए मजबूर हैं। ताजा मामला जिले के आदिवासी दुरान्चल क्षेत्र जनपद पंचायत बैहर की ग्राम पंचायत कुगांव के अंतर्गत आने वाले 4 गांवों का है। जहां के ग्रामीण पिछले कई वर्षों से अंधकार में अपना जीवन गुजारने के लिए मजबूर हैं। जिनके घरों तक बिजली पहुंचना तो दूर की बात उन्हें अब तक मूलभूत सुविधाओं से भी मेहरूम रखा गया है तो वहीं घरों को रोशन करने के लिए उन्हें मिट्टी का तेल भी नसीब नहीं हो रहा है। शायद यही वजह है कि बैगा आदिवासी परिवार आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी अंधकार में जिंदगी गुजारने के लिए मजबूर है जिनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।जहा के ग्रामीणों ने सड़क, बिजली,पानी, आंगनबाड़ी, स्कूल भवन जैसी मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग की है।जिन्होंने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपते हुए मांग पूरी ना होने पर आगामी समय मे होने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किए जाने की चेतावनी दी है।

समस्याओं का अंबार ,सुनवाई करने वाला कोई नहीं

बैगा आदिवासियों को विशेष जनजाति का दर्जा दिया गया है। उनके उत्थान के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जाती है। फिर भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है। बताया जा रहा है जनपद पंचायत बैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुगांव सहित उनके अन्य ग्रामो में समस्याओं का अंबार लगा है जहा ग्राम पंचायत कुगांव सहित पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम धनिया झोला, ग्राम अरंडी,और ईमली टोला में 2हजार से अधिक बैगा आदिवासियों के परिवार रहते हैं इन्हें चुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। यहां ना तो बिजली है न सड़क है,ना पानी की सुविधा मिल रही है।इसके अलावा आंगनबाड़ी भवन ना होने से आंगनबाड़ी किराए के कमरे में संचालित की जा रही है तो वही जर्जर हो चुके भवन में आज भी प्राथमिक शाला का संचालन हो रहा है।जिससे नाराज ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौपते हुए मूलभूत सुविधाए ना मिलने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है।

आवेदन निवेदन का भी नही हो रहा असर

उक्त मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे चारों गांव के ग्रामीणो ने बताया कि गांव में सड़क, बिजली ,पानी,, स्कूल भवन ,आंगनबाड़ी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कई बार ज्ञापन सौपा गया है स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर नेताओं तक शासन प्रशासन के विभिन्न कार्यालयो में समय-समय पर ज्ञापन सौंपने के बाद भी उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सुविधा ना मिलने के चलते चारों गांव के ग्रामीण काफी परेशान हैं जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के दिनों में होती है। इन मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर वे आए दिनों सरकारी कार्यालयो के चक्कर काटने को मजबूर है लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।जिसके चलते आज वे एक बार फिर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपने आए हैं जिन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यदि इसके बाद भी मांग पूरी नहीं की जाती तो आगामी समय में होने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

चुनाव बहिष्कार के अलावा हमारे पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है-

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान बैहर कुगांव सरपंच पति सुमन सिंह और धनिया टोला के पूर्व बीडीसी प्रताप सिंह मरकाम ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले कई वर्षों से मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग को लेकर शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जा रहा है।जनपद से लेकर विभिन्न कार्यालय में ज्ञापन सौंप चुके हैं उक्त समस्या का निराकरण किए जाने की मांग की गई है बावजूद इसके भी हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है बरसात के दिनों में गांव से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण अंधेरे में अपनी जिंदगी गुजारने के लिए मजबूर हैं। सड़क बिजली पानी की समस्या के साथ-साथ आंगनबाड़ी और स्कूल भवन की भी बहुत आवश्यकता है। लेकिन वर्षों से की जा रही इस मांग पर हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसीलिए हम 04 गांवो के ग्रामीणों ने तय किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पूर्व यदि हमारी मांग पूरी नहीं की जाती तो सभी चार गांव के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से लोकसभा चुनाव का पूर्णतः बहिष्कार किया जाएगा. क्योंकि चुनाव बहिष्कार के अलावा अब हमारे पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रिडा एवं वार्षिक उत्सव का हुआ समापन

बालाघाट। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल साहूटोला गर्रा बालाघाट में गत 25 जनवरी से 28 जनवरी तक वार्षिक खेल एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था, जो सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 जनवरी तक आयोजित किया गया। इस क्रिडा प्रतियोगिता में छात्रों को चार हाउस में विभाजित किया गया था, जिसमें प्रथम हाउस मुंशी प्रेमचंद हाउस, दूसरा चंद्रगुप मौर्य हाउस, तीसरा ए.पी.जे अब्दुल कलाम हाउस एवं चतुर्थ अल्बर्ट आईंसटीन हाउस बनाये गये थे। इन चारों समूहों के बीच विभिन्न खेल विद्यार्थो का आयोजन हुआ, जिसमें खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, फुटबाल, क्रिकेट, रस्साकसी, व्हॉलीवाल, कुर्सी दौड़, बैलींसिंग रेस सहित अन्य खेल-कूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें ए.पी.जे अब्दुल कलाम हाउस ने प्रथम स्थान, अल्बर्ट आईंसटिन हाउस ने द्वितीय स्थान, मुंशी प्रेमचंद हाउस ने तृतीय स्थान एवं चतुर्थ स्थान पर चंद्रगुप्त मौर्य हाउस रहा। इसी तारतम्य में 28 जनवरी को वार्षिक उत्सव के तहत विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सांस्कृति आयोजन में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के डांस प्रस्तुत किया और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एजुकेशनिस्ट किशोर भंडारी सर एवं एजुकेशनिस्ट वी.एन. तिवारी सर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे साथ ही संस्था के डारेक्टर्स में संजीव मिश्रा, मुक्तानंद गौतम, लाकेश बिसेन, नरेश धुवारे, विजय पंचबुद्धे, अंशुल जायसवाल के साथ-साथ सतपुड़ा पॉलीटेक्निक कॉलेज प्राचार्य मितेश शुक्ला, सतपुड़ा डी.एड./बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य देवेन्द्र रहांगडाले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं प्राचार्या पूर्णिमा देशमुख, उप प्राचार्य के. के. विस्करकर का विशेष सहयोग

खेलपरिसर में हुई कक्षा 12वी के बच्चों की बिदाई, उपहार देकर किया सम्मान

बैहर(पद्मेश न्यूज)। जनजातीय कार्य विभाग के अन्तर्गत जिले के आदिवासी खिलाड़ी छात्रों के खेल प्रशिक्षण की एक मात्र संस्था शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर बैहर में कक्षा बारहवीं के छात्रों की बिदाई समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ, उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ संवेदिता कुमरे, कार्यक्रम अध्यक्ष नरसिंह उइके पालक समिति अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार जनार्दन खरे एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के शिक्षक स्टॉफ एवं पालकों की उपस्थिति में कक्षा बारहवीं के पांच छात्र प्रकाश मेरावी, यमराज मेरावी, विजय धुर्वे, महेंद्र मरकाम एवं भजन कुर्राम को बिदाई दी गई। खेलपरिसर के अधीक्षक व्ही सी ठाकरे ने बताया कि बिदा हो रहे ये छात्र कक्षा छटवीं से संस्था में प्रवेश लिए थे एवं विभिन्न शालेय राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर मैडल अर्जित किया एवं अब बिदा हो रहे है, इस अवसर पर सभी जूनियर छात्रों द्वारा इन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत हिर्री विकासखण्ड किरनापुर तहसील किरनापुर जिला बालाघाट (म.प्र.)

बाजार नीलामी सूचना 2024-25

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत हिर्री के अंतर्गत लगने वाले साप्ताहिक बैठकी,मवेशी बाजार तथा साप्ताहिक दोपहिया,चार पहिया वाहन स्टेण्ड बाजार हिर्री की नीलामी वर्ष 2024-25(1 अप्रैल2024 से 31 मार्च 2025 तक)एक वर्ष के लिए पंचायत राज अधिनियम(फीस संग्रहण का पट्टा)1995 नियम एवं नीलामी शर्तों के अध्याधीन रहते हुए दिनांक 07/02/2024 दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय हिर्री के सभाकक्ष मे की जावेगी।अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि मे बाजार नीलामी नही होने पर दिनांक 12/02/2024 दिन सोमवार तथा दिनांक 14/02/2024 दिन बुधवार को निर्धारित समय पर नीलामी की जावेगी।

टीप-नीलामी कार्यवाही से संबंधित सभी नियम व शर्तें कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

श्रीमति विनीता पाराशर सरपंच	राजेन्द्र बाहे उपसरपंच
बबलू मेश्राम ग्राम रोजगार सहायक	श्रीमति रामेश्वरी देशमुख सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत हिर्री

कॉलेज चलों अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया गया जागरूक, हितकारी योजनाओं की दी जानकारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार 31 जनवरी 2024 तक सत्र 2024-25 की ई- प्रवेश प्रक्रिया के पूर्व कॉलेज चलो अभियान के अन्तर्गत शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट द्वारा विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सम्पर्क कर जानकारी प्रदान की जा रही है। अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में छात्र छात्राओं को प्रेरित कर उच्च शिक्षा अर्जित करने के लिये महाविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करने संबंधी जानकारी के साथ ही महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम तथा मप्र शासन द्वारा छात्र हित में संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, छात्रा आवास सहायता योजना, मुफ्त स्टेशनरी एवं पुस्तक, मुख्यमंत्री मेधावी योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना, अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिये केन्द्र सरकार की छात्रवृत्ति योजना, सेंट्रल सेक्टर योजना, दिव्यांग विद्यार्थियों को योजना आदि से अवगत कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जैसे जूड़ो कराते, खेल-कूद, एनएसएस, एनसीसी, स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन, रोजगार प्रशिक्षण एवं कार्यशाला रोजगार अवसरों की जानकारी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी जानकारी से विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों को अवगत कराया गया। विद्यालयीन छात्र छात्राओं को एनईपी के प्रावधानों विशेषताओं एवं विषय चयन संबंधी जानकारी प्रदान की गई। छात्र छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया, पंजीयन एवं च्वाईसफिलिंग तथा महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया से अवगत कराय गया। कॉलेज चलो अभियान संबंधी समस्त जानकारी विद्यालयों के सूचना पटल एवं छात्र छात्राओं के वॉटस्अप ग्रुप में प्रेषित की गई। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अन्तर्गत शासकीय एम.एल.बी. स्कूल बालाघाट, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन उमावि बालाघाट, अरबन उमावि बालाघाट, नवीन बोर्ड उमावि बालाघाट आदि विद्यालयों में जानकारी प्रदान की गई। कॉलेज चलो अभियान 2024-25 के कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक विजय तुरकर एवं डॉ. सीमा वासनिक द्वारा किया गया। सफल संचालन में श्रीमती सीमा मिश्रा, डॉ. सरोज एस चोडेश्वर, डॉ. अनुभूति सेण्डीमन, डॉ. स्वाति खोब्रागड़े, डॉ. अरूण बोरकर, डॉ. प्रदीप पटेल, जीवन मसराम, डॉ. करन सिंह सैनी, सचिन्द्र पटलिया आदि प्राध्यापकों एवं समस्त स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

बीती रात टीवीएस एजेंसी में चोरी का प्रयास

अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर फोड़ी कांच, सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहा आरोपी, एजेंसी संचालक ने कोतवाली पुलिस से की शिकायत

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे जिले में उचित कानून व्यवस्था और मुस्तैद प्रशासन होने का दावा किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर नगर सहित पूरे जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। जिस पर अंकुश लगाना पुलिस प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। जहा चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें ना तो पुलिस का डर है और ना ही कानून की परवाह। जो बेखौफ होकर आए दिनों चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जिले में लगातार बढ़ते जा रहे चोरी के इन मामलों के चलते जिले का क्राइम ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। इसी बीच बीती रात नगर के वार्ड नं 32 स्थित सतपुड़ा टीवीएस एजेंसी में किन्हीं अज्ञात चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया।जिनकी काली करतूत एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है वही एजेंसी संचालक द्वारा इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई गई है ।

पहले शटर के तोड़े ताले ,फिर कुल्हाड़ी से कांच फोड़कर एजेंसी में किया प्रवेश

बताया जा रहा है कि सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात लगभग सवा से डेड़ बजे के बीच अज्ञात चोर सतपुड़ा टीवीएस एजेंसी पहुंचे ।जहां एक अज्ञात चोर ने शटर में लगे दो-तीन ताले तोड़े और एजेंसी के भीतर घुसने का प्रयास किया। लेकिन एजेंसी में कांच लगा होने के चलते वे एजेंसी के भीतर प्रवेश नही कर पाए।जिसके चलते उक्त अज्ञात चोर ने शटर के अंदर लगे कांच को कुल्हाड़ी से फोड़कर एजेंसी के अंदर प्रवेश किया। और चोरी का प्रयास करता रहा ।चूंकि एजेंसी में कैश नहीं था ।जिसके चलते उक्त चोर को एंजेसी से खाली हाथ बैरंग लौटना पड़ा। चोर की यह सभी करतूत एजेंसी के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जहां उक्त अज्ञात चोर को एजेंसी के भीतर प्रवेश करते और काउंटर खखोलते साफ देखा जा सकता है। इसकी शिकायत एजेंसी संचालक द्वारा कोतवाली पुलिस से की गई है।

पहले बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़े,फिर एंजेसी में किया प्रवेश

सतपुड़ा टीवीएस एजेंसी में चोरी के इस प्रयास की घटना में अज्ञात चोर शातिर नजर आ रहा है । उसे इस बात का अंदाजा था कि एजेंसी में लगे कैमरे में उसका कृत्य रिकॉर्ड हो सकता है। इसीलिए उक्त अज्ञात चोर ने सबसे पहले एजेंसी पहुंचकर एजेंसी के बाहरी पोर्च में लगे सीसीटीवी कैमरो पर हमला कर उसे तोड़ दिया और उसके बाद शटर का ताला तोड़ा फिर कुल्हाड़ी से एजेंसी का कांच फोड़ने के बाद एजेंसी के भीतर प्रवेश किया।हालांकि एजेंसी के काउंटर में कैश ना होने के चलते वह चोर कुछ चुरा नही सका लेकिन जिस तरह से सीसीटीवी में कैद तस्वीरों में वह टेबल के काउंटर का एक-एक ड्राज को खोलकर देख रहा है, उससे लगता है कि चोर, कोई जानकार या फिर रैकी करने वाला है। जब रोजाना की तरह अगले दिन मंगलवार को कर्मचारी एजेंसी पहुंचे तब उन्हें शटर के ताले टूटे हुए दिखाई दिए वहीं भीतर झांकने पर कांच टूटा हुआ पाया गया जहां अंदर काउंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर उन्हें चोर की यहां काली करतूत नजर आई।

पुलिस की असफलता का चोर उठा रहे फायदा

कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर पुलिस रोक नहीं लगा पा रही है। वहीं चोरी को रोकने के लिए संचालित किए जा रहे सुरक्षा के इंतजाम भी नाकाफी साबित हो रहे है। पुलिस की असफलता का चोर बार बार फायदा उठा रहे है। मंगलवार की सुबह चोरी के प्रयास की जानकारी लगने पर सम्बंधितो द्वारा कोतवाली पुलिस से मामले की शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरु कर दी है ।आपको बताएं कि इसके पूर्व भी नगर में कई जगह चोरी की बड़ी वारदात हुई थी जिसके आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस अब तक नाकाम रही है। शायद यही वजह है कि अज्ञात चोरों द्वारा इस तरह के कृत्य को अंजाम दिया जा रहा है।

पहले रेकी की है, फिर चोरी का प्रयास -हिमांशु यादव

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान सतपुड़ा टीवीएस एजेंसी संचालक हिमांशु यादव ने बताया कि बीती रात कुछ चोर एजेंसी में चोरी करने के लिए आए थे। उन्होंने एजेंसी का शटर तोड़कर, और कुल्हाड़ी से कांच फोड़कर एजेंसी के भीतर प्रवेश किया है। उनकी कुल्हाड़ी भी एजेंसी में पड़ी हुई है। सुबह जब स्टाफ एजेंसी पहुंचा तो उन्होंने मामले की मुझे जानकारी दी। जब मैं एजेंसी आया तो पुलिस आ चुकी थी। हमने पुलिस को लिखित में आवेदन देकर मामले की जांच करने कहा है। हमें ऐसा लगता है कि पहले रैकी की गई होगी उसके बाद चोरी का प्रयास किया गया होगा एजेंसी में कैश नहीं था इसीलिए कुछ भी चोरी नहीं हुआ है पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

कराते प्रशिक्षकों को 1 वर्ष से नहीं मिला मनादेय

भुगतान के लिए 10 ब्लाकों के प्रशिक्षक हो रहे परेशान

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। स्कूली बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने के लिए भले ही शासन प्रशासन द्वारा जिले सहित सभी ब्लॉक स्तरों में कराते के प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर बालिकाओं को कराते का प्रशिक्षण देने का कार्य कराया जा रहा हो। लेकिन जो प्रशिक्षक इन बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखा रहे हैं उन्हें पिछले 1 वर्षों से मानदेय नहीं दिया गया है जहां मानदेय की मांग को लेकर प्रशिक्षक काफी परेशान है। भुगतान न होने के चलते प्रशिक्षकों को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जहां बार-बार आवेदन निवेदन करने पर भी मांग पूरी न होने पर अब कराते प्रशिक्षक एक वर्ष के भुगतान के लिए शासकीय कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर है बावजूद इसके भी उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस पर अपनी नाराजगी जताते हुए मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कराते प्रशिक्षकों ने ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल लंबित मानदेय का भुगतान कराए जाने की मांग की है।

72 स्कूल के प्रशिक्षकों का मानदेय नहीं दिया-शुभम

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान प्रशिक्षक शुभम नागेश्वर ने बताया कि वे अकेल नहीं है बल्कि जिले में कई और प्रशिक्षक है, जिन्होने अपराजिता कार्यक्रम में विकासखंड स्तर पर बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया, लेकिन उनका भुगतान अब तक उन्हें नहीं मिला है ।जिसके कारण उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मानदेय मांगने पर बताया जाता है कि केवल 3-4 स्कूलो की ही राशि आई है। बाकी राशि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा नहीं दी गई है इस सत्र में नए स्कूल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्य के लिए राशि आई है जबकि पिछले वर्ष जिन स्कूलो में प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया, उसमें केवल एक से दो ही स्कूलो में मानदेय की राशि पहुंची है। ऐसे में हमारी मांग है कि नए सत्र में बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए नए स्कूलो की राशि का समायोजन कर प्रशिक्षकों को उनका लंबित मानदेय दिलाया जाए।उन्होंने बताया कि जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र तथा विकासखड स्त्रोत समन्वयक कटंगी, वारासिवनी, लालबर्रा, परसवाड़ा बालाघाट एवं स्कूल प्रधानाचार्यों द्वारा आज दिनांक तक प्रशिक्षकों को 72 स्कूल के प्रशिक्षण का मानदेय नहीं दिया है जिससे हम काफी परेशान है।

संबल कार्ड योजना का नहीं मिला लाभ

मुआवजे की मांग को लेकर पीड़ित परिवार शासकीय कार्यालय के काट रहा चक्कर

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। आकस्मिक मृत्यु, सम्बल कार्ड सहित तमाम तरह की योजनाएं होने के बावजूद भी कई बार हितग्राहियों को उन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता और योजनाओं के लाभ लेने के लिए वे शासकीय कार्यालय के चक्कर काटते नजर आते हैं। बावजूद इसके भी उन्हें कहीं से राहत नहीं मिल पाती। एक ऐसा ही मामला तहसील परसवाड़ा के ग्रामडोंगरिया से सामने आया है। जहां संभल कार्ड धारी पत्नी की मौत होने पर उसका पति सहित परिवार के सभी सदस्य योजना का लाभ देने की मांग को लेकर लगभग 2 माह से शासकीय कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर है। जहां ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत और वहां से जिला पंचायत ,कोटवार से लेकर तहसीलदार एसडीएम और वहां से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक में कई बार ज्ञापन सौपने पर भी उनके मुआवजे की मांग पूरी नहीं की जा रही है ।जिसके चलते मृतिका के पति सहित पीड़ित परिवार के अन्य लोग मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पत्नी की मृत्यु होने पर संभल कार्ड योजना के तहत मुआवजा दिए जाने की मांग की।

संबल कार्ड योजना का नहीं मिला लाभ- फेदूसिंह

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान तहसील परसवाड़ा ग्राम डोंगरिया निवासी फेदूसिंह नेति ने बताया कि उनकी पत्नी हरकन्ताबाई नेति संबल कार्ड धारी थी जिनके नाम से संबल कार्ड जारी किया गया था। जिनकी मृत्यु 10 नवंबर 2023 में हो चुकी है। मृत्यु के बाद उन्होंने ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर संबल कार्ड योजना के तहत उन्हें मुआवजा दिए जाने की मांग की। आवेदन जमा कर लिया गया और उसकी प्रक्रिया पूरी होने की बात कही गई। लेकिन अब पंचायत द्वारा यह कहकर उन्हें वापस किया जा रहा है कि उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा, कहते हैं कि पत्नी के संबल कार्ड में पति का नाम नहीं जुड़ा हुआ है।जिसके चलते वह इस योजना का लाभ नहीं ले सकते।अपनी इसी मांग को लेकर वे सरकारी कार्यालयो के चक्कर काटने मजबूर है।बावजूद इसके भी उन्हें योजना के तहत मुआवजा की राशि नहीं मिल पा रही है। पीड़ित पति के अनुसार उनके पास संबल कार्ड भी है फिर भी पत्नी की मौत होने पर उन्हें संबल कार्ड योजना का लाभ नहीं दिया गया और घटना दिनांक से लेकर आज तक मुआवजे की रकम नहीं दी गई है। जिसके चलते वे आज एक बार फिर कलेक्टर कार्यालय में मुआवजे की गुहार लगाने आए हैं।

वरिष्ठ को छोड़ कनिष्ठ पर मेहरबान हुआ शिक्षा विभाग

प्राचार्य के व्यवहार से शिक्षको में नाराजगी, कार्यप्रणाली पर जताया संदेह

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। शास. उ.मा. विद्यालय भरवेली में नियमों को ताक में रख अनदेखी किए जाने का एक मामला सामने आया है। जिसमें राज्य कर्मचारी संघ ने शिक्षा विभाग पर, वरिष्ठों को छोड़कर कनिष्ठ पर मेहरबान होने का आरोप लगाया है। जिन्होंने इस अनियमितता की जांच कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरवेली के प्राचार्य का प्रभार कनिष्ठ प्राचार्य से वापस लेकर वरिष्ठ प्राचार्य को दिए जाने की मांग की है। जहा राज्य कर्मचारी संघ वरिष्ठो की अनदेखी कर कनिष्ठ को प्राचार्य के साथ ही वित्तिय प्रभार दिए जाने की शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं होने से मिलीभगत का संदेह जाहिर करते हुए मांग पूरी न होने पर प्रांतीय अधिवेशन में मुद्दा उठाकर ठोस रणनीति बनाई जाने की चेतावनी दी है।

बे वजह परेशान करते है प्राचार्य- सरकार

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरवेली की शिक्षिका श्रीमती सोना सरकार ने प्राचार्य पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए बताया कि आदिवासी विकास विभाग से प्रतिनियुक्ति पर आए डी.पी. गौतम, स्कूल शिक्षा विभाग के नियमानुसार वरिष्ठता में कम होने के बावजूद उन्हें शाला के वरिष्ठ शिक्षकों की अनदेखी कर प्राचार्य का पदभार दे दिया गया। वहीं संकुल में अन्य नियमित प्राचार्यों के होने के बावजूद डीडी प्रभार भी दे दिया गया। जिस पर भी हमें आपत्ति नहीं थी लेकिन इसके बाद प्राचार्य श्री गौतम का व्यवहार, शाला के शिक्षकों के प्रति बिलकुल बदल गया है। उन्होंने बताया कि एक दिन मैं स्कूल में कक्षा 12 वीं की क्लास ले रही थी, उसी दौरान मुझे प्राचार्य ने फोन लगाया कि आप क्लास नहीं ले रही है, जबकि वह अन्य क्लास से मुझे फोन कर रहे थे। इसके अलावा और भी कई बार उनका व्यवहार, साथी शिक्षकों के साथ सही नहीं है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठो की अनदेखी कर कनिष्ठ को प्रभार दिए जाने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन किया था लेकिन जिला शिक्षा कार्यालय ने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद हमने राज्य कर्मचारी संघ को शिकायत की थी। चूंकि वरिष्ठ को प्रभार मिलना था लेकिन हमने कोई आपत्ति नहीं ली। लेकिन छुट्टी सहित अन्य विषयों को लेकर उनका व्यवहार उचित ना होने के कारण हम चाहते है कि और भी सीनियर शिक्षक है, उन्हें प्रभार दिया जाए ।और इन्हें प्राचार्य पद से हटाया जाए।

तो ठोस रणनीति बनाई जाएगी- बिसेन

वही इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरानराज्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अशोक बिसेन ने बताया कि भरवेली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सीनियर शिक्षकों द्वारा शिकायत मिली थी कि यहां वरिष्ठो की अनदेखी कर कनिष्ठ को प्राचार्य का पदभार दे दिया गया था। जिसमें हमने जिला शिक्षा अधिकारी से मौखिक चर्चा की थी, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद हमने लिखित रूप से शाला के वरिष्ठो को प्रभार देने की बात कही है, लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की है। जिसके बाद हमने 27 दिसंबर को कलेक्टर को पत्र लिखा है, लेकिन कोई जवाब नही मिला। यदि प्रशासन और जिला शिक्षा अधिकारी को लगता है कि गौतम वरिष्ठ है तो हमारे पत्र का जवाब दे, दे कि यह उचित है अन्यथा हमें तो लगता है कि वरिष्ठों की अनदेखी कर कनिष्ठ को प्रभार दिए जाने के मामले में मिलीभगत है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में राज्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक में इस मामले को रखा जाएगा। वही कार्यवाही न होने पर ठोस रणनीति बनाई जाएगी।

मामले में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा -उपाध्याय

वही इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में है, इस मामले में जल्द ही कोई निर्णय लिया जाएगा। मामले को हमने देख लिया है। हमें कोई दिक्कत नहीं है, जो भी नियमानुसार कार्यवाही होगी, वह की जाएगी। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा जो निर्णय होगा उससे सभी को अवगत कराया जाएगा।

2 निरीक्षक, 28 कार्यवाहक निरीक्षक और 2 उपनिरीक्षक को कार्य मुक्त कर उन्हें नवीन पद स्थापना हेतु दी गई रवानगी

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश अनुसार बालाघाट जिले से प्रदेश के अन्य जिलों में स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने तत्काल प्रभाव से बालाघाट जिले से कार्य मुक्त करने उन्हें नवीन पदस्थापना हेतु रवानगी दे दी गई। 30 जनवरी को पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ द्वारा जारी आदेश के तहत निरीक्षक जयपाल इनवाती को बालाघाट से जिला बैतूल, निरीक्षक दिनेश भंवर को बालाघाट से जिला अलीराजपुर, कार्यवाहक निरीक्षक रविशंकर कौशल को बालाघाट से जिला शिवपुरी, कार्यवाहक निरीक्षक सुनील बनोरिया को बालाघाट से जिला जिला दतिया, कार्यवाहक निरीक्षक तरुण सिंह भाटी बालाघाट से जिला इंदौर नगरी(नगरीय), कार्यवाहक निरीक्षक अमित सारस्वत बालाघाट से जिला उज्जैन, कार्यवाहक निरीक्षक विकास सिंह बालाघाट से जिला अनूपपुर, कार्यवाहक निरीक्षक राहुल सिंह राजपूत बालाघाट से जिला इंदौर(नगरीय), कार्यवाहक निरीक्षक इरेंद्र शर्मा बालाघाट से जिला ग्वालियर, कार्यवाहक निरीक्षक सुरेंद्र सिंह रघुवंशी बालाघाट से जिला इंदौर(नगरीय), कार्यवाहक निरीक्षक छत्रपाल सिंह तोमर बालाघाट से जिला भिंड ,कार्यवाहक निरीक्षक गौरव शर्मा बालाघाट से जिला दतिया, कार्यवाहक निरीक्षक अतुल त्रिपाठी बालाघाट से जिला रीवा, कार्यवाहक निरीक्षक महेश कुमार शर्मा बालाघाट से जिला ग्वालियर, कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास बालाघाट से जिला धार, कार्यवाहक निरीक्षक मनोज सेंधव बालाघाट से जिला इंदौर (नगरीय), कार्यवाहक निरीक्षक पवन कुमार शुक्ला बालाघाट से जिला सतना, कार्यवाहक निरीक्षक नरेंद्र स्वर्णकार बालाघाट से जिला भिंड, कार्यवाहक निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा बालाघाट से जिला राजगढ़, कार्यवाहक निरीक्षक अनिल रघुवंशी बालाघाट से जिला मंदसौर, कार्यवाहक निरीक्षक अतुल सिंह सोलंकी बालाघाट से जिला ग्वालियर ,कार्यवाहक निरीक्षक शिवकुमार रघुवंशी बालाघाट से जिला इंदौर(नगरीय), कार्यवाहक निरीक्षक अंबर सिंह सिकरवार बालाघाट से जिला दतिया और कार्यवाहक निरीक्षक राजकुमार यादव को जिला बालाघाट से जिला विदिशा ,कार्यवाहक निरीक्षक दिलराज कुमार तिवारी बालाघाट से जिला सागर कार्यवाहक निरीक्षक राजेश सिंह सिकरवार बालाघाट से जिला छतरपुर इनके अलावा उपनिरीक्षक यतेंद्र सिंह भदोरिया बालाघाट से जिला दतिया और उपनिरीक्षक शीतीष पुगारिया बालाघाट से पीटीएस इंदौर के लिए यहां से कर मुक्त कर उन्हें रवानगी दे दी गई है। ज्ञात होगी इसके पूर्व 27 जनवरी के आदेश के तहत कार्यवाहक निरीक्षक रंजीतसिह रघुवंशी को बालाघाट से जिला शिवपुरी, कार्यवाहक उप निरीक्षक राधेश्याम दांगी को बालाघाट के विरुद्ध नीमच, कार्यवाहक निरीक्षक विजय सिंह बघेल को बालाघाट से जिला सतना तथा कार्यवाहक निरीक्षक जितेश शर्मा को बालाघाट से जिला शिवपुरी के लिए रवानगी दी जा चुकी है।

केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर का किया शैक्षणिक भ्रमण

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का परिचयात्मक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के कुल 114 छात्र-छात्राओं को रमन साइंस सेंटर नागपुर एवं ड्रैगन पैलेस कामठी का भ्रमण कराया गया। जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने तारामंडल की जानकारी एवं विज्ञान से संबंधित प्रोजेक्ट का अवलोकन कर विज्ञान विषय के अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारियाँ एकत्रित की। साथ ही कामठी स्थित जापानी वास्तुकला पर आधारित ड्रैगन पैलेस का भ्रमण कर परिसर के शांत वातावरण का लुफ्त भी उठाया। भ्रमण के दौरान संजय डोंगरे, प्रदीप कौशले, श्रावण बोदेले, श्रीमती अर्चना कावड़े, श्रीमती अंजलि तरूने एवं सुश्री श्रुति अग्रवाल उपस्थित रहे।

चिकन की सब्जी नहीं बनाने पर पति ने पत्नी से की मारपीट

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। चिकन की सब्जी नहीं बनाने के विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने पत्नी को हाथ बुक्के और चूल्हे की फुकनी से सिर में मार कर घायल कर दिया। यह घटना ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बगदरा में हुई ।पति द्वारा की गई मारपीट में घायल महिला श्रीमती रीना पति अनिल मोहारे 28 वर्ष का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया वहीं ग्रामीण पुलिस ने उसके पति अनिल मोहारे के विरुद्ध पत्नि रीना को मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीना मोहारे अपने पति अनिल मोहारे के साथ खेती मजदूरी करती है। यह भी बताया गया कि अनिल मोहारे शराब पीने का आदी है। 29 जनवरी की शाम 4:00 बजे करीब रीना मोहारे अपने घर में घरेलू काम में व्यस्त थी। उसी समय उसके पति अनिल मोहारे ने चिकन लाया और पत्नि रीना मोहारे से चिकन की सब्जी बनाने के लिए बोला था। रीना ने बोली की अभी मैं घर में कुछ काम कर लेती हूं। फिर बना दूंगी। रीना के यह कहते ही अनिल भड़क गया और गुस्से में आकर वह रीना को अश्लील गालियां देने लगा, पत्नि रीना को मेरी बात नहीं मानती कहकर हाथ बुक्को से मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फुकनी से सिर में मारकर घायल कर दिया। बीच बचाव के बाद रीना मोहारे रिपोर्ट करने के लिए ग्रामीण थाना पहुंची। ग्रामीण पुलिस ने घायल रीना मोहारे का इलाज मुलाहिजा जिला अस्पताल में करवाया और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति अनिल पिता अशोक मोहारे 28 वर्ष के विरुद्ध धारा 294 323 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

यातायात पुलिस की चालानी कार्रवाई से बचने

जान जोखिम में डालकर मोटरसाइकिल निकालते हैं युवक

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। यातायात पुलिस की चालानी कार्रवाई से बचने के लिए जान जोखिम में डालकर मोटरसाइकिल निकालते है मोटरसाइकिल सवार युवक यह नजारा आपको वारासिवनी रोड पर स्थित बंजारी मंदिर के पास आसानी से देखने मिल जाता है जहां पर वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चालक महज चालानी कार्रवाई से बचने के लिए है। मोटरसाइकिल को रोड किनारे खाई से उतार कर निकलते नजर आए। 30 जनवरी को यातायात पुलिस द्वारा वारासिवनी रोड पर स्थित बंजारी मंदिर चौक में वाहन चेकिंग लगाई गई थी। वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट न पहनने वाले युवक अपनी मोटरसाइकिल को बंजारी मंदिर के पास स्थित खाई गहरी नाला में डालकर डोंगरिया तरफ जाते दिखाई दिए वहीं पर डोंगरिया स्थित मंगलम पेट्रोल पंप के पास से सूखे तालाब से मोटरसाइकिल निकालते हुए डोंगरिया टोला से पहाड़ी किनारे होते हुए बंजारी मंदिर के पास खाई से मोटरसाइकिल ऊपर रोड पर चढ़ाते नजर आए। यह मार्ग दुर्घटना संभावित क्षेत्र में आता है। बंजारी मंदिर के पास घाट में बढ़ती सड़क दुर्घटना को देखते हुए पूर्व में यातायात पुलिस द्वारा स्टॉप भी लगाए गए थे किंतु अभी स्टॉप पर नजर नहीं आ रहे हैं। ग्राम डोंगरिया के आसपास शिक्षण संस्थाएं संचालित है। इन शिक्षण संस्थानों में बालाघाट वारासिवनी के छात्र मोटरसाइकिल से आते जाते रहते हैं। बालाघाट से जाने वाले छात्र जान जोखिम में डालकर मोटरसाइकिल निकालते है। पूर्व में भी कई दुर्घटना हो चुकी है पिछले कुछ दिनों पहले वाहन चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार युवक स्कूटी को खाई से निकलते समय चोटिल हो गए जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया गया किंतु उन्होंने स्वयं को गिरना बताया ऐसे कई बहुत सी घटना हुई है। जो वाहन चेकिंग से बचने के लिए मोटरसाइकिल चालक जान जोखिम में डालकर मोटरसाइकिल निकाल रहे हैं। कभी यातायात पुलिस की हेलमेट की चालानी कार्रवाई से बचकर रोड किनारे खाई से मोटरसाइकिल निकालना एक जानलेवा साबित हो सकता है ।

कल्हरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी को विधायक अनुभा मुंजारे ने भेंट की चुनरी

धार्मिक स्थलों में की गई पूजा अर्चना, भंडारा का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ९ किमी. दूर ग्राम पंचायत रानीकुठार स्थित पहाड़ी पर प्राचीन व पर्यटक स्थल कल्हरगढ़ है जो पुरातत्व स्थल के लिए भी जाना जाता है। कल्हरगढ़ के माँ बम्लेश्वरी मंदिर में ३० जनवरी को बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा माता के दरबार में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर चुनरी भेंट की गई और क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे अपने समर्थक एवं ग्रामीणजनों के साथ माँ बम्लेश्वरी मंदिर, बोम्लई देवी के साथ-साथ प्राचीन बावली, प्राचीन तालाब, सीता नहरेरी, पुरातत्व भित्ति चित्र वाली मूर्तिया, आल्हा ऊदल के अवशेष व बाजार स्थल, पहाड़ के नीचे दबा हुआ प्राचीन किला के अवशेष, प्राचीन चंदेल वंश के राजाओं के समय की शिलालेख, गणेश मूर्ति, चट्टानों का पुराना पलंग व बैठक स्थल अवशेष इत्यादि दर्शनीय स्थल पहुंची और पुरातनकाल से निर्मित बावली सहित अन्य मूर्तियों को नजदीक से देखा एवं प्राकृतिक मनोदृश्य का लुप्त उठाये। आपकों बता दे कि घने जंगलों के अंदर ऊंची पहाड़ियों पर स्थित कल्हरगढ़ के वन्य क्षेल की प्रसिध्दि लंबे समय से आल्हा-उदल की रण कितवर्तिया बल लोगों के मानस पट पर आज भी विद्यमान है और ऊंची-ऊंची पहाड़ियों से ढके कल्हरगढ़ क्षेल का प्राकृतिक सौंदर्य ना सिर्फ देखने लायक है बल्कि जगह-जगह पुरातनकाल की पाषाण प्रतिमाओं के रूप में आल्हा-उदल की लड़ाईयों के चित्र भी विद्यमान है। साथ ही एक ओर पहाड़ी के शीर्ष पर स्थित माता रानी बोम्लई देवी (माँ बम्लेश्वरी) का मंदिर है तो दूसरी ओर पहाड़ी पर आल्हा-उदल का दरबार है और इस क्षेल में प्राचीन बावली, प्राचीन तालाब, सीता नहेरनी, पुरातत्व भित्ति चित्र वाली मूर्तिया, आल्हा ऊदल के अवशेष व बाजार स्थल, पहाड़ के नीचे दबा हुआ प्राचीन किला के अवशेष, प्राचीन चंदेल वंश के राजाओं के समय की शिलालेख, गणेश मूर्ति, चट्टानों का पुराना पलंग व भगवान हनुमान सहित अन्य दर्शनीय स्थल है। जो एक पर्यटक स्थल बन सकता है परन्तु पुरातत्व विभाग एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है जिसके कारण यह क्षेल पर्यटक स्थल नही बन पाया है। वहीं ग्रामीण एवं श्रध्दालुओं ने विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे से कल्हरगढ़ का उत्थान कर पर्यटक स्थल बनाने की मांग की है। इस अवसर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, जिला सचिव बालकृष्ण बिसेन, श्रीमती ज्ञानेश्वर गाड़ेश्वर, कांग्रेस कमेटी महिला मोर्चा पदाधिकारी श्रीमती लक्ष्मी वाघाड़े, बिरसोला पूर्व सरपंच संदेश सैय्याम, शैलेष केकती, पप्पू चांवला, भूपेन्द्र कुमरे, प्रभारी सचिव कृष्णा पंचेश्वर, रानीकुठार सचिव केशव महोबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खेल, विभागीय, सामाजिक गतिविधि के लिए सम्मानित हुए ब्लाक समन्वयक लव नगपुरे

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जिला प्रशासन के द्वारा २६ जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. गिरीशकुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के द्वारा जिला खेल विभाग के ब्लॉक समन्वयक लालबर्रा लव नगपुरे को खेल एव विभागीय, सामाजिक गतिविधि के प्रसार प्रचार, आयोजन एवं कार्यक्रम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। खेल विभाग के ब्लाक समन्वयक लव (पटेल) नगपुरे के द्वारा विकासखंड लालबर्रा बालाघाट में विभागीय गतिविधि के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा में खेलों इंडिया योजना का लालबर्रा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में प्रसार प्रचार किया गया है। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन, खेल किट, सामग्री का वितरण, खेल क्लबों का गठन कर उन्हे प्रशिक्षण आदि देने के साथ ही विभाग की योजना में युवाओं की भागीदारी, युवा उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मां तुझे प्रणाम योजना, मुख्यमंत्री कप, विधायक कप खेलों इंडिया, खेलों एमपी युथ गेम, ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हे आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं स्वीप प्लान के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान, रैली, नुक्कड़ सभा, जनजागरूकता अभियान के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न योजना एवं खेलों की जानकारी, प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत, खेल क्लबों तक पहुंचने का उत्कृष्ट कार्य किया गया इसलिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री नगपुरे का सम्मान किया गया। श्री नगपुरे का खेल, विभागीय, सामाजिक गतिविधि के लिए सम्मानित होने पर केदार ठाकरे, अजय बैस, दीपक अवचट, सचिन कुटी, अनिकेत कटरे, सुनीता सिध्दीकी, प्रज्ञात वासनिक, खेमलाल वरकड़े, दिव्या सुलाखे, रीना रत्नेरे, ऋतु, सन्तोष पारधी, विजेंद्र उईके, भीमराज ठाकरे, रविशंकर उईके,जय ठाकरे एवं गौरव के द्वारा शुभकामनाएं दी गई है।

लेण्डेझरी (मच्छुटोला) में श्री राधेकृष्ण वार्षिक उत्सव कल

बेहरई/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लेण्डेझरी तुलसीधाम के मच्छुटोला स्थित सार्वजनिक श्री राधेकृष्ण मंदिर में सार्वजनिक श्री राधेकृष्ण वार्षिक उत्सव समिति के तत्वाधान में १ फरवरी को प्रात: ८ बजे से राधे-कृष्ण वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए सार्वजनिक श्री राधे-कृष्ण मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत लेंडेझरी तुलसीधाम के मच्छुटोला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक श्री राधेकृष्ण मंदिर में वार्षिक उत्सव १ फरवरी को धुमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें प्रात: ८ बजे कलशों की शोभायाला निकाली जायेगी, प्रात: ९ बजे से मंदिर में मूर्ति पंचम जल अभिषेक, प्रातः १० बजे से पंडित व्यंकटेश द्विवेदी के द्वारा पूजा-अर्चना एवं हवनपूजन संपन्न करवाया जायेगा, प्रात: ११ बजे से श्री विठुल रूखमणी सिध्दपीठ गोपाल आश्रम जागपुर महाराज श्री श्याम साधक जी के द्वारा दहीकाला गायन किया जायेगा। आगे बताया कि शाम ५.३० बजे महाआरती कर भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा एवं रात ८ बजे से अतिथियों का आभार व्यक्त एवं हास्य कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सार्वजनिक श्री राधेकृष्ण वार्षिक उत्सव समिति, श्री राधिका महिला मंडल समिति तुलसीग्राम मच्छुटोला लेण्डेझरी के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

पांढरवानी पंचायत में महात्मा गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी में ३० जनवरी को महात्मा गांधी की ७६ वीं पुण्यतिथि मनाई गई। यह पुण्यतिथि कार्यक्रम ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान, पंच सहित पंचायतकर्मियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात दो मिनट का मौन धारण कर श्रध्दांजली अर्पित कर गांधी जी को याद किया और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवनगाथाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश और दुनिया को अहिंसा के रास्ते में चलना सीखाने वाले महात्मा गांधी जी की आज पुण्यतिथि है, उन्होने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजी हुकुमत से आजादी दिलवाई है ऐसे महापुरूष थे गांधी जी इसलिए हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलकर देशहित में काम करना होगा तभी उन्हें सच्ची श्रध्दांजली अर्पित होगी। पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि ३० जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ७६ वीं पुण्य तिथि मनाई गई है। इस अवसर पर पंचायत भवन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद कर उन्हे श्रध्दांजली अर्पित की गई। साथ ही यह भी बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलवाई है ऐसे महापुरूष के बताये मार्ग चलकर देशहित में सभी को कामना करना चाहिए। इस अवसर पर पंचायत समन्वयक योगेन्द्र सोनेकर, उपसरपंच राकेश अग्रवाल, नारिरउल्ला, प्रभारी सचिव कृष्णा पंचेश्वर, शकील कुरैशी, उषा यादव, अंकित पंचेश्वर, पंच अप्पू कुमरे, इमरान रंगरेज, राजा गुप्ता, झामसिंह राणा, मूलचंद बिसेन, संजय घाटे सहित अन्य उपस्थित रहे।

आम आदमी पार्टी कार्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के बालाघाट रोड़ स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में २६ जनवरी को गणतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: १० बजे आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा माँ सरस्वती, महात्मा गांधी, डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। जिसके बाद पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भोलाराम सरिटे के द्वारा तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने सभी को गणतंत्र दिवस की ७५ वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी लोकसभा प्रमुख शिव जायसवाल, लोकसभा उपाध्यक्ष रामचंद सिहोरे, जिला

अस्पताल में कुष्ठ रोग मुक्ति का दिलवाया गया संकल्प

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग मुक्त भारत अभियान के तहत ३० जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थितजनों को कुष्ठ रोग से मुक्ति का संकल्प दिलवाया गया। यह कार्यक्रम बीएमओ डॉ. एन इंडोलिया की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर श्रध्दांजली अर्पित की। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. एन इंडोलिया के द्वारा उपस्थितजनों को कुष्ठ रोग कैसे होते है, कुष्ठ रोग को आसानी से पहचानने एवं समाज में कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रम-भ्रांतियों को दूर कैसे करें सहित अन्य जानकारियां दी गई। जिसके बाद जिले को कुष्ठ रोग से मुक्ति बनाने का संकल्प दिलवाया गया। एनएमए जेके पंचेश्वर के द्वारा कुष्ठ रोग के सामान्य लक्षण, उपचार आदि की जानकारी देते हुए कहा कि कुष्ठ रोग एक सामान्य रोग है जो कि नियमित औषधी के सेवन से ठीक हो जाता है। इस अवसर पर एनएमए जेके पंचेश्वर, बीपीएम भुवनेश बोपचे, डॉ. धनेन्द्र गोहिया, संतोष दुधमोगरा, सपना धुर्वे, शोभना भारद्वाज, अंकिता अग्रवाल, अहिल्या मेश्राम, ब्रजकुमार रनगिरे सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

चिचगांव हाई स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत चिचगांव स्थित शासकीय हाई स्कूल में गत दिवस गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर जबलपुर के सेवानिवृत्त प्राचार्य डीएस हनवत के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच गोंविदराम पटले की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियो के द्वारा माँ सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात स्कूल प्राचार्य अरूण गोयल के द्वारा तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण करने के बाद तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत, भाषण, नाटक एवं नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुती दी गई। वहीं २७ जनवरी को सरस्वती शिशु मंदिर जबलपुर के सेवानिवृत्त प्राचार्य डीएस हनवत के द्वारा स्कूल में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को परीक्षा के २० सूत्रों को बताने के साथ ही १० दिनों में पढ़ने की कला, परीक्षा केन्द्र में पहुंचने से लेकर प्रश्नपत्र को हल करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को बताया कि कैसे अपने ध्यान को केन्द्रित करना है, किस तरह इस समय का सद् उपयोग करना है, कई उदाहरण देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए सभी से अच्छी पढ़ाई कर अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य अरूण गोयल, शिक्षक अजय बोपचे, ललित ब्रम्हे, राजकुमार चावके, राकेश नगपुरे, बलिराम नागेश्वर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अस्पताल में मनाया गया कुष्ठ रोग निवारण दिवस

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। सरकारी अस्पताल कटंगी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि को कुष्ठ रोग निवारण दिवस के रुप में मनाया. इस अवसर पर सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना की गई और कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करने की शपथ ली गई. खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे के नेतृत्व पर आयोजन किया गया. जहां डॉ आलोक सूर्यवंशी, नेहरुलाल पारधी, जी.आर.भलावी, प्रीति तिवारी, यश देशमुख, पूर्णिमा बिसेन ने संकल्प पत्र का वाचन किया और कुष्ठ रोग के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियां को मिटाने की शपथ समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिलाई गई. इस मौके पर डॉ विशाखा मेश्राम, डॉ रजनी शुक्ला, डॉ प्रगति सोनी, स्वास्थ्य कर्मचारी महेंद्र टेम्भरे, पवन बिसेन, धर्मेंद्र लिल्हारे, निशांत राहंगडाले, जवाहर बिसेन, रीना ठाकरे, यशोमती ठाकरे, सचिन अग्रवाल, आईसीटीसी परामर्शदाता चंद्रदीप साहू और समस्त स्टाफ नर्स एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे. खंड चिकित्सा डॉ पंकज दुबे ने बताया कि बापू की पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक विकासखंड के तमाम उप स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से गांवों में चलाया जाएगा. इसके अंतर्गत एक संकल्प पत्र का वाचन होगा. जिसमें कुष्ठ रोग के प्रति समाज में फैली भ्रांति को मिटाने और कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति से भेदभाव ना करने के लिए शपथ दिलवाई जाएगी. इसके साथ ही पखवाड़े के दौरान अधिक से अधिक नए कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार संबंधी सरकारी सुविधाओं का लाभ मुहैया करवाया जाएगा. अभियान में सभी सुपरवाइजर, एएनएम, आशा सहयोगिनी, एमपीडब्ल्यू, पंचायतों के सचिव भी शामिल होंगे।

कार्यवाहक निरीक्षक विजय और गौरव को दी गई विदाई

एसडीओपी के प्रमुख उपस्थिति में विदाई कार्यक्रम हुआ संपन्न

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक विजयसिंह बघेल एवं गौरव शर्मा का गत दिवस कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्त होने के बाद लालबर्रा थाने से स्थानांतरण हो चुका है। जिन्हे ३० जनवरी को शाम ६ बजे थाने विदाई कार्यक्रम आयोजित कर दोनों कार्यवाहक निरीक्षक श्री शर्मा एवं श्री बघेल को विदाई दी गई। यह विदाई कार्यक्रम एसडीओपी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित पुलिसकर्मियों के द्वारा कार्यवाहक निरीक्षक विजयसिंह बघेल, गौरव शर्मा का तिलकवंदन, शाल, श्रीफल एवं अन्य उपहार भेंट कर नये थाने में पूरी ईमानदारी से कार्य करने की शुभकामनाएं देने के साथ ही विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आपकों बता दे कि लालबर्रा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक विजयसिंह बघेल ३ दिसंबर २०२१ को पदस्थ हुए थे जिन्होने ३ वर्ष एवं गौरव शर्मा ने भी लालबर्रा थाने में डेढ़ वर्ष तक उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दी है। वहीं पुलिस विभाग के द्वारा विगत दिवस उपनिरीक्षकों को पदोन्नत कर कार्यवाहक निरीक्षक बनाया गया है साथ ही उनका स्थानांतरण भी अन्य थानों में कर दिया गया है। जिसमें लालबर्रा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक विजयसिंह बघेल एवं गौरव शर्मा भी कार्यवाहक निरीक्षक बन चुके है और श्री बघेल का सतना एवं श्री शर्मा का दतिया जिला स्थानांतरण हुआ है। जिन्हे लालबर्रा थाने से रिलिव कर दिया गया है जो ३१ जनवरी को अपने स्थानांतरित जिले में अपनी आमद दे देगें। ३० जनवरी को थाने में विदाई कार्यक्रम आयोजित कर एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मियों के द्वारा कार्यवाहक निरीक्षक विजयसिंह बघेल एवं गौरव शर्मा को विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने कहा कि लालबर्रा थाने में तीन पुलिस अधिकारी बहुत अनुभवी है और जिसमें एक ग्वालियर, दुसरे रीवा से है जिनसे बहुत कुछ सीखने को मिला होगा। साथ ही यह भी कहा कि लालबर्रा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक श्री बघेल एवं श्री शर्मा पदोन्नत होकर कार्यवाहक निरीक्षक बनाकर अन्य जिले में अपनी सेवाएं देगें और इन दोनों का कार्य बहुत अच्छा रहा है जिनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते है। थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने कहा कि लालबर्रा थाने में पदस्थ दो उपनिरीक्षक एक साथ कार्यवाहक निरीक्षक बने है जिनका स्थानांतरण दुसरे जिले में किया गया है जो जहां भी पदस्थ होगें अपना काम पूरी निष्ठा के साथ करेगें और आधी रात को अगर कोई घटना के संबंध में काल आ जाये तो घटना स्थल पहुंचकर उसका तत्काल निराकरण करते है जिनका लालबर्रा थाने में बेहतर कार्य रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि पुलिस विभाग में रहते हुए सीखने को बहुत कुछ मिलता है। साथ की कुछ कठिनाईयां भी आती है परन्तु हम लोग उसका सामना करते हुए कार्य करते है और पुलिस विभाग की नौकरी में नौकरी के साथ ही अपने परिवार की भी जिम्मेदारी रहती है इसलिए दोनों को समान लेकर चलना चाहिए क्योंकि नौकरी के साथ ही परिवार को भी समय देना जरूरी है। इस अवसर पर पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

अतिक्रमण के नाम पर पेड़ों को उखाड़ फेंकने वालों पर कार्यवाही करने की मांग

पूर्व जनपद अध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झाड़गाव में पंचायत के द्वारा हटाए गए अतिक्रमण का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसमें कथित अतिक्रमणकर्ता के द्वारा ३० जनवरी २०२४ को जिला कलेक्टर, डीएफओ, एसडीएम ,तहसीलदार और वन विभाग के रेंजर सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर २९ जनवरी को बिना शासन की अनुमति के बगैर शिकायतकर्ता की भूमि स्वामी हक व कब्जे के तालाब की पार पर स्थित बांस के पेड़ ,इमारती लकड़ी के पेड़ सागौन, खमेर को जबरन जेसीबी मशीन से उनकी अनुपस्थिति में उखाड़ कर फेंकने का कार्य बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के किया गया है। यक्त मामले में जांच कर संबंधित लोगों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि २८ जनवरी को वह अपने ससुराल ग्राम भानपुर एवं जिला गोंदिया वैवाहिक कार्यक्रम में गए हुए थे । जिसमें २९ जनवरी की दोपहर १ बजे अनावेदकगण सरपंच भाग्यश्री पवन पति पवन चिखले, पवन पिता रूपलाल चिखले, अमरलाल निलकंठ नगपुरे, कोमल पिता चैनलाल मस्करे, दुर्गाप्रसाद उर्फ पिन्टू पिता चैनलाल मस्करे, दिनेश पिता रामप्रसाद चिखले, मिनेश पिता रामप्रसाद चिखले, देवीलाल पिता गोसनलाल नगपुरे, रूपेश पिता गोवर्धन चिखले, दुर्गाप्रसाद पिता सहजलाल लिल्हारे, सचिव रामेश्वर खोब्रागडे,पटवारी पूजा डाबर के द्वारा एक राय होकर जबरन जेसीबी मशीन से हमारे तालाब की पुश्तैनी पर पर लगभग १५ वर्षों से स्थित खड़े इमारती पेड़ सागौन के करीब २०० पेड़ ,खमेर के लगभग १०० पेड़ एवं बांस के ३०० पेड़ को उखाड़ कर फेंक दिया गया है। जबकि वारासिवनी न्यायालय में कलेक्टर बालाघाट के विरुद्ध व्यवहारवाद प्रस्तुत किया गया है जो विचाराधीन है जिसका अभी अंतिम निराकरण नहीं हुआ है। परंतु राजनीतिक वैमनस्यता के कारण कांग्रेस पार्टी का सरपंच होने का लाभ लेकर सभी एक राय होकर एकजुट होकर मेरी गैर हाजिरी में स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम झाड़गांव पटवारी हल्का नंबर ४६ की पुश्तैनी भूमि के तालाब पर बिना किसी अनुमति के पेड़ को क्षति पहुंचाई गई है तथा उसे नष्ट करने का भी प्रयास किया गया है। जिसको लेकर आपसे मांग है कि सभी अनावेदकगणों को तत्काल उक्त अपराध करने से रोका जावें एवं उनके विरुद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही की जायें।

वन विभाग के द्वारा लगायें गये पेड़ को काटा गया है- नत्थूलाल दमाहे

ग्राम पंचायत पंच नत्थूलाल दमाहे ने बताया कि यह जो अतिक्रमण हटाने के नाम पर इमारती लकड़ी व बांस के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया गया और काटा गया है यह गलत है। वन विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वन विभाग ने इसे लगाया था और कांटे हैं तो वन विभाग को इसे सुरक्षित करना चाहिए या काटने वाले को भी सुरक्षित करना चाहिए। क्योंकि हम एक पौधे को पेड़ बनाते हैं तो बहुत मेहनत लगती है । शासन वृक्षारोपण के लिए रुपये देती है और जो यह कृत्य हुआ है इससे हमारी भावना आहत हुई है पंचायत में २० पंच है किंतु हम १२ पंच एक तरफ है।



पुश्तैनी तालाब को राजनीतिक वैमनस्यता के चलते हटाया जा रहा है - चिंतामन नगपुरे

पूर्व जनपद अध्यक्ष चिंतामन नगपुरे ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि यह हमारा पुश्तैनी तालाब है १९७७ में मेरे पिता ने इसे खरीद कर नवीनीकरण किया था। कुछ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समय वृक्षारोपण के दौरान रेंजर ने २०१७ में २००० पौधे हमें दिए थे। जिसे वन विभाग ने लगवाया गया था उसे अतिक्रमण बताकर हटा दिया गया है ,जबकि हमारा एसडीएम एवं सिविल कोर्ट में प्रकरण जारी है। पंचायत के सरपंच,सरपंच पति और जनपद सदस्य और गांव के ५० लोगों के साथ मिलकर पेड़ काटे है जिन्हें रोककर आदेश मांगा गया तो उन्होंने कोई आदेश उपलब्ध नहीं कराया । जिसमें नायब तहसीलदार से चर्चा की है तो उन्होंने कोई लिखित आदेश नहीं देना बताया। फैसला जब भी हो परंतु जो ५०० पेड़ तालाब में धकेल दिए गए हैं एक वृक्ष काटने के लिए भी फॉरेस्ट परमिशन लगती है । परंतु यहां तानाशाही की गई है इसकी शिकायत हमने जिला कलेक्टर ,डीएफओ ,एसडीम सहित समस्त अधिकारियों से की है। श्री नगपुरे ने बताया कि वर्तमान विधायक विवेक पटेल यहां आकर खड़े रहे,पूर्व विधायक डॉ योगेंद्र निर्मल बैठे रहे । इन्होंने पेड़ अपने सामने तहस नहस करवाया बिना न्यायालय के आदेश के पूर्व उन्होंने कार्यवाही कैसे की यह मुझे समझ नहीं आ रहा है। वहीं वर्तमान एवं पूर्व विधायक ने पद का दुरुपयोग किया है २५ वर्ष से मैं राजनीति में हूं जनपद के विभिन्न पदों में रहा । आज तक ऐसा नहीं देखा कि नेता आकर लोगों को बढ़ावा देते हैं। मेरी पुस्तैनी करीब ६ एकड़ जमीन है रिकॉर्ड राजस्व में है अब अतिक्रमण रहा होगा तो इसकी जानकारी मुझे नहीं है। क्योंकि हमें हमारे पिता ने जहां तक बताया हम वहीं तक मान रहे हैं और यह जो भी हुआ है वह सभी राजनीतिक वैमनस्यता के चलते हुआ है हम चाहते हैं की भूमि चिन्हित हो।

इनका कहना है

उक्त अतिक्रमण वाला मामला हमारे संज्ञान में है जिसमें पेड़ काटने के विषय में आवेदन प्राप्त हुआ है उक्त संबंध में टीम गठित कर जांच करवाई जाएगी। यदि वृक्षो की कटाई जैसा कोई विषय आता है तो उसे तत्काल फॉरेस्ट विभाग को कार्यवाही के लिए आदेशित किया जायेगा।

सुश्री कामिनी ठाकुर
एसडीएम वारासिवनी

जो काम पेंडिंग है उसे जल्द पूरा करें

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद होने वाली समस्याओं से विधायक पटेल को अवगत कराया। वहीं ग्राम पंचायत बोटेझरी,लावनी,गुनई की पंचायत भवन की जर्जर बिल्डिंग बनवाने की मांग की गई। जिसमें विधायक पटेल ने जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जनपद पंचायत के उपयंत्री तरुण चौकसे,रामराज बारेवार,मनोज मेश्राम, प्रीति चीले,डिलेश्वरी बांगरे,प्रियंका नोन्हारकर, इरफान कुरैशी,खैरलाँजी सहायक उपयंत्री सुनील हिरकने सहित अधिकारी मौजूद रहें। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि अभी तक किसने क्या किया मुझे नही पता मगर अब जो भी काम पेंडिंग पड़े हुए है जल्द काम होना चाहियें। किसी भी लोगो से बेवजह पैसो की मांग ना करे,मैं आपको पूरा सहयोग करुंगा। ग्राम में काम करवाने पैसो की कमी नही होंगी हम भोपाल से लड़कर राशि लायेंगे और क्षेत्र में काम करेंगे। ग्राम के सभी लोगो को योजनाओं का लाभ मिले कोई भी योजना से वँचित ना रहें। कोई भी हीतग्राही भटके ना,मुझे शिकायत नही मिलनी चाहिए । अपने कार्य के प्रति ईमानदारी से रहें किसी के बहकावे में ना आयें। कोई भी जनप्रतिनिधि आता है उसका सम्मान करें। आप लोगो को फिल्ड में कोई दिक्कत हो तो आप मुझे अवगत करायें तत्काल समस्या का समाधान किया जायेगा।

विधायक ने मनरेगा योजनानर्ग पदस्थ उपयंत्री की ली बैठक

पंचायत के सभा कक्ष में विधायक विवेक पटेल की मौजूदगी में मनरेगा योजनान्तर्ग पदस्थ उपयंत्रियों की बैठक आयोजित की गई। वहीं जनपद पंचायत की सीईओ दीक्षा जैन ने विधायक पटेल का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस दौरान बैठक में विभाग के अधिकारियों ने अपने अपने ग्रामों के बारे में जानकारी दी । वहीं ग्राम में

बलवा के 8 आरोपी गिरफ्तार, 4 आरोपी गये उपजेल वारा

मामला गणतंत्र दिवस पर सुचित नेवारे से मारपीट का, पुलिस ने निकाला जुलुश

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में २६ जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुछ युवकों के द्वारा कोस्ते निवासी १९ वर्षीय सूचित पिता श्रीराम निवारे के साथ बेहरमी से मारपीट कर बलवा की घटना कारित की गई थी। जिसमें पुलिस के द्वारा बलवा की विभिन्न धाराओं के तहत ८ आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने से जमानत दी गई ।वहीं चार आरोपियों को तहसील न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस दौरान पुलिस के द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी से चार बदमाशों का तहसील कार्यालय तक जुलूस निकाला गया उक्त मामले में पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

धक्का मुक्की के चलते उपजा था विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार २६ जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरा वारासिवनी नगर सहित क्षेत्र लोकतंत्र का महापर्व गणतंत्र दिवस के उल्लास में डूबा हुआ था। हर जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर प्रत्येक व्यक्ति अपने अनुसार पर्व का उत्सव मना रहा था। तभी सिविल क्लब में आयोजित मुख्य समारोह में अचानक धक्का लगने की घटना होने पर वह जब अपने घर जा रहा था तभी दीनदयाल चौक के पास में अचानक कोस्ते निवासी १९ वर्षीय सूचित पिता श्रीराम नेवारे के साथ कुछ युवकों का एक झुंड विवाद

करने लगा जिस पर विवाद बढ़ता अधिक सूचित नेवारे अपनी जान बचाकर मौके से भागा जिसके पीछे करीब एक दर्जन से अधिक लोग दौड़े और उन्होंने एककककनिजी केबल के सामने पकड़कर ईट डंडे बेल्ट से मारपीट करने लगे। वही एक युवक ने तेज आक्रोश में बड़ी वाली ईट उठाकर सुजीत के सर पर पटक दिया वही दूसरा युवक बेल्ट से उसे मारता रहा जिससे मौके पर सूचित का सर फटने से बहुत ज्यादा खून बहने से वह बेसुध हो गया। जिसे आसपास खड़े लोगों ने उसे उठाया तो देखा की बहुत ज्यादा खून बह रहा है। जिसे तत्काल सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया। यह लड़ाई झगड़ा धक्का मुक्की के चलते हुआ था। जिसमें पुलिस के द्वारा नामजद ४ व अन्य के खिलाफ भादवि की धारा २९४,३२३,५०६, १४७, ३३६, ३४१ ३४के तहत अपराध पंजीबध्द कर मामले को जांच में लिया गया था।

इन लोगों को किया गया पेश

वारासिवनी पुलिस के द्वारा आठ आरोपियों को दर्ज मामले में गिरफ्तार कर जमानत दे दी गई वहीं ४ आरोपी युवक विशाल पिता गणेश नंदागौली २३ वर्ष निवासी मुरझड़, सुमेश पिता नरेन्द्र राऊत उम्र २२ वर्ष मुरझड़ निवासीए आशीष पिता दशरथ ठाकुर निवासी वार्ड नं. ४ उम्र २१ वर्ष वारासिवनी, महेन्द्र पिता नंदकिशोर मानेश्वर उम्र २० वर्ष निवासी वारटोला को तहसील कोर्ट में ३० जनवरी को गुंडागर्दी प्रतिबंधित कार्यवाही करते हुये पेश किया गया। सभी को तहसील कोर्ट से उपजेल वारा भेज दिया गया है।

पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस

चारों आरोपियो को पुलिस ने स्थानीय थाने से पैदल मार्च करवाते हुये उनका जुलूस निकाला गया और उन्हे तहसील कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान यह आरोपी यह बोलते रहे की मारपीट करना गलत कार्य है अब हम यह कार्य कभी नही करेंगे। पुलिस ने इस दौरान युवाओं को मारपीट न करने का एक संदेश देने का प्रयास किया गया है।

इनका कहना है

इस संबंध में पद्मेश से चर्चा करते हुये थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने बताया कि हमने २६ जनवरी को जो मारपीट सुजित के साथ हुई थी उसमे मे हमने मामला पंजीबध्द कर ४ आरोपियों को १५१ की धारा के तहत तहसील कोर्ट में पेश किया है। जहां से उन्हे उपजेल वारा भेज दिया गया है।

शंकर सिंह चौहान
थाना प्रभारी वारासिवनी

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर संगठन की हुई बैठक

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के गुरुनानक धर्मशाला में मंगलवार को मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर संगठन बालाघाट की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अध्यक्ष के एल गौतम ,प्रांतीय उपाध्यक्ष आई डी पटले ,संरक्षक व्ही के भगत, कोषाध्यक्ष मानिकचंद ठाकरे सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें उपस्थितजनों को पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी दी गई । वहीं संगठन के द्वारा पूर्व में किए गए और आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों की स्पष्ट जानकारी देते हुए किस प्रकार से यह कार्य करना है इसकी रूपरेखा तैयार की गई। पदेश से चर्चा में प्रांतीय उपाध्यक्ष आई डी पटले ने बताया कि मध्यप्रदेश विद्युत मंडल बालाघाट पेंशनर की बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें पूर्व में वर्तमान तक विभिन्न स्तर पर किए गए आंदोलन और उन आंदोलनों में सरकार के द्वारा दिए गए आश्वासन की जानकारी सभी उपस्थित जनों को विस्तार पूर्वक दी गई। वहीं आगामी समय पर प्रदेश नेतृत्व के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सभी लोगों को जानकारियां देकर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल में एक आल यूनियन का निर्माण किया गया है । जिसमें विभिन्न संगठन शामिल होकर एक साथ अपने हक की लड़ाई लड़ने वाले हैं। उसी में सभी के शामिल होने के लिए सहमति ली गई इसके साथ प्रांतीय कार्यकारिणी ने निर्धारित किया है कि इस वर्ष बालाघाट में प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सहमति लेकर आयोजन की रूपरेखा स्पष्ट की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेंशनर संगठन के पदाधिकारी, सदस्य एवं सेवानिवृत्त गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सिविल अस्पताल में महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय सिविल अस्पताल में ३० जनवरी को महात्मा गांधी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश झोड़े की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात २ मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं इस दौरान स्पर्श पुष्प जागरूकता अभियान, कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। बीएमओ डॉक्टर कमलेश झोड़े ने ३० जनवरी से १३ फरवरी तक पुष्प पखवाड़ा में की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉक्टर विक्रम शरणागत ,डॉक्टर भावेश खंडेलवाल ,बीपीएम संजय तुरकर , श्रीमती रंजना चौगड़िया, एस के बिसेन ,मोरध्वज ठाकुर ,पुरुषोत्तम देशमुख ,प्रवीण शुक्ला ,सुषमा गौतम ,उमाशंकर नागेश ,इमारत पटेल ,रवि नगपुरे ,कपिल पांडे ,विशाल सोनी ,पवन नंदनवार सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।



खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बदलते साझेदार

वैचारिक बेवफाई कैरियर-राजनीतिज्ञों (ऐसे राजनीतिज्ञ जो रिटायर होने तक राजनीति करते हैं) के बीच कोई विरल बीमारी नहीं है। राजनीति करनेवाले अक्सर सत्ता, दौलत और बहुत-सी बुराइयों से प्रेरित होते हैं, जिससे भारतीय मतदाता अपरिचित नहीं हैं। निचलेपन के इन मानकों के हिसाब से भी, बिहार के मुख्यमंत्री अपनी बार-बार की गुलाटियों से और भी निचले स्तर तक पहुंचते हुए जान पड़ते हैं। उन्होंने कई बार सहयोगी बदले हैं, जिसका सत्ता की भूख शांत करने के अलावा और कोई कारण नजर नहीं आता। नीतीश कुमार ने 2017 में पलटी मारकर 2015 के जनादेश से विश्वासघात किया और 2022 में, उन्होंने 2020 के जनादेश से विश्वासघात किया। वर्ष 2020 में, जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन में चुनाव जीता था, लेकिन दो साल बाद उससे अलग होकर उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाया। यह जनादेश का सरासर अपमान था। उन्होंने अब एक बार फिर पलटी मारी है, इस बार वह भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास लौटे हैं। एक दिन के अंदर ही, उन्होंने बतौर मुख्यमंत्री इस्तीफा दिया, नये सहयोगियों के साथ पद के लिए दोबारा दावा पेश किया और बतौर मुख्यमंत्री फिर से शपथ भी ले ली।

कुछ हफ्ते पहले ही, नीतीश कुमार खुद को भाजपा-विरोधी विपक्षी गठबंधन के नेता के रूप में गढ़ रहे थे। यह सही हो सकता है कि राजनीति अजीब साथी बनवाती है, लेकिन नीतीश कुमार ने अपनी बेवफाई को एक जानी-पहचानी पटकथा में बदल दिया है। इस बीच, उनका सुशासन का चैंपियन होने का दावा अब बहुत पुरानी बात, और पूरी तरह अनजाना जान पड़ता है।

इस बदलाव के आखिरी क्षण तक, भाजपा पुरजोर तरीके से दावा कर रही थी कि वह नीतीश कुमार और जद-यू के साथ कभी गठबंधन नहीं करेगी। दोनों में से किसी ने अचानक इस हृदय परिवर्तन का कारण नहीं बताया है। राजद और कांग्रेस से गठबंधन कर, नीतीश कुमार ने जाति के सवाल पर भाजपा को घेरने की कोशिश की थी। बिहार में जातियों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण वैसा परिवर्तनकारी लम्हा साबित नहीं हुआ जैसी नीतीश कुमार को शायद उम्मीद थी। इस सर्वेक्षण का आदेश उनकी पिछली सरकार ने दिया था। ठीक इसी दौरान, भाजपा ने इतना असुरक्षित तो जरूर महसूस किया कि उसे जद-यू के साथ सुलह की संभावना तलाशनी पड़ी।

बिहार में जद-यू को गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्गों के बीच खासा समर्थन हासिल है। अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन भाजपा के पीछे हिंदू एकजुटता के एक नये दौर का संकेत देता है, लेकिन जातीय गोलबंदी से इसमें पैदा होने वाले क्षरण को लेकर पार्टी लगातार सतर्कता बरत रही है। नीतीश कुमार को दोबारा साथकर, भाजपा ने सामाजिक न्याय की उनकी राजनीति में जो थोड़ी-बहुत क्षमता बची थी, उसे भी निष्प्रभावी बना दिया है। बिहार में नयी राजनीतिक खेमेबंदी की सबसे बड़ी लाभार्थी भाजपा है, जबकि सबसे ज्यादा नुकसान उठानेवाले खुद नीतीश कुमार हो सकते हैं। उनके राजनीतिक जनाधार पर धावा बोला जा रहा है और उनकी राजनीतिक विरासत दागदार हो चुकी है। लेकिन वह अब भी मुख्यमंत्री हैं, और अन्य कोई चीज शायद उनके लिए मायने नहीं रखती। भविष्य की परवाह से ज्यादा, यह वर्तमान की खुशी बनाये रखने का मामला लगता है।

अफसोस 'सूचना' जैसी निर्दयी माँ भी होती हैं...!

कोई माँ भला कैसे निर्दयी हो सकती है? करू हो सकती है? कैसे अपने जिगर के टुकड़े को बैग में पैक कर सड़क रास्ते लंबे सफर पर बेखौफ निकल सकती है? इसके जवाब मनोचिकित्सकों के पास अपने-अपने ढ़ंग के और अलग भी हो सकते हैं। लेकिन गोवा में एक आम नहीं बल्कि बेहद खास वो माँ जिसने देश-दुनिया को अपनी सफलता से आकर्षित किया निर्दयता और क्रूरता की सारी हदें पार कर जाए तो हैरानी होती है। गोवा में जघन्य हत्याकाण्ड ने जहां हर किसी को झकझोरा वहीं कई सवाल भी खड़े कर दिए। बेहद पढ़ी-लिखी माँ जिसे दुनिया आदर्श समझती थी वही अपराधी निकले? सवाल यकीनन कचोटने वाला है। लेकिन जवाब आसान भी नहीं है।

पति-पत्नी के रिश्तों में तल्खी आना असामान्य नहीं है। लेकिन ऐसा भी क्या नफरत जो इसकी बलि बेदी पर खुद का मासूम चढ़ा दिया जाए? निश्चित रूप से बेकाबू गुस्सा, सोचने, समझने की शक्ति पर नियंत्रण खोना ईसान को कितना हैवान बना देता है। तमाम घटनाओं से यही समझ आता है। लेकिन सूचना सेठ ने जिस शातिराना अंदाज में अपनी इकलौती संतान को मौत की नींद सुलाया वह बेहद अलग और चिंतानीय है। जैसा कि खुलासों से पता चला बच्चे को अत्याधिक कफ सिरप पिलाकर बेसुध कर उसका दम घोंट मौत की नींद सुला दिया गया। लाश बैग में भर आधी रात को बड़े बेखौफ अंदाज में बेधड़क होटल के रिशेप्शन पर कैब ड्राइवर को पकड़ाना और सड़क रास्ते गोवा से बैंगलुरू के लंबे सफर पर निकलना किसी हॉरर स्टोरी से कम नहीं है। रास्ते भर चुप्पी और सामान्य के हाव-भाव बनाए रखना। 12 घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिलका ऐसा शातिराना अंदाज था जैसे वो ईसान नहीं एआई(आर्टीफीसियल इण्टेलीजेंस) हो। हत्यारिन मां की सारी करतूतें बेहद हैरत अंगेज है। गनीमत रही कि जहां होटल स्टाफ को संदेह हुआ वहीं कैब ड्राइवर भी परेशान था कि हवाई यात्रा के मुकाबले बेहद लंबे सफर पर निकली महिला इतनी शांत और सहज कैसे? शक और कमरे में मिले सबूतों की बिना पर होटल वाले पुलिस को इत्तला करते हैं। पुलिस कैब वाले से कोऑर्डिनेट करती है। कैब ठिकाने के बजाय थाने पहुंच जाती है। वहां बैग में कपड़ों के बीच छुपा चार साल के मासूम का शव मिलता है। इस तरह एक बेमिशाल महिला के हाथों हुए क्रूरतम हत्याकाण्ड से हर कोई सन्न रह जाता है। न जाने कितनी निर्दयी माताओं की कैसे-कैसे क्रूरतम वारदातें सुनीं और देखीं। लेकिन एआईके जरिए माईंडफुल एआई लैब से कृत्रिम आदर्श और नैतिकता का आधुनिक पाठ पढ़ाने वाली सूचना सेठने कैसा घटिया माईंड गेम खेला जिससे हर कोई स्तब्ध है। उसके अनैतिक कारनामे की जितनी भी निन्दा की जाए कम है और कठोर से कठोर सजा भी नाकाफी है। कोई अपढ़, ठेठ गंवई, दकियानूसी होता तो थोड़ा समझ भी आता। लेकिन एक पढ़ी लिखी असाधारण महिला जिसकी बेहद तगड़ी प्रोफाइल हो। एक कंपनी की सीईओ और हार्वर्ड की रिसर्च फेलो हो। जिसका नाम। जिसका नाम2021 की एआई एथिक्स में टॉप 100 ब्रिलियंट महिलाओं में शुमार हो। जिसने दो साल बर्कमैन क्लेन सेण्टर में एक सहयोगी का काम किया और बोस्टन, मैसाचुसेट्स मेंएआई तथा रिस्पॉन्सिबल मशीन लर्निंग में भी अपना योगदान दिया। बैंगलुरू प्रतिष्ठित कंपनी में डेटा साईंटिस्ट का काम कर चुकी हो जिसने दो पेटेंट भी दाखिल किए हों। जिसके पास कलकत्ता यूनिवर्सिटी की भौतिक शास्त्र की स्पेशलाइजेशन की डिग्री हो और जो वहां की 2008 की टॉपर हो वो ऐसा करे तो हैरानी की हदें भी पार होना स्वाभाविक है।

बंगाल की सूचना के पति वेंकट रमन बड़े इंडोनेशियाई कारोबारी हैं। 2010 में दोनों ने प्रेम विवाह किया लेकिन जल्द ही रिश्तेश बिगड़ गए। तल्खी बढ़ते-बढ़ते अदालत की चौखट तक जा पहुंची जो आखिरी मुकाम पर है।अदालत ने हर रविवार को बेटे को पिता से मिलने की इजाजत क्या दी यही सूचना सेठ को नागवार गुजरी। उसके एआई पैटर्न के ब्रेन ने जबरदस्त चाल चली। कत्ल से पहले बेटे से बैंगलुरू में मिलनेका संदेश देकर पति को गुमराह किया और खुद बेटे को लेकर गोवा आ गईं।बेटा पिता से न मिल सकेइस प्रतिशोध में सूचना धधक रही थी।एक सक्षम एन्टरप्रेन्योर होकर भी पति से ढ़ाई लाख रुपए हर माह गुजारा भत्ता भी चाहती थी। शायद सूचना बेहद प्रतिभाशाली होकर भी अकेलेपन का शिकार थीऔर खुद के बुध्दिमान होने का भ्रम पाले घृणित आपराधिक विकृति के गिरफ्त में जकड़ चुकीथी।बेटे की हत्या का उसे कोई पश्चाताप नहीं है। बेटे का कुसूर बस इतना था कि उसकी शक्ल पिता से मिलती थी जो सूचना को सालता था। कैसी विकृत सोच थी?

नासमझ माँ में भी ममता होती है। जानवर तक संतान को बचाने खूंखार हो जाते हैं। उसमें ईर्ष्या, द्वेष की कैसी-कैसी विकृत मानसिकता पनपी जिसका उदाहरण सामने है। आखिर समाज किस दिशा में जा रहा है? पैसाया रॅजिशन अपराधों के पीछे?

अकेलापन, आपसी मेल-जोल की कमीं, बिखरता समाज और हाथ में सिमटे मोबाइल से एकाकी बनता जीवन,सामाजिक ताना-बाना बिखेर लोगों को लोगों से अलग कर रहा है। एक वो जमाना था जब संयुक्त परिवार शानथी। गांवों मेंसांझा चूल्हा जलता जिसमें सबका खाना साथ पकता। रोज का हंसना, मिलना, उठना, बैठना और सबके सुख-दुख में बराबरी से शरीक होना, किसी मुसीबत या अनबन पर मिल जुलकर हल निकालने से कभी अकेलापन, डिप्रेशन या असुरक्षा की भावना महसूस नहीं होती थी।आजतरक्की के बीच वो समाज है जिसमेंटूटते संयुक्त परिवार की जगह अकेले परिवार हैं जो दिखावे का झूठा मुलम्मा ओढ़ रिश्तों की अहमियत को दरकिनार कर दिनों दिन बेहद खोखले होकर टूटते जा रहा हैं। यही वजह है जो बड़े और हाई प्रोफाइल भी घटिया से घटिया काण्ड कर बैठते हैं। काश कुछ वक्त टीवी, मोबाइल के स्क्रीन के अलावा घर, परिवार, समाज के लिए भी निकाला जाता जिससे ईसान को ईसान से जोड़े रखने वाली कड़ियां बिखरने न पातीं।इस दिशा में सबको सोचना होगा और रास्ता निकालना ही होगा। कितना अच्छा होता कि गोवा काण्ड की सूचना समाज के लिए आखिरी होती।

खड़गे की आशंका और मोदी का डंका...



कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे को आशंका है कि यदि इस साल होने वाले आम चुनाव में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी फिर आ गए तो ये देश के लिए आखरी चुनाव होंगे ,क्योंकि इसके बाद मोदी जी स्वयंभू हो जायेंगे । यानि मोदी जी रूस के राष्ट्रपति पुतिन या उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग या चीन के राष्ट्रपति शी पिंग के रास्ते पर जाकर देश में तानाशाही थोप देंगे। खड़गे देश के वरिष्ठ नेता हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी जी से भी उम्र और अनुभव में बड़े हैं इसलिए उनकी आशंका को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

देश की राजनीति में पिछले एक दशक से जो उठापटक हो रही है ,उसकी वजह से ऐसी आशंकाएं जन्म लेती हैं और ये बहुत स्वाभाविक है। जो आशंका देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के मन में है वही आशंका इस देश के आम आदमी के मन में भी हो ये जरूरी नहीं है ,भले ही कांग्रेस की और खड़गे जी की आशंका निर्मूल न हो। निश्चित ही देश लोकतंत्र से एक तंत्र की ओर बढ़ रहा है। भारतीय लोकतंत्र पूर्व में इस तरह के घटनाक्रम से कभी नहीं गुजरा । 1975 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक बार लोकतंत्र को बंधक बनाने का प्रयास करते हुए देश में आपातकाल लगाया था किन्तु उसकी उम्र भी 19 महीने से ज्यादा नहीं रही। जनता ने वापस लोकतंत्र की बहाली कर दी थी ,लेकिन आज स्थितियां एकदम भिन्न हैं /

भारत में आज लोकतंत्र को चुनौती देने के लिए किसी तरह का आपातकाल नहीं लगाया गया है लेकिन सरकार की जो गतिविधियां हैं वे आपातकाल से भी जायदा खतरनाक और भयावह हैं। सरकार ने एक दशक में तमाम संवैधानिक संस्थाओं को बंधुआ बना लिया है या उन्हें बधिया [नसबंदी] कर दिया है। आम जनता को धर्म का डबल डोज देकर हिस्टीरिया पैदा करने की कोशिशें भी लगातार जारी हैं। राजनीति में तोड़फोड़ का अनूठा दौर इसी दशक की देन है। जनादेश की धज्जियां उड़ने का नया कीर्तिमान इसी दशक में बना है। मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र के बाद बिहार में ये खेल होते पूरी दुनिया देख रही है। कोई इस खेल को रोकने वाला नहीं है। न संविधान और न जनता। सबके सब असहाय नजर आ रहे हैं।

देश की आजादी की और संविधान की स्थापना की हीरक जयंती वर्ष को देश का अमृतकाल कहा गया लेकिन अमृत पात्र में विष भरकर दे दिया गया और किसी को कानों-कान खबर भी न हुई। अदावत की राजनीति के चलते समूचे विपक्ष को लंगड़ा - लूला बनाने के लिए कहीं बिभीषणों का सहारा लिया तो कहीं पल्टूरामों का इस्तेमाल किया जा रहा है। हालाँकि ये सब निराश करने वाला घटनाक्रम है किन्तु जब कोई कुछ कर नहीं पा रहा तो इसे खुशी-खुशी स्वीकार कर लेना ही पहला और अंतिम विकल्प लगता है ,किन्तु इस देश की जनता ने अलग-अलग समय में मुगलों और अंग्रेजों की दासता को झेला है ,वो इतनी आसानी से देश में तानाशाही को अपना शिकंजा नहीं कसने देगी।

ये तथ्य है कि तानाशाही दबे पांव आती है ,लेकिन उसकी आहट सुनने वाले सुन ही लेते है। आज खड़गे साहब ने, उनकी कांग्रेस ने सुनी है कल पूरा देश इस आहट को सुनेगा। देश यानि आम जनता यदि अपने वोट की ताकत से तानाशाही को नहीं रोकेगी तो और कोई दूसरा रास्ता है भी नहीं। वोट का हथियार भी मानव सृजित मशीनों ने मोथरा बना दिया है। चुनाव की प्रक्रिया दूषित और अविश्वसनीय हो चुकी है । जनता जनादेश से कुछ बदलना भी चाहे तो बदल नहीं सकत। बिहार इसका ताजा उदाहरण है । बिहार की जनता ने जो जनादेश दिया था उसकी धज्जियां धर्मपरायण भाजपा और धर्मनिरपेक्षता की दुहाई देने वाली जेडीयू ने मिलजुलकर उड़ा दी हैं। इन हरकतों के खिलाफ जनता कहाँ जाये ? अदालतें इस तरह के अलोकतांत्रिक क्रियाकलापों को रोने में असमर्थ है और अयोध्या के राम मंदिर में इस तरह के मामले सुने नहीं जाते। वहां सिर्फ जयकारे लगाए जाते हैं। अयोध्या में मंदिर सरकारी है इसलिए स्वाभाविक रूप से वहां विराजे रामलला भी सरकार के ही पक्षधर हैं ।

कुल मिलाकर स्थिति गंभीर है। अब लोकतंत्र की लड़ाई गैर भाजपा दलों के साथ ही आम जनता को ही लड़ना पड़ेगी । यद जनता चाहती है कि -देश को भाड़ में जाने दिया जाये तो जाने दिया जाये। जनता खुद भुगतेगी। और यदि जनता चाहती है कि जो देश हमें 1947 में बनाने के लिए मिला था उसे ही बचाया और बनाया जाये तो फिर सभी को जनता के साथ खड़े हो जाना चाहिए। जनता से बड़ा कोई नहीं है । न धर्म ,न कानून और न कोई तानाशाह। ये मेरी मान्यता है। इसका खड़गे की और कांग्रेस की मान्यता से कोई लेना-देना नहीं है। क्योंकि एक आम आदमी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं होता। उसे अपनी पसंद से अपने लिए अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार अभी तक तो हासिल है । कल जब नहीं होगा ,तब की बात और है। तब मुमकिन है कि हम और आप इस विषय पर बात ही न कर पाएं।

- राकेश अचल

(व्यंग्य) पल्टूराम फिर मार गए पल्टी

जीवन एक कला है और राजनीति एक बाजीगरी।अगर आपके पास कलाबाजी, जादूगारी, झूठगिरी, बेशर्मी, मक्कारी, धोखेबाजी, पल्टीबाजी का गुण नहीं है तो आप सफल राजनीतिज्ञ नहीं हैं। सच मानिए, सियासत में आप जीतनी बार धोखा देंगे उतने बड़े आप सच्चे पलटी मार कह लाएंगे। जितनी बार आप थूक कर चाटेंगे उतने महान और शीर्ष नेता होंगे। जितना झूठ बोलेंगे उतना आप सच के करीब माने जाएंगे। अगर चुनाव का मौसम करीब है और उस समय आप पलटी मारते हैं तो आप गंगोत्री स्नान से निकले चमत्कारी देव माने जाएंगे। आपके सारे गिले- शिकवे भुला दिए जाएंगे। आप दूध के धुले होंगे। आप जैसा राजनेता त्रिलोक में खोजने से भी नहीं मिलेगा।

राजनीति में वैसे भी पल्टूराम नामक जीव सबसे पवित्र और पूज्यनीय माना जाता है। पल्टी मारना उसका धर्म -कर्म है। पल्टी मारना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। राजनीति में पल्टी मारने की कला को वह अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष से जोड़ते हैं। सत्ता हो या विपक्ष पल्टूराम को सभी गले लगाना चाहते हैं। उसकी बेशर्मी, पलटीमारी और बार-बार थूक कर चाटने की प्रवृत्ति को लोग सियासत की अद्भुत, अतुलनीय प्रकृति और विशेषण समझते हैं। राजनीति सबसे चोखा धंधा है। यहाँ कभी मंदी का दौर नहीं होता है। बस अपने फायदे के लिए कायदे बिगाड़िए और तलवे चाटिए। यहाँ कोई दुसाध नहीं होता। क्योंकि सियासत की पवित्र गंगोत्री में जो एक बार डुबकी लगा लेता है वह इस कलयुग में देवतुल्य हो जाता है। वैसे भी आजकल देवता से अधिक राजनेता पूजे जाते हैं।

राजनीति में सौ-सौ चूहे निगलने वाले लोगों को सत्ता इनाम में मिलती है। लोकतंत्र में अब ऐसे लोग ही सबसे पावरफुल माने जाते हैं। अगर वे किसी विशेष जाति का नेतृत्व करते हैं जिससे सत्ता आसानी से हासिल होती है फिर तो आपका जलवा है। पल्टूराम का इतिहास रहा है वे नीतियों और सिद्धांतों के लिए कभी नहीं पल्टे। सियासत में उन्होंने आया राम और गया राम की भूमिका सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए निभाई। राजनीति में उनका ऐसा कोई सगा नहीं होगा जिसको उन्होंने कभी ठगा न हो। इसलिए सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए पल्टूराम पूज्यनीय हैं।

मैं पल्टूराम सियासत का मैं सबसे बड़ा बाजीगर हूँ। सियासत में बड़े-बड़े बाजीगरों को मैं धूल चटाता आया हूँ। बड़े-बड़े सियासी बाजीगर मेरी सारी धोखेबाजी को भूल कर मेरी गोंद में मिमियाने को बेताब हैं। मैं पल्टूराम यह दावे और विश्वास के साथ कहता हूँ की हमने राजनीति अपने सिद्धांतों और शर्तों पर किया है। मैं अपने सियासी दोस्तों को बारबार धोखा दिया है, लेकिन हम क्या बतायें मेरे दोस्त कितने बेवकूफ हैं जो मेरी ठगी को मेरी मासूमियत समझते हैं। अब यह मेरी गलती है या मेरे सियासी दोस्तों की। दुनिया मुझे जादूगर कहे या बाजीगर लेकिन मेरी यारी तो सिर्फ कुर्सी से है।

पल्टूराम ने इस बार मुख्यमंत्री की शपथ कुछ इस तरह लिया है। मैं पल्टूराम वल्द झुठाराम पद और गोपनीयता की शपथ लेता हूँ कि मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए ही जिऊंगा और उसी के लिए मरूंगा। मेरा न कोई नीति है और न सिद्धांत है। मेरा न कोई दोस्त है न दुश्मन है। मैं राजनीति का पक्का खिलाड़ी हूँ, हम सिर्फ कुर्सी के लिए जीते और कुर्सी के लिए मरते हैं। हमने जो मरने जीने की कसम खाई थीं वह हमारा झूठपन था। हमने किसी के साथ कभी धोखा नहीं किया। लोग बार-बार धोखाखाने के बाद मुझे समझ नहीं पाए। मुझे गले लगाने के लिए व्याकुल रहे। ऐसे में मेरी क्या गलती है। लोग मेरे कसम और वायदे में उलझ गए मेरे पवित्र इरादे नहीं भांप पाए।

वर्तमान राजनीति में पल्टूराम ने इतिहास रचा है। उनके जैसा राजनेता राजनीति में भूतो न भविष्यति होगा। हमेशा से उनका धर्म सिर्फ कुर्सी रहीं है। वह कुर्सी के लिए जीते और मरते आए हैं। आने वाला वक्त पल्टूराम का है। राजनीति में पल्टीमार का विशेष गुण ईजाद करने वाले पल्टूराम पर शीघ्र ही एक पल्टू पुराण की रचना की जाएगी। राजनीति में आने वालों के लिए उस पुराण का अध्ययन अनिवार्य बनाया जाएगा। अगर इसी तरह उपकार करते रहे तो आनेवाले दिनों में उनके कार्य को देखते हुए उन्हें पल्टू रत्न से भी सम्मानित किया जाएगा।

- प्रभुनाथ शुक्ल
(वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक)

भारत तानाशाही तंत्र पर प्रजातंत्र का चोला...!

हमारी आजादी के 77 साल बाद अब भारत वासियों के लिए अपने देश, उसकी स्थिति तथा उसके भविष्य पर आत्म चिंतन का वक्त है, हम गर्व से हमारे भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्री देश कहते हैं, किंतु क्या हमारे इस गर्वोक्ति में सच्चाई का अंश कितना है, इस पर कभी हमने आत्म चिंतन किया है? इसी प्रश्न को लेकर आज इस बात का हर किसी को अफसोस है कि हमारा देश कहने को प्रजातंत्री आवस्य है, किंतु क्या प्रजातंत्र की वास्तविक परिभाषा के दायरे में हम आते हैं? प्रजातंत्र वह है जो प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा हो, किंतु क्या आज के हमारे इस प्रजातंत्री के तोहफे में प्रजा की तनिक भी भूमिका शेष रही है? हमने आजादी के बाद 17 साल पंडित जवाहरलाल नेहरू और लगभग इतनी ही अवधि तक इंदिरा जी की तानाशाही को झेला है, इस संदर्भ में इंदिरा जी के आपातकाल को भी याद किया जा सकता है, खैर, वह तो घोषित आपातकाल था, किंतु क्या इस अवधि के बाद हमारे देश से तानाशाही आपातकाल खत्म हो सका? क्या आज भी हम अपने आप को सच्चा प्रजातंत्री कह सकते हैं? यह एक गंभीर आत्म चिंतन का विषय है, जिस पर देश के नेताओं को नहीं बल्कि बुद्धिजीवियों को आत्म चिंतन करना चाहिए और.... सच पूछो तो क्या नेहरू इंदिरा के बाद उच्च स्तरीय सरकारी शासक की सोच में कोई बदलाव आया? मोदी जी के शासन का एक दशक पूरा होने जा रहा है, क्या मोदी जी भी देश की जनता तथा बुद्धिजीवियों की इस प्रश्न पर उनकी सोच को बदल पाए? शायद नहीं..., क्योंकि कोई भी प्रधानमंत्री चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से संबंध रहा हो, जनता की इस सोच को बदल नहीं पाया, हर प्रधानमंत्री ने इस दिशा में प्रयास अवश्य किए, किंतु वह भी उनकी अपनी सोच व स्वार्थ सिद्धि तक ही सीमित रहे है।

हां जी दुखद प्रसंग इसलिए याद आया क्योंकि एक दशक के शासन के बाद अब हमारे प्रधानमंत्री जी को प्रजातंत्र के प्रमुख अंग विधायिका की याद आई, वहीं विधायिका जिसके लिए पहली बार चुने जाने पर, मोदी जी ने संसद द्वारा पर साष्टांग प्रणाम किया था, तब उनमें संसद के प्रति सम्मान व मर्यादा अवश्य नजर आई थी, किंतु उसके बाद इसी सदन में कुछ ऐसे भी प्रसंग हुए जो भारतीय प्रजातंत्र में इससे पहले नहीं हुए, जैसे दो गैर सदस्य अजनबियों का संसद के चलते सदन में प्रवेश और सदन का खुले आम अपमान। उन दो देशद्रोहियों को क्या सजा मिली और वह आज कहां है? और उनके इस गैर कानूनी करतब में कौन उनके साथ था? यह सब आज भी देश की जनता के सामने नहीं लाया गया है, क्या ऐसे कृत्य पर पर्दा डालना गंभीर अपराध की श्रेणी में नहीं आता है?

किंतु किया क्या जाए? देश के प्रधानमंत्री के मुखारविंद से जो शब्द भी निकल गए, वे ही देश में पत्थर की लकीर बन जाते हैं, हमारे देश के लोकतंत्र में तो यही हो रहा है, जो कल प्रधानमंत्री पद के लिए जी हुजूरी करता पाया जाता है, उसी के प्रधानमंत्री बनने पर पूरा देश जी हजूरी में जुड़ जाता है, यही प्रजातंत्र है आज हमारे देश में?

हमने माना कि हमारे देश की आम प्रजा अपनी दाल रोटी की जुगाड़ में इतनी व्यस्त हो गई है कि उसे अपने राष्ट्रीय दायित्व व कर्तव्यों पर ध्यान देने का मौका नहीं मिला और देश की बागडोर नेताओं ने थाम ली, लेकिन आखिर यह कब तक चलेगा? हमें देशहित के बारे में सोचने की फुर्सत कब मिलेगी? और हम अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को कैसा देश धरोहर के रूप में सौंपेंगे? यही सब सोचने का सही वक्त है, और यदि अभी भी हम अपनों में खोये रहे और सोते रहे तो फिर कोई आश्चर्य नहीं कि हम हर क्षेत्र में इतने पिछड़ जाएंगे कि हमें आगे आने का विचार भी छोड़ना पड़ेगा। यही सही वक्त है।

ओम प्रकाश मेहता

इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर। मंगलवार को स्थानीय सराफा बाजार में कामकाज की मात्रा कम ही रही। किन्तु दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार मजबूती के रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

चॉंदी (9999) 73000, चॉंदी (99) 72900, टंच 72100, सिक्का 800, सोना 10 ग्राम 64000,

इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। लेवाली ठंडी रहने से मंगलवार को भी अनाज मंडी में चने व मसूर में बाजार सुस्ती के रहे। नये विशाल चने ने दस्तक दी। खाद्य तेलों में बाजार कमोवेश बने रहे। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। किराना जिंसों में शक्कर बाजार भी बने रहे। बादाम गिरी में सुस्ती आयी।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार मंगलवार को लेवाली ठंडी रहने से चना व मसूर बाजार 50 रू. प्रति क्विंटल तक घटाकर बोला गया। चने में नये विशाल चने के 14 कट्टों की आमद रही, जिसके सौदे 6011 रू. प्रति क्विंटल के रहे। खाद्य तेलों में बाजार कमोवेश ठंडे रहे। तिलहनों में टिकाव रहा। किराना जिंसों में भाव बने रहे।

भाव इस प्रकार रहे :-

किराना :- शक्कर 3850-3870, खोपरा गोला 120-145, खोपरा बूरा 2500-4350 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 170-200, सांगली 260-270, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारिक 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-650, बेस्ट 700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1400-1550, मीडियम 1650-1750, बोल्ड 1900-1950, एक्ट्रा बोल्ड 2150-2400, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1620-1630, बेसन 3925 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1450-1500, (160) 1500-1550, (200) 1650-1700, (250) 1800-1850

तेल :- सींगदाना 1500-1520, मुम्बई 1510, राजकोट तेलिया 2390, सोया साल्वेंट 815-820, सोया रिफाइंड 865-870, कपास्या 800, धूलिया 810, कड़ी 810,

रात की धारणा :- गुजरात लुज 1500, मुम्बई पाम 858, मुम्बई सोया 885,

खली :- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1625, देवास-उज्जैन 1625, खंडवा-बुरहानपुर 1600, अकोला 2625 (प्रति क्विंटल)

तिलहन :- सरसो 6300-6500, रायडा 4800-5000, सोयाबीन 4400-4450, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

दलहन :- चना कांटेवाला बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5800-5850, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 9300-9400, पाला 9500-9600, चमकी 9700-9800, नायलोन 9900-10000, तुअर निमाड़ी बेस्ट 10100-10400, एवरेज 9700-9800, हल्की 9500-9600, तुअर महाराष्ट्र 9600-10000, उड़द बेस्ट 8600-8700, एवरेज 8500-8600, हल्की 8000-8100, शंकर 8200-8500,

दाल :- चना दाल एवरेज 7500-7600, मीडियम 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14400-14500, तुअर दाल बोल्ड 15400-15500, मसूर दाल एवरेज 7400-7500, बेस्ट 7600-7700, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11000-11100, बोल्ड 11200-11300, उड़द दाल 10700-10800, बोल्ड 10900-11000, मोगर 10900-11100, बोल्ड 11200-11300,

अनाज :- गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

चावल - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

मावा - इन्दौर 300, उज्जैन 240, रतलाम 230 रू. प्रति किलो।

फंडिंग की खबर के बाद स्पाइसजेट के शेयर में तेजी

नई दिल्ली। विमानन कंपनी स्पाइसजेट इस महीने 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की फंडिंग के साथ अपने बेड़े को अपग्रेड करने और लागत में कटौती के उपायों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस खबर के सामने आने के बाद स्पाइसजेट के शेयरों में भी तेजी देखी गई। कंपनी का शेयर बीएसई पर बढ़त के साथ खुला और एनएसई पर 6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65.40 रुपये प्रति शेयर के उच्चतम स्तर को छू गया। एयरलाइन द्वारा वरिष्ठ कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक पत्र के अनुसार अब उसके पास 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की पर्याप्त राशि है। इसमें सरकार से आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना के तहत किस्त के रूप में प्राप्त 160 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

मेष राशि- सेहत के नजरिए से यह वक्त थोड़ा ठीक नहीं है, इसलिए जो आप खाएँ उसके प्रति सावधान रहें। खर्चों में इजाफा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं।

वृष राशि- आपकी व्यक्तिगत समस्याएँ मानसिक शांति को भंग कर सकती हैं। मानसिक दबाव से बचने के लिए कुछ रोचक और अच्छा पढ़ें। जल्दबाजी में फैसले न लें- खासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त। मुमकिन है कि आप अपने घर में या उसके आस-पास आज कुछ बड़े बदलाव करें।

मिथुन राशि- घर और दफ्तर में कुछ दबाव आपको गुस्सैल बना सकता है। मनोरंजन और सौन्दर्य में इजाफे पर जरुरत से ज्यादा वक्त न खर्च करें। घर के माहौल की वजह से आप उदास हो सकते हैं। आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं।

कर्क राशि- अपने जीवन-साथी के साथ पारिवारिक समस्याओं को साझा करें। एक-दूसरे को फिर से भली-भांति जानने के लिए थोड़ा और वक्त एक-दूसरे के साथ बिताएँ और खुद की स्नेही जोड़े की छवि को मजबूत करें। आपके बच्चे भी घर में खुशी और सुकून के माहौल को महसूस कर सकेंगे। इससे आपको एक-दूसरे के साथ व्यवहार में ज्यादा खुलापन और आजादी मिलेगी।

सिंह राशि- पिता आपको जायदाद से बेदखल कर सकते हैं। लेकिन निराश न हों। ध्यान रखें कि संपन्नता दिमाग को जंग लगा देती है और कठिनाई उसे पैना करती है। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे।

कन्या राशि- लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी आपका ?याल रखेगा। थोड़े बहुत टकराव के बावजूद भी आज आपका प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और आप अपने संगी को खुश रखने में कामयाब होंगे।

तुला राशि- स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि- अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ खरीदारी मजेदार रहेगी।

धनु राशि- आपका ईर्ष्यालु स्वभाव आपको उदास और दु:खी बना सकता है। आप यह चोट खुद को पहुँचा रहे हैं, इसलिए जितनी जल्दी हो सके इसे छोड़ दें। दूसरों के सुख-दु:ख बांटने की आदत विकसित करें। आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपने तयशुदा बजट से दूर न जाएँ। घरेलू कामकाज आपको ज्यादातर वक्त व्यस्त रखेंगे।

मकर राशि- धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। लम्बे अरसे को मद्देनजर रखते हुए निवेश करें। आपका ज्ञान और हास-परिहास आपके चारों ओर लोगों को प्रभावित करेगा।

कुंभ राशि- गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त सावधान रहने का दिन है। रात के समय आप आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है क्योंकि आपके द्वारा दिया गया धन आज आपको वापस मिल सकता है। किसी भी चीज को अंतिम रूप देने से पहले अपने परिवार की राय लीजिए। महज आपका अपना फैसला कुछ दिक्कत खड़ी कर सकता है।

मीन राशि- बेकार का तनाव और चिंताएँ जिंदगी का रस निचोड़कर आपको पूरी तरह चूस सकती हैं। भलाई इसी में है कि इन आदतों को छोड़ दें, नहीं तो इनसे केवल आपकी परेशानियों में बढ़ोतरी ही होगी। आज के दिन आपको शराब जैसे मादक तरल का सेवन नहीं करना चाहिए, नशे की हालत में आप कोई कीमती सामान खो सकते हैं। अपने मेहमानों से खराब बर्ताव न करें। आपका ऐसा व्यवहार न केवल आपके परिवार को दु:खी कर सकता है, बल्कि संबंधों में दूरी भी पैदा कर सकता है।

शब्दजाल - 7435

शब्द जाल में 10 भारत रत्न प्राप्त लोगों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

र	रा	डा.	आं	बे	ड	क	र	झ	क	अ
वि	च	र	ह	रिं	लै	ता	दि	शा	को	ब्दु
शं	र	ह	वि	नो	बा	भा	वे	ला	ल	ल
क	म	दा	च	ल	क	इं	हा	दा	रा	क
र	जा	र	सी	हा	मि	री	दि	स	जी	ला
ह	कि	प	वी	दा	ह	ला	ती	रा	व	म
ट	र	बु	र	र	म	ट	ह	ला	गां	क
बा	हु	वा	म	क	छ	सौ	न	ट	धी	धी
स	सै	तें	न	ह	अ	म	र्त्य	से	न	द
र	न	प	ति	रं	ट	ऐ	बें	न	रु	थो
म	द	र	टे	रे	सा	बौ	ख	ला	ह	ट

रवि शंकर, अमर्त्य सेन, राजीव गांधी, अब्दुल कलाम, डा. आंबेडकर, सी.वी. रमन, जाकिर हुसैन, मदर टेरेसा, इंदिरा गांधी, विनोबा भावे

शब्दजाल - 7434 का हल

रि	अ	मे	क	अ	मि	ता	भ	ब	च्च	न
ति	भि	क	म	क्ष	ड्रे	ने	ग	ति	मा	ला
क	षे	र	ला	य	ग	अं	द	ह	प	आ
रो	क	ल	का	कु	न	स	ध	ह	लि	मि
श	ब	स	ल	मा	न	खा	न	का	न	र
न	च्च	का	र	र	ल	का	त	ह	र	खा
र	न	ल	मा	व	शा	ह	रु	ख	खा	न
र	ज	भा	र	न	प	स	रा	ल	वि	ला
क	न	नी	अ	सै	फ	अ	ली	खा	न	दे
र	का	ति	क्रा	न	शा	हि	द	क	पू	र
बां	र	ल	प	त	स	स	त्ता	प	र	र

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6379



ऊपर से नीचे:-

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 6378

बै	रा	ग		स	ड़	क		आ	
जू		ज	ल्ला	द		स	सु	रा	ल
बा	द	ल		मा	लि	क		ध	
व			बा		बा		बे	ना	म
रा	जा	बा	बू		स	रि	ता		हा
	ल	व		बे			ब	से	रा
इ		चीं		खु	द्दा	र			जा
क	र्ज		शा	दी		ख	ली	फा	
बा		गै	र		दा	वा			द
ल	ज्जा		दा	ग		ला	वा	रि	स

Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

31 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मकर में	कुंभ	07.30 बजे से
चंद्र	कन्या में	मीन	09.03 बजे से
मंगल	धनु में	मेष	10.34 बजे से
बुध	धनु में	वृष	12.14 बजे से
गुरु	मेष में	मिथुन	14.12 बजे से
शुक्र	धनु में	कर्क	16.25 बजे से
शनि	कुंभ में	सिंह	18.41 बजे से
राहु	मीन में	कन्या	20.53 बजे से
केतु	कन्या में	तुला	23.04 बजे से
		वृश्चिक	01.19 ब.से
		धनु	03.35 बजे से
		मकर	05.40 बजे से

राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक

बुधवार 2024 वर्ष का 31 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास माघ (दक्षिण भारत में पौष)
पक्ष कृष्ण
तिथि पंचमी 11.37 बजे को समाप्त।
नक्षत्र हस्त 01.08 बजे रात्र को समाप्त।
योग सुकर्मा 11.41 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 11.37 बजे तदनन्तर गर 00.53 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 19.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 17° 35'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871875
जूलियन दिन 2460340.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना रज्जब
तारीख 19

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
लाभ	05.54 से	07.22	बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12	बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51	बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44	बजे तक
काल	08.15 से	10.19	बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16	बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47	बजे तक	चर	10.16 से	11.47	बजे तक
रोग	11.47 से	01.16	बजे तक	रोग	11.47 से	01.19	बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44	बजे तक	काल	01.19 से	02.51	बजे तक
चर	02.44 से	04.12	बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23	बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41	बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगतः सोचो फिर बोलो

एक बूढ़ा व्यक्ति अपने पड़ोस में रहने वाले एक युवक को पसंद नहीं करता था। एक दिन गांव में चोरी हो गई। बूढ़े व्यक्ति ने कहना शुरू किया कि उसी युवक ने चोरी की होगी। धीरे-धीरे बात पूरे गांव में फैल गई। यहां तक कि गांव वालों ने उसे राजा के सिपाही से गिरफ्तार भी करवा दिया। परंतु जांच होने पर असली चोर कोई और निकला और वह युवक पूरी तरह निर्दोष पाया गया। लेकिन युवक जेल से छूट कर जब वापस आया, तब भी गांव के अनेक लोगों का दृष्टिकोण नहीं बदला। वे उससे कतराने लगे। इससे आहत हो कर युवक ने एक दिन उस बूढ़े आदमी को मार डालने की धमकी दे डाली। बूढ़ा इसकी शिकायत लेकर पंचायत में पहुंचा। सरपंच ने दोनों को बुलाकर पूरी बात सुनी। फिर बूढ़े से कहा, 'पहली गलती तो आपसे ही हुई है, दूसरी गलती युवक ने धमकी दे कर की। दोनों एक-दूसरे से क्षमा मांगें।' युवक ने तो क्षमा मांग ली, परंतु बुजुर्ग झगड़ने लगा और बोला, पूरे गांव में इसके चोर होने की बात मैंने तो नहीं फैलाई।' इस पर सरपंच ने कहा कि वह एक कागज पर शब्दशः वह बात लिख दे जो उसने युवक के बारे में अपने पड़ोसियों से कही थी। बुजुर्ग ने वैसा ही किया। उसके बाद सरपंच ने उस कागज के कई टुकड़े कर दिए और बुजुर्ग से जाते समय राह में वे टुकड़े गिरा देने को कहा। फिर अगली सुबह सरपंच ने उनसे सारे टुकड़ों को वापस बटोर लाने को कहा। बुजुर्ग ने वही किया, परंतु टुकड़े काफी कम रह गए थे। कुछ टुकड़ों को हवा पता नहीं कहां उड़ा ले गई। तब सरपंच ने कहा, 'तुम्हारे मुंह से निकले हुए शब्द भी इसी प्रकार कहां से कहां तक जा सकते हैं, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। इसीलिए असत्य या फिर जिस विषय में पूर्ण जानकारी न हो, उसके बारे में गलत राय देना भी सही नहीं है।' बुजुर्ग को अपनी गलती का अहसास हो गया।

सूडोकु नवताल- 6688

★☆☆☆☆ सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6687 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

शब्द पहेली - 7903

बाएँ से दाएँ

1.आदत,स्वभाव-4
4.सुरक्षित-4
7.जरुरतमंद-5
9.भीगा हुआ-2
11.मक्का-मदीना की यात्रा-2
12.सोना,धतुरा-3
14.धक्का देना-4
15.खानाबदोश,बंजारा-4
16.अंधेरा,अंधकार-3
18.खामी,बुरी आदत-2
19.ईसाई साध्वी-2
21.नायक का विलोम-5
25.करिश्मा,करामात-4
26.महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

ऊपर से नीचे

1.अंग्रेज,विदेशी-3
2.लीन,मगन-2
3.पैंदा,तला-2
4.रिश्तेदार-2
5.थूक,लेस-2
6.तहजीब,सलीका-3
8.देह,काया-3
10.टोने-टोटकों वाली किताब-5
11.स्वदेशवासी -5
12.कपड़े की दीवार-3
13.अनुमान,आकलन-3
17.राजी करना-3
18.चश्मा-3
20.अनुकृति-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.होठ,अधर-2
23.मृत्यु देवता,यमराज-2
24.बीता हुआ दिन-2

शब्द पहेली -7902 का हल

	त	ल	ब		ट	म	ट	म
प			द	स्त	क			हा
र		ना	नी		ला	श		ज
ख	ल	ना	य	क		व	त	न
	ल		त		ना		री	
म	ना	ही		ह	क	ब	का	ना
हा		ना	क		क	ल		चि
व			स	पा	ट			का
त	व	वा	र		ना	ह	क	

Jagrutidaur.com, Bangalore

आईरोबोट 350 कर्मचारियों की छंटनी करेगा

- अमेजन-आईरोबोट के सौदे को समाप्त किए जाने के बाद लिया फैसला

सैन फ्रांसिस्को। उपभोक्ता रोबोट बनाने वाली कंपनी आईरोबोट ने लगभग 350 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है, जो उसके कार्यबल का लगभग 31 प्रतिशत है और इसके संस्थापक और सीईओ कॉलिन एंगल भी पद छोड़ देंगे। यह छंटनी अमेजन-आईरोबोट के 1.7 बिलियन डॉलर के सौदे को नियामक बाधाओं के कारण पारस्परिक रूप से समाप्त किए जाने के बाद हुई। डील खत्म होने की खबर के बाद आईरोबोट के शेयर 10 प्रतिशत गिर गए। इस कार्यबल में कटौती के हिस्से के रूप में आईरोबोट को 2024 की पहली दो तिमाहियों में मुख्य रूप से विच्छेद और संबंधित लागतों के लिए 12 मिलियन डॉलर और 3 मिलियन डॉलर के बीच पुनर्गठन शुल्क दर्ज करने की उम्मीद है, इसमें अधिकांश पुनर्गठन शुल्क 2024 की पहली तिमाही में अनुमानित हैं। आईरोबोट बोर्ड के अध्?यक्ष एंड्रयू मिलर ने कहा ?कि हमें एक स्टैंडअलोन कंपनी के रूप में अपने भविष्य के लिए अपने ऑपरेटिंग मॉडल और लागत संरचना को तेजी से सरेखित करना चाहिए। हालांकि हमारे लोगों को प्रभावित करने वाले निर्णय कठिन हैं, हमें अधिक टिकाऊ बिजनेस मॉडल और लाभप्रदता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आईरोबोट के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य कानूनी अधिकारी ग्लेन वेनस्टीन को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया है और मिलर को बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आईरोबोट को वर्ष 2023 में 891 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज करने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत कम है। समाप्ति शुल्क के लगभग 20 प्रतिशत के वित्तीय सलाहकार शुल्क के भुगतान के बाद कंपनी सावधि ऋण चुकाने के लिए 35 मिलियन डॉलर की समाप्ति शुल्क तुरंत लागू करेगी और शेष समाप्ति शुल्क को भविष्य के लिए उपयोग करने के लिए अलग रखा जाएगा।

रुपया डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर निवेशकों की भावनाओं पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.14 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 83.13 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद फिसलकर 83.15 प्रति डॉलर पर आ गया। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.16 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.45 पर रहा।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद , सेंसेक्स 800, निफ्टी भी 208 अंक नीचे आया

मुम्बई। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी होने से बाजार में ये गिरावट आई। आज कारोबार के दौरान वित्तीय , एफएमसीजी, फार्मा और आईटी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली हावी रही जिससे बाजार पर दबाव आया। इसके अलावा घरेलू बाजार में हुई बिकवाली से भी अधिकतर सेक्टरल इंडेक्स नीचे आये। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1.11 फीसदी करीब 801.67 अंक टूटकर 71,139.90 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.96 फीसदी तकरीबन 208.80 अंक नीचे आकर 21,528.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान टाटा मोटर्स के शेयर दो फीसद से ज्यादा ऊपर आये। इसके अलावा केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड और टेक महिंद्रा के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस के शेयर 5 फीसदी से ज्यादा नीचे आये। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्रा सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी टूटे।

जानकारों के अनुसार निवेशकों ने 1 फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट को देखते हुए सतर्क रवैया अपनाया हुआ है। इसके अलावा 31 जनवरी को अमेरिकी फेड नीति के परिणामों को देखते हुए मुनाफावसूली पर भी जोर दिया।

मुनाफावसूली के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक जैसी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा।

बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के लगभग 377.2 लाख करोड़ रुपये से घटकर लगभग 375.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। इससे निवेशकों को एक ही सत्र में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

इससे पहले गत दिवस बाजार भारी तेजी के साथ बंद हुआ था।

वहीं आज सुबह बाजार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 59 अंक बढ़कर 72,000 पर खुला और 150 अंक की बढ़त के साथ 72,100 के स्तर पर देखा गया। वहीं एनएसई निफ्टी 50 21,800 के स्तर के करीब चला गया।

सरपंच व सरपंच पति पर उपसरपंच ने लगाया मारपीट करने का आरोप

थाने मे की शिकायत, उपसरपंच ने की थी सरपंच सचिव पर अनियमितता बरतकर शासकीय राशियों का दुरूपयोग करने की शिकायत

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव मे ग्राम सरपंच कृष्णाबाई गुरूबेले एवं सरपंच पति परसराम गुरूबेले पर ग्राम के राम मंदिर के समीप हाथ मुक्कों एवं चप्पल जुतों से मारपीट कर भविष्य मे जान से मार डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने मे एक लिखित शिकायत दी है वही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही एवं जांच नही होने पर ग्राम पंचायत बड़गांव के समक्ष अपने अन्य साथी ग्रामीण जनों के साथ धरना आंदोलन एवं भूख हड़ताल भी प्रारंभ कर दिया है।तत्संबंध मे ग्राम पंचायत बड़गांव के उपसरपंच ओमप्रकाश पिता राधेश्याम बिरनवार उम्र 28 वर्ष जाति लोधी ने जानकारी मे बताया कि 29 जनवरी को मेरे द्वारा पूर्व मे ग्राम पंचायत बड़गांव मे सरपंच,सचिव द्वारा अनियमितता बरते हुये शासकीय राशियों के दुरूपयों करेन सहित गुणवत्ता विहिन निर्माण कार्य कराये जाने के संबंध मे जनपद पंचायत किरनापुर,जिला पंचायत सीईओ बालाघाट को लिखित शिकायत दी गई थी।जिसकी जांच हेतु सब-इंजीनियर दीपक रामटेके जनपद पंचायत किरनापुर द्वारा अपने मोबाइल से मेरे मोबाइल नम्बर पर फोन करके कहा गया कि आपके द्वारा की गई शिकायत की जांच आज की जानी है।हम निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच चुके है,आप भी तत्काल राम मंदिर बड़गांव के समीप निर्माण स्थल पर पहुंचे मैं भी अपने घर से निर्माण कार्य स्थल पहुंच जहां मुझे आता देख सरपंच. कृष्णाबाई गुरूबेले एवं सरपंच पति परसराम गुरूबेले द्वारा गाली-गलौच करना प्रारंभ कर हाथ-मुक्कों एवं चप्पल जूतों से मारपीट कर गंद-गंदी गाली गलौच की गई एवं भविष्य मे ग्राम पंचायत संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत करने पर सरपंचपति द्वारा तलवार से काट देने की धमकी दी गई है।उक्त घटना को मौक पर स्थित दीपक रामटेके उपर्वत्री,भगचंद धामड़े,गोकूल लिल्हारे,रामश्वर धामड़े,सुभाष धामड़े,सहित मौके पर उपस्थिति अन्य ग्रामीणों ने देखा व सुना है साथ ही बीच-बचाव भी किया है।इन समस्त मामलों की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही किये जाने की मांग ग्राम पंचायत बड़गांव के उपसरपंच ओमप्रकाश धामड़े ने की है।

बिना सामान बुलाये सरपंच सचिव ने कर दिया 3 लाख 68 हजार का भुगतान

बताये कि ग्राम पंचायत बड़गांव के सरपंच सचिव द्वारा राज्यसभा सांसद निधि से राम मंदिर प्रांगण सौंदर्यीकरण का कार्य करवाये जाना है जिसके लिए लगभग 14 लाख रूपे की स्वीकृति मिली है जिसके जिसके एवज मे सरपंच सचिव द्वारा सामग्री हेतु 3 लाख 68 हजार रूपे का भुगतान बिना सामग्री बुलाये बिना ही कर दिया।जिसमे सब इंजीनियर के वेलवेशन किये बिना ही इतनी बड़ी राशि का भुगतान कर दिया जाना।कही ना कही संबंधित सरपंच सचिव,सब इंजीनियर एसडीओं की आपसी मिलीभगत को स्वत: ही उजागर कर देता है।वही शिकायतकर्त्ता द्वारा जुलाई माह मे निर्माण कार्यो मे अनियमितता की शिकायत की गई थी और लम्बी समयावधि उपरांत भी शिकायत की जांच नही किया जाना जनपद पंचायत किरनापुर के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही को इंगित करता है।

एसडीएम की समझाईश पर भी नही माने

भूख हड़ताल और धरना आंदोलन की जानकारी मिलने पर एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल धरना आंदोलन स्थल पहुंचे और उपसरपंच को हडताल वापसी लेने का आव्हान किया लेकिन एसडीएम की समझाईश के बावजूद भी उपसरपंच ओमप्रकाश धामड़े नही माने और अपना आंदोलन जांच एवं कार्यवाही किये जाने तक जारी रखने की बात कही।

सरपंच ने कहा उपसरपंच ने गाली गलौच की मारपीट नही बहस हुई

ग्राम पंचायत बड़गांव सरपंच कृष्णा गुरूबेले ने अपनी प्रतिक्रिया मे बताया कि कार्य चल रहा था वहा पर उपसरपंच पहुंचा और गाली गलौच करने लगा उनके द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया गया है जो कि गलत एवं निराधार है,सिर्फ बहस हुई है।

कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर किया संकल्प वाचन

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान पखवाड़ा का किया शुभारंभ

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग के आदेशानुसार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल अस्पताल लांजी में डॉ. सुजाता गेडाम चिकित्सा अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारी, कर्मचारीयों एवं उपस्थित जन के साथ महात्मा गांधीजी के छायाचित्र पर श्रध्दासुमन अर्पित कर श्रध्दांजली दी गई। तत्पश्चात अधिकारी, कर्मचारीयों एवं जनसमुदाय के साथ ग्राम/शहर/प्रदेश को कुष्ठ मुक्त बनाने हेतु संकल्प लिया गया व कुष्ठ बीमारी की जानकारी व उपचार बताया गया। आज के कार्यक्रम में डॉ. सुजाता गेडाम, डॉ. मनीष बड़गुजर, डॉ सुष्टी गुप्ता, डॉ. ओ. पी. नेवारे, डॉ. निलिमा वाहने, अजेन्द्र श्रीरामे बीईई, श्रीमती मालती बंसोड़ एनएमए, आरीफ हुसैन पीएमडब्ल्यु, प्रकाशराव डोंगरे, सेक्टर सुपरवाईजर, एलएचव्ही, ए.एन.एम., एमपीडब्ल्यु, लेब स्टाफ, आफिस स्टाफ, टीबी स्टाफ, आशा पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ता, सफाई कर्मचारी, सुरक्षा गार्ड, अन्य कर्मचारी तथा जन समुदाय उपस्थित रहे।30 जनवरी को यह संकल्प क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों तथा स्कूलों में लिया गया है। कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नही किया जाना चाहिए, उन्हें पुर्ण उपचार लेने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए कुष्ठ रोग का उपचार एम.डी.टी. सभी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में नि:शुल्क उपलब्ध है। कुष्ठ मुक्त भारत के संकल्प के साथ ही विकासखण्ड लांजी में

30 जनवरी 2024 से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में मनाया जाना है। जिसमें विशेष स्क्रीनिंग केम्प रिसेवाड़ा में 31 जनवरी को, बहेला में 03 फरवरी को, 08 फरवरी को भानेगांव में रखा गया है। जिसकी पूर्व तैयारी 29 जनवरी को सिविल हॉस्पिटल के सभा कक्ष में लांचिग बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें क्षेत्र की समस्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सेक्टर सुपरवाईजर, सी.एच.ओ., आशा पर्यवेक्षक को बैठक के माध्यम से कुष्ठ पखवाड़े की जानकारी एवं अभियान को सफल बनाने के लिये प्रशिक्षित किया गया।

मां शीतला माता मंदिर में शिवलिंग व शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर की ग्राम देवी माँ शीतला माता मंदिर में माँ शीतला मंदिर जनकल्याण समिति के द्वारा आगामी 2 फरवरी से भगवान शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। साथ ही भगवान श्री गणेश, कार्तिकेय एवं माता पार्वती की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 2 फरवरी को प्रात: 11 बजे से श्री गणेश जी पूजन उपरांत कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभा यात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर दुर्गा मंदिर मरार मोहल्ला, पुराना राम मंदिर, माता लंजकाई मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुये बस स्टैण्ड पंहुचेगी एवं यहां भिलाई रोड़ होते हुये वापस शीतला मंदिर में यात्रा का समापन होगा। इसी दिन शिवलिंग का जलाधिवास। दुसरे दिन 3 फरवरी को वेदी पूजन, अन्नाधिवास, रथ यात्रा, औषधी महा स्नान एवं सैय्याधिवास होगा। 4 फरवरी को उत्तर पूजन, न्यास प्राण प्रतिष्ठा, षोड़शोपचार पूजन यज्ञ पूर्णाहुति, महा आरती उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। प्राणप्रतिष्ठा समारोह आचार्य पंडित उपेन्द्र नारायण गौतम आमगांव, महंत लक्ष्मीनारायणदास लांजी, पंडित विश्वनाथ तिवारी लांजी, पंडित अरविन्द्र मिश्रा लांजी, पण्डा राजेश कामरी के द्वारा संपन्न कराया जायेगा। समिति अध्यक्ष अनिल पशीने, उपाध्यक्ष सुखराम कामरी, सचिव नन्दकिशोर कामरी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र बडघैया, सदस्य गण राजेन्द्र कामरी, कौड़ूलाल कचवाहे, चैतराम बड़से, मेहतर कुचलाहे, विजय मोहारे, शिवम कामरी आदि सदस्यों ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील की है।



चिकित्सकीय मुल्यांकन शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनो को उपयोगी सामग्रियों का किया वितरण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखण्ड के जनपद शिक्षा केन्द्र परिसर में 30 जनवरी 2024 को दिव्यांग जनो को शिविर के माध्यम से उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम बीआरसी शिवेंद्र उके के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र

के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उपस्थित दिव्यांग छात्र छात्राओं जो कि विगत 25 अगस्त 2023 को आयोजित चिकित्सकीय मुल्यांकन शिविर में चिन्हित या चयनित किये गये थे उपकरण प्रदाय करने हेतु जिनके माप अनुसार उपकरण आने के पश्चात ऐसे 76 दिव्यांग छात्र छात्राओं को 14 व्हीलचेयर, 28 सीपी व्हीलचेयर, 6 ट्राईसिकल, 5 रोलेटर, 18 केलपर्स, 13 हियरिंगहेड सहित कुल 84 उपकरण वितरित किये गये तथा इनका उपयोग किस प्रकार करना है यह भी समझाया। उक्त उपकरण पाकर दिव्यांग छात्र छात्राऐं उत्साहित हुये एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

कुलपा में खेल मैदान की मांग को लेकर पंचों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सरकार ग्रामों व शहरों में खेल को बढ़ावा देने हेतु करोड़ों रुपए खर्च करती है और खिलाड़ियों को खेल हेतु मैदान उपलब्ध कराती है। परंतु लांजी जनपद अंतर्गत एक ऐसा ग्राम कुलपा है जहां ग्राउंड होते हुए भी खिलाड़ी मैदान से वंचित है जिसको लेकर ग्राम पंचायत कुलपा के पंच योगेश वर्मा एवं भागवत दशहरे ने खिलाड़ियों को ग्राउंड उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 30 जनवरी को कलेक्टर के नाम लांजी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और बताया कि हमारे द्वारा पूर्व में भी मैदान उपलब्ध कराने हेतु शिकायत की गई थी परंतु आज दिनांक तक हमें खेल मैदान उपलब्ध नहीं हो पाया है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी बताया कि अगर 10 दिनों के अंदर हमें हमारा खेल मैदान शासन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो हमारे द्वारा भूख हड़ताल किया जाएगा।

पूर्व में भी खेल मैदान को लेकर की गई थी शिकायत-योगेश वर्मा पंच

ग्राम कुलपा में खेल मैदान को लेकर 22 फरवरी 2022 को ग्राम कुलपा में पहुंचे कलेक्टर महोदय श्री गिरीश कुमार मिश्रा जी को भी हमारे ग्राम के युवा खिलाड़ियों के द्वारा मैदान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें मांग थी कि हमारे ग्राम के बच्चों के लिए खेलने हेतु मैदान नहीं है और मैदान है भी तो उसमें अतिक्रमणकारियों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिस पर माननीय कलेक्टर महोदय ने मौके स्थल पर जांच दल भिजवाया था जिसमें रेवनी इंस्पेक्टर एवं पटवारी मौके पर पहुंचे थे परंतु उसके बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई और आज तक हमें खेल का मैदान उपलब्ध नहीं कराया गया। अतः उक्त विषय को कलेक्टर त्वरित संज्ञान लेकर हमे खेल मैदान उपलब्ध कराये। इस दौरान ग्राम पंचायत कुलपा के पंच योगेश वर्मा, भागवत दशहरे पंच के साथ ग्रामीण आकाश डिब्बे ,विलास पिछोडे, मुरली मोहन शिवनकर, कुणाल कोहरे, निखिल, रमेश , लीलाधर ,कुलदीप, रामदयाल, अजहर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

कांग्रेसजनों ने मनाई महात्मा गांधी की पूण्यतिथी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवलगांव के मोनू हरिनखेड़े के निवास पर कांग्रेस जनों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 76वीं पूण्यतिथी मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक हिना कावरे, लोकसभा प्रभारी अशोक मण्डलेकर, अर्चना खोंगल, देवेन्द्र खोंगल, ओमकार रहांगडाले सहित मण्डल सेक्टर एवं बुथ कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्य गण तथा समस्त कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिती में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम उक्त जनो के द्वारा गांधी जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद कर उनके दिये संदेशो एवं आदर्शो पर चलने की बात कही गई। पूर्व विधायक हिना कावरे एवं लोकसभा प्रभारी अशोक मण्डलेकर के द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक मे चर्चा के दौरान अनेको सुझाव भी कार्यकर्ताओ के द्वारा दिये गये। इस दौरान मुकेश जोशी, पंकज कावरे छदनलाल टेंभरे, कोमल टेंभरे, शैलेष टेंभरे, राजकुमार वाहने, हेमराज ठाकरे, लाकेश टेंभरे, धनन्जय गौतम, शिवम नखाते, संजीत ठाकरे, नेकचंद टेंभरे, नेमचंद टेंभरे, भुमेश्वर टेंभरे, तुकाराम हरिनखेड़े, डेलीराम ठाकरे, संतोष वाहने, मोहन फुण्डे, नंदकिशोर फुण्डे, पीतम ठाकरे, राधेश्याम नखाते, जीवन लाल कोल्हे आदि कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

आवश्यकता है
2 वेटर की
वेतन योग्यतानुसार
पता-कालीपुतली चौक
होटल हरिनंदा बालाघाट
9713965249, 07632-240564

आवश्यकता है
• तन्दुरी मिस्त्री - 01 पद
वेतन-15,000 से 18,000/-
•सप्लायर - 01 पद
वेतन-12,000 से 15,000/-
पता-सावजी भोजनालय, गर्रा चौक
मो. 8965063084

कमरे किराये से चाहिए
कुशल कारीगर के लिए सिंगल /फैमिली कमरे किराये से चाहिए
महाराणा प्रताप चौक
महावीर कालोनी
इतवारी गंज के आसपास
संपर्क. 9131153675, 9165454118, 9752209227

टैबलेट के जरिए सवाल-जवाब करेंगे माननीय

विधानसभा सचिवालय का ई-विधान प्रोजेक्ट तैयार

भोपाल । मप्र की विधानसभा सचिवालय का ई-विधान प्रोजेक्ट तैयार हो गया है। सबकुछ ठीक रहा तो बजट सत्र पूरी तरह पेपरलेस होगा। यानी इस सत्र में सदन में विधायकों की सीटों पर टैबलेट लगाए जाएंगे। इससे विधायक टैबलेट के जरिए सवाल-जवाब कर क्षेत्र के मुद्दे उठाएंगे। विधायकों की टेबल तक लेन पहले ही डाली जा चुकी है। गौरतलब है कि मप्र में विधायकों को हाईटेक बनाने के लिए शिवराज सरकार ने पिछले बजट से पहले सभी को लैपटॉप खरीदने के लिए 50 हजार रुपये का अनुदान दिया था और विधानसभा में डिजिटल बजट पेश किया गया था।

गौरतलब है कि 15वीं विधानसभा में विधायकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था, अब 16वीं में इसे पूरी तरह लागू करने की तैयारी है। मप्र विधानसभा की कार्यवाही पेपरलेस होगी। पूरा कामकाज ऑनलाइन होगा। विधायकों को दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी मिलेगी। विभिन्न दस्तावेज भी सॉफ्टकॉपी में होंगे। इससे कामकाज में तेजी आने के साथ सरकार का आर्थिक बोझ भी कम होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य विभाग के अफसरों के साथ हुई बैठक में मप्र विधानसभा कार्ययोजना पर चर्चा हो चुकी है। बैठक में विधानसभा के पीएस एपी सिंह विशेष तौर से मौजूद रहे। यह पूरा कार्य केंद्र के ई-विधान प्रोजेक्ट के तहत होगा। विधानसभा सचिवालय का ई-विधान प्रोजेक्ट तैयार है। लोकसभा सचिवालय एवं संसदीय कार्य मंत्रालय को भेजा जा चुका है। इसके तहत सदन के काम-काज को ऑनलाइन किया जाना है। शिवराज सरकार के कार्यकाल में प्रोजेक्ट की नींव रखी गई थी, लेकिन बजट के अभाव में ठंडे बस्ते में रहा।

ऑनलाइन सवालों में विधायकों की रुचि नहीं

विधानसभा सचिवालय ने सभी विधायकों को सवाल से लेकर ध्यानाकर्षण, शून्यकाल की सूचनाएं, याचिकाएं, स्थगन प्रस्ताव तक ऑनलाइन पूछने की सुविधा दी है, लेकिन प्रदेश के विधायकों की ऑनलाइन सवाल पूछने में रुचि ज्यादा नहीं है। जानकारों का कहना है कि ई विधान व्यवस्था लागू होने के बाद दैनिक कार्यसूची, प्रश्नोत्तरी, बिल समेत सब कुछ डिजिटल होगा, इसके बाद पेपर पर कुछ नहीं होगा, 70 प्रतिशत खर्च कम होगा। हर विधायक की सीट के सामने टैबलेट लगाया जाएगा, जिसमें पूरी जानकारी सिंगल क्लिक से मिलेगी। यानि पूरी विधानसभा हाईटेक और डिजिटल होगी।

क्या है ई-अर्सेबली

पेपरलेस असेंबली या ई-असेंबली एक अवधारणा है, जिसमें असेंबली के काम को सुविधाजनक बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक साधन शामिल हैं। यह संपूर्ण कानून बनाने की प्रक्रिया के स्वचालन, निर्णयों और दस्तावेजों की ट्रैकिंग, सूचनाओं के आदान-प्रदान को सक्षम बनाता है। ई-विधान सिस्टम का मकसद देश की सभी विधानसभाओं को एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म पर लाना है, सभी विधानसभाओं के बाद इसे संसद और सभी विधान परिषदों में भी लागू करने की योजना है। मौजूदा रिपोर्ट्स के मुताबिक ई-विधान सिस्टम का 60 फीसदी खर्च केंद्र सरकार उठा रही है। विधानसभा सचिवालय का ई-विधान प्रोजेक्ट 21 करोड़ रुपए का है। इसमें से 60 प्रतिशत राशि यानी 12.60 करोड़ रुपए केंद्र सरकार देगी। 40 प्रतिशत यानी 8.40 करोड़ रुपए राज्य को खर्च करने होंगे। विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सीएम से ई-विधान के लंबित प्रोजेक्ट पर गौर करने का आग्रह किया था। इस पर सीएम ने सहमति जताई थी। मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह का कहना है कि ई-विधान प्रोजेक्ट लागू होते ही विधानसभा का काम-काज पेपरलेस होगा। इसको लेकर केंद्र के संसदीय कार्य विभाग के साथ बैठक हो चुकी है।

अभी ये काम ऑनलाइन

मप्र विधानसभा में अभी कुछ काम ऑनलाइन हो रहे हैं। अभी विधायकों को राज्य के बजट की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई जाती है। विधायकों को सवालों के जवाब भी ऑनलाइन ही दिए जाते हैं। विधायकों के डिजिटल सिग्नेचर तैयार, ऑनलाइन वर्किंग में यही मान्य। वहीं विधानसभा सचिवालय और मंत्रालय के बीच ऑनलाइन वर्किंग पहले से है। इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल होता है। सदन में पूछे जाने वाले सवाल विधायक ऑनलाइन सिस्टम के जरिए भेजते हैं। विधानसभा सचिवालय ये सवाल सरकार को भेजती है। सरकार की ओर से जवाब भी ऑनलाइन स्वीकारे जाते हैं। इससे पेपर की बचत होने के साथ ही समय की बचत भी होती है। अब इस प्रक्रिया को और अपग्रेड किए जाना है। देश के सभी विधानमंडलों के काम- काज को पेपरलेस करने के लिए केंद्र ने नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) तैयार किया है। यह प्रोजेक्ट डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है। इसके जरिए संसद के दोनों सदनों सहित विधानमंडलों के कामकाज का ब्योरा ऑनलाइन रखा जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य सभी विधानसभाओं को एक मंच पर लाना भी है।

सभी संभागों में वार रूम स्थापित करेगी कांग्रेस

भोपाल। लोकसभा चुनाव की घोषणा मार्च में संभावित है। इसके लिए कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य स्तर पर वार रूम स्थापित करने के बाद अब प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में वार रूम स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसका प्रभारी संभाग के वरिष्ठ नेता को बनाया जाएगा, जो राज्य स्तरीय वार रूम से सीधे संपर्क में रहेंगे। वार रूम से चुनाव अभियान की गतिविधियों की निगरानी के साथ बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए समन्वय समिति गठित की हैं। इनमें युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारियों के साथ लोकसभा और विधानसभा के प्रभारी, जिला व ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्षों को शामिल किया है। वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बनाना और चुनाव अभियान के संचालन का दायित्व इन्हें दिया है।

कार्यकर्ता सम्मेलन भी किए जाएंगे

चार फरवरी से समन्वय समितियों की बैठकें होंगी, जिसमें प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कार्यकर्ता सम्मेलन भी किए जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों की निगरानी राज्य और संभाग स्तरीय वार रूम से होगी। प्रदेश संगठन द्वारा इसके माध्यम से निर्देश जिला और ब्लाक इकाइयों को मिलेंगे और क्रियान्वयन का फीडबैक लेकर प्रदेश अध्यक्ष को दिया जाएगा। समन्वय बनाने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए वार रूम का प्रभारी संभाग के वरिष्ठ नेता को बनाया जाएगा। मीडिया और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की टीम भी यहीं बैठेगी और प्रचार-प्रसार का देखेगी।

एक मार्च को मध्य प्रदेश में प्रवेश कर सकती है भारत जोड़ो न्याय यात्रा

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने बताया कि एक मार्च को राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश में राजस्थान से प्रवेश कर सकती है। यह सात दिन में नौ जिलों से होती हुई फिर राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी। यात्रा के दौरान पांच जनसभाएं होंगी। राहुल गांधी लोकसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक भी कर सकते हैं।

विधानसभा चुनाव की हार का बदला लेगी कांग्रेस!

- राहुल की यात्रा को लेकर पार्टी बना रही बड़ा प्लान

भोपाल। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्यप्रदेश में भी आएंगी। राहुल तीन मार्च को प्रदेश के मुरैना से इस यात्रा की शुरुआत करेंगे। वे 29 लोकसभा सीटों में से 7 लोकसभा सीटों को कवर करेंगे। विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस इस यात्रा को सफल बनाने और लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने की तैयारियों में लगी हुई है। यही वजह है कि नए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में पार्टी जोर-शोर के साथ जुटी हुई है।

विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस आगामी दिनों में कई बड़े कार्यक्रम करने जा रही है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भारत जोड़ो न्याय यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की योजना बना रहे हैं। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि यात्रा के रूट को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके अलावा कैसे यात्रा को प्रदेश सफल बनाए जाए और लोकसभा चुनाव के चलते कौन से मुद्दे अहम होंगे, यात्रा के दौरान किस मुद्दे को उठाए जाए, इसे लेकर कांग्रेस संगठन तैयारी कर रहा है।

न्याय यात्रा 3 मार्च को एमपी में प्रवेश करेगी। इस दौरान 9 जिलों के 7 लोकसभा सीटों पर पहुंचेगी। इन 7 सीटों पर ग्वालियर-चंबल की 4 सीटें शामिल है। यात्रा मुरैना से शुरू होकर ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, उज्जैन, रतलाम और झाबुआ होते हुए फिर से राजस्थान चली जाएगी। वर्तमान में एमपी में कांग्रेस के पास 29 लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक छिंदवाड़ा सीट पर ही कांग्रेस का कब्जा है। इस बार इस यात्रा में सात दिन राहुल मध्यप्रदेश में 698 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। यात्रा की तैयारियों को लेकर 4 से 7 फरवरी के बीच एमपी के कांग्रेस प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ग्वालियर-चंबल और भोपाल का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

महिलाओं को अब वन विभाग में भी मिलेगा 35 प्रतिशत आरक्षण

सीधी भर्ती के अन्य पदों पर महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलेगा

भोपाल। मध्य प्रदेश के वन विभाग में भी महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। वर्ष 2008 में राज्य सरकार ने संकल्प पारित किया था कि सभी शासकीय विभागों में, सिर्फ वन विभाग को छोड़कर, महिलाओं को सीधी भर्ती के पदों पर 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव से पहले सभी विभागों में सीधी भर्ती के पदों पर महिलाओं को आरक्षण देने के निर्देश दिए थे। तीन अक्टूबर 2023 को सामान्य प्रशासन विभाग ने नियम संशोधित कर 35 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को लागू किया। इस व्यवस्था में केवल वन विभाग छूट रहा था। अब मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने वन विभाग में भी महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद संशोधित अधिसूचना जारी करने की तैयारी कर ली गई है। विभाग में वनपाल, वनरक्षक, वाहन चालक एवं सहायक महावत को छोड़कर सीधी भर्ती के अन्य पदों पर महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर महिलाओं को संसद व विधान मंडल में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का भी प्रविधान किया है।

बोर्ड परीक्षा के बाद सीयूईटी यूजी में होंगे रजिस्ट्रेशन

-नेशनल टेस्टिंग एजेंसी फरवरी से शुरू करेगी प्रक्रिया

भोपाल। अगले महीने से एमपी बोर्ड और सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा होनी है। इसे लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी यूजी कोर्स से जुड़ी प्रक्रिया कुछ दिनों के लिए आगे बढ़ाई है। एजेंसी ने फरवरी के अंतिम सप्ताह से यूजी कोर्स की प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने का विचार किया है। इससे पहले शैक्षणिक संस्थानों को स्नातक पाठ्यक्रम के बारे में एजेंसी को जानकारी देनी है। एजेंसी की मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थी व्यस्त रहेंगे। इस वजह से छात्र-छात्राओं को पंजीयन करवाने में दिक्कतें होंगी। इसलिए प्रक्रिया को परीक्षाएं खत्म होने के बाद शुरू किया जाएगा।

देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से संचालित यूजी और इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर सीयूईटी यूजी करवाई जाती है। लगभग 250 से ज्यादा संस्थाओं के लिए परीक्षा होगी। सीयूईटी तीसरे चरण में पहुंच चुकी है, जिसमें यूजी कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होना बाकी है।

मई-जून के बीच हो सकती है सीयूईटी

एजेंसी ने इस बार परीक्षा जल्द करवाने पर जोर दिया है। कारण यह है कि कई विश्वविद्यालयों ने परीक्षा में देरी से प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित होना बताया है। उनके मुताबिक, पाठ्यक्रम के लिए काउंसिलिंग सितंबर से पहले शुरू नहीं होती है। ऐसी स्थिति में हजारों विद्यार्थी अलग-अलग संस्थानों में प्रवेश लेते हैं। संस्थानों की इस समस्या से निपटने के लिए इस बार सीयूईटी मई-जून के बीच होने की उम्मीद है। वैसे अभी तक सीयूईटी यूजी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।

जल्द जारी हो सकता है शेड्यूल

एजेंसी ने सीयूईटी पीजी की प्रक्रिया दिसंबर में शुरू कर दी। इससे यह संकेत मिल रहा है कि एजेंसी यूजी को लेकर अगले कुछ सप्ताह में शेड्यूल जारी कर सकती है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सीयूईटी समन्वयक डा. कन्हैया आहूजा का कहना है कि यूजी-डीईग्रेटेड कोर्स में पंजीयन प्रक्रिया में थोड़ा समय लगेगा, क्योंकि बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थी व्यस्त हैं। यूजी कोर्स की जानकारी अभी एजेंसी ने नहीं मंगवाई है। संस्थानों से कोर्स और सीट संख्या तय होने के बाद रजिस्ट्रेशन शुरू किए जाएंगे।

मध्य प्रदेश की 18 यूनिवर्सिटी डिफाल्टर घोषित

भोपाल। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने मध्य प्रदेश के 18 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। जो सूची घोषित की गई है, उसमे पर देश के 421 विश्वविद्यालय शामिल हैं। मध्य प्रदेश के जिन 18 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित किया गया है। उन्होंने अपने विश्वविद्यालय में लोकपाल पद पर नियुक्ति नहीं की है। जिसके कारण यूजीसी ने इन्हें डिफाल्टर घोषित किया है।

मध्य प्रदेश के जो विश्वविद्यालय डिफाल्टर घोषित किए गए हैं। उनमें अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, पंडित एसएन शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल, महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर,पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल,संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन,छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर,मध्य प्रदेश चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर,कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर,सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय इंदौर,विधि विश्वविद्यालय जबलपुर, हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल, राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा, आरजीपी विश्वविद्यालय भोपाल, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर तथा सांची विश्वविद्यालय रायसेन शामिल हैं।

अब हाथों-हाथ होगा दिव्यांगों का काम

- इंदौर में खुली प्रदेश की पहली सिंगल विंडो

भोपाल। नवाचारों के लिए लोकप्रिय इंदौर में कलेक्टर आशीष सिंह ने दिव्यांगों की परेशानियों को समझते हुए मंगलवार को तुरंत सिंगल विंडो शुरू करने के आदेश दिए। कलेक्टर आशीष सिंह के आदेश के बाद यह सिंगल विंडो आज से ही इंदौर कलेक्टर कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर शुरू कर दी गई है। इसमें नगर निगम और कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी दिव्यांगों की परेशानी पूरे सप्ताह सुनेंगे। यह सिंगल विंडो से दिव्यांगों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र बनेगा और आधार कार्ड और समग्र आईडी अपडेशन भी किए जाएंगे। इसके साथ दिव्यांग कृत्रिम अंगों के लिए भी यहां पर आवेदन कर सकेंगे।

कलेक्टर आशीष सिंह ने यह भी आदेश दिए हैं की सिंगल विंडो शुरू करने के साथ ही जल्द दिव्यांगों के लिए पोर्टल भी शुरू किया जाए ताकि उन्हें कलेक्टर कार्यालय तक भी ना आना पड़े। इस पोर्टल की मदद से घर बैठे ही समग्र आईडी, आधार कार्ड अपडेशन और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने जैसे काम हो जाएंगे। साथ ही कृत्रिम अंगों के लिए भी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

रोजगार और स्वरोजगार के लिए लगेगा मेला

कलेक्टर आशीष सिंह के आदेश पर 20 फरवरी को दिव्यांगों की मदद के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें जो दिव्यांग अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं उन्हें अधिकारियों द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं में लाभ दिलाया जाएगा। इसके साथ जो दिव्यांग रोजगार करना चाहते हैं उन्हें शहर की प्रमुख कंपनियों में नौकरियां दिलाई जाएंगी। शहर की इच्छुक कंपनियां भी इस रोजगार मिले के लिए आवेदन कर सकती हैं।

लोकसभा चुनाव तक नहीं हटाया जाएगा कांग्रेस जिला अध्यक्षों को

भोपाल। कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के लिए एक राहत भरी खबर है कि लोकसभा चुनाव तक उन्हें नहीं हटाया जाएगा। हालांकि उनके कार्यों की समीक्षा इस दौरान लगातार की जाएगी और देखा जाएगा कि वह सक्रिय रहे या नहीं? चुनाव के बाद इन जिला अध्यक्षों को हटाने की कवायद सिलसिलेवार की जाएगी। वहीं अभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन के बारे में भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी टीम को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं, लेकिन जिस तरह से कांग्रेसी कार्यकर्मों से कन्नी काट रहे हैं उससे लग रहा है कि कांग्रेस को बदलना उनके लिए कठिन चुनौती साबित होगा। अब कांग्रेस भी चुनावी मोड में आ गई है और अगले महीने से बैठकों की शुरुआत होने जा रही है इन बैठकों में प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह शामिल होंगे। भोपाल के साथ-साथ उज्जैन और ग्वालियर में यह बैठक होगी। स्क्रीनिंग कमेटी की इन बैठकों में लोकसभा चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवारों के बायोडाटा पर विचार विमर्श भी किया जाएगा। दूसरी ओर संगठन के बारे में पटवारी का कहना है कि अभी फिलहाल जिला स्तर पर कांग्रेस के अध्यक्षों को बदलने पर विचार नहीं किया जा रहा है। पहले उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी और उसके बाद ही उन्हें बदलने पर निर्णय लिया जाएगा। कुछ जिला अध्यक्षों की शिकायत अभी प्राप्त हुई है उसको लेकर पार्टी लोकसभा चुनाव के बाद ही निर्णय लेगी। वैसे इंदौर की बात की जाए तो जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव और शहर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हुआ है। वे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई सीट नहीं दिलवा पाए और उल्टी जो तीन सीटें कांग्रेस के पास थी वह भी गंवा बैठे हैं। इसलिए इन्हें भी बदलने पर विचार किया जा सकता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन के बारे में जरूर लोकसभा चुनाव के पहले निर्णय लिया जा सकता है, लेकिन पटवारी इस मुद्द में है कि लोकसभा चुनाव और राहुल गांधी की यात्रा निपटने के बाद ही इस संबंध में निर्णय हो, ताकि सक्रिय लोगों को पद मिले।

दो लाख से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ेगी सरकार

- राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम मुरैना में 31 जनवरी को होगा

- मुख्यमंत्री मोहन यादव चार जिलों के हितग्राहियों से करेंगे संवाद

भोपाल । राज्य सरकार प्रदेश के दो लाख से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ेगी। 31 जनवरी को मुरैना में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम में स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं के प्रकरणों के स्वीकृति पत्र दिए जाएंगे। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। वह यहीं से वर्चुअली अनुपपुर, बड़वानी, दमोह तथा छतरपुर के एक-एक हितग्राही से संवाद भी करेंगे। सभी जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम भी साथ-साथ होंगे।

मध्य प्रदेश में रोजगार अवसर बढ़ाने के लिए सरकार एक ओर जहां रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया कर रही है वहीं, स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है। केंद्र सरकार की मुद्रा सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार की स्वरोजगार संबंधी योजनाएं भी इसमें शामिल हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विभाग के सचिव पी नरहरि ने बताया कि जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं को संचालित करने वाले विभागों, बैंकों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से कार्यक्रम होगा। इसमें विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिले में लाभान्वित हुए हितग्राहियों और जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। हितग्राहियों को स्वीकृति/वितरण पत्र जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिलवाए जाएंगे। मुरैना में आयोजित कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था जिलों में आयोजित कार्यक्रम में होगी।

डोनेट फॉर देश में कांग्रेस को दे 670 रुपए

भोपाल। कांग्रेस की आर्थिक हालात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस द्वारा पार्टी फंड एकत्र करने के लिए चलाए जा रहे अभियान डोनेट फॉर देश में अब कांग्रेस नेताओं के साथ ही कोई भी देशवासी डोनेशन दे सकता है, वह यदि 670 रूपए कांग्रेस के लिए डोनेट करेगा तो उसे गिफ्ट में राहुल गांधी की साइन की हुई टी-शर्ट मिलेगी। डोनेट फॉर देश में राहुल गांधी की हस्ताक्षर की हुई टी-शर्ट गिफ्ट में देने के अभियान की शुरूआत करते हुए अजय माकन ने कहा कि जो भी व्यक्ति 670 रुपए या उससे अधिक डोनेट करेगा, उसे राहुल गांधी द्वारा साइन की हुई टी-शर्ट गिफ्ट के रुप में मिलेगी, वहीं जो लोग 67 हजार रुपए या उससे अधिक डोनेट करेंगे, उन्हें एक न्याय किट मिलेगा। इस किट में टी-शर्ट, बैग, बैंड, बैच और स्टिकर होगा।

मप्र में ही तोड़ी गई थी सिमी की रीढ़

- सिमी पर बैन से मप्र की एजेंसियां राहत में

भोपाल । एक बार फिर सिमी पर बैन की तिथि बढ़ा दी गई है। इससे जांच और खुफिया एजेंसियां राहत महसूस कर रही हैं। देश में बम धमाकों सहित अन्य आतंकी कार्रवाई में लिप्त सिमी आतंकियों की रीढ़ प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में ही तोड़ी गई थी। 2008 में जयपुर बम धमाकों के बाद जब देशभर की खुफिया एजेंसियां सिमी और सहयोगी आतंकी संगठनों के नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी थीं, तब इंदौर में पुलिस ने सिमी सरगना सफदर नागौरी सहित 13 आतंकियों को गिरफ्तार किया था।

इंदौर के श्याम नगर इलाके में ये आतंकी मकान किराए से लेकर छुपे थे। इनकी गतिविधियों की भनक लगने के बाद तत्कालीन पीथमपुर सीएसपी और वर्तमान में एसपी ग्रामीण (इंदौर) सुनील मेहता और तत्कालीन एएसपी और वर्तमान में खंडवा एसएसपी वीरेंद्र सिंह की टीम ने घेराबंदी की और बगैर एक भी गोली चलाए इन सशस्त्र आतंकियों को दबोच लिया था। एसपी मेहता ने बताया कि 2008 में सिमी का माड्यूल मध्य प्रदेश में सक्रिय था। सफदर नागौरी, कमरुद्दीन नागौरी, आमिल परवेज, शिबली, शादूली सहित केरल और खंडवा क्षेत्र के आतंकियों को पकड़ने में सफलता मिली थी। इन आतंकियों ने इंदौर के समीप चोरल के जंगलों में ट्रेनिंग कैंप लगाकर हथियार चलाने और बम धमाके करने का अभ्यास किया था। इनकी निशानदेही पर तब पुलिस ने चोरल के जंगलों से डिटोनेटर सहित अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की थी।

उज्जैन, खंडवा और रतलाम क्षेत्र में भी सिमी आतंकियों की खुफिया गतिविधियों से जुड़ी काफी जानकारियां इन आतंकियों से मिली थी। देश की खुफिया एजेंसियों ने इन आतंकियों से पूछताछ में सूरत, अहमदाबाद और जयपुर धमाकों में संलिप्त आतंकियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की थीं। उज्जैन, नागदा, खंडवा, और केरल के एर्नाकुलम में हुई आतंकियों की बैठकों और उसमें लिए गिए निर्णय की जानकारी भी इन्हीं आतंकियों से मिली थी।

केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता फिर बढ़ा सकती है सरकार

- मध्य प्रदेश में पिछला ही नहीं मिला, अब आंदोलन की तैयारी

भोपाल। केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता फिर बढ़ाने की तैयारी है। भारत सरकार इसकी घोषणा कभी भी कर सकती है। उधर, मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 42 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। जबकि, केंद्र सरकार जुलाई से 46 की दर से महंगाई भत्ता दे रही है।

चार प्रतिशत की वृद्धि के लिए वित्त विभाग दो बार प्रस्ताव बनाकर भेज चुका है लेकिन सरकार के स्तर से अंतिम निर्णय अब तक नहीं हुआ है। इसे लेकर कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिवस में महंगाई भत्ता बढ़ाने का निर्णय नहीं लिया गया तो विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। केंद्र सरकार ने जुलाई 2023 से केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और पेंशनरों की महंगाई राहत में चार प्रतिशत की वृद्धि की थी। विधानसभा चुनाव के समय वित्त विभाग ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समन्वय समिति के माध्यम से चुनाव आयोग को प्रस्ताव भेजा था लेकिन इस मतदान को देखते हुए अनुमति नहीं मिली थी। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री कार्यालय निर्णय के लिए प्रस्ताव भेजा पर अब तक अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

14 हजार रुपये तक प्रतिमाह क्षति हो रही

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे का कहना है कि चार प्रतिशत की वृद्धि का लाभ न मिलने से कर्मचारियों और पेंशनरों को दो से लेकर 14 हजार रुपये तक प्रतिमाह का क्षति हो रही है। मार्च में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाएगी और फिर जून तक वृद्धि संभव नहीं होगी, इसलिए सरकार अभी

इस पर निर्णय करें। यदि 15 दिन में सरकार इस मामले में निर्णय नहीं करती है कि सभी कर्मचारी संगठन मिलकर विधानसभा सत्र के दौरान आंदोलन करेंगे।

उधर, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष आमोद सक्सेना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव वित्त मनीष सिंह से भेंट कर चार प्रतिशत महंगाई राहत में वृद्धि का विषय उठाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नीति के अनुरूप एक जुलाई 2023 से महंगाई राहत में वृद्धि की जाए और एरियर भी दिया जाए। साथ ही 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने संबंधी उच्चतम न्यायालय ने आदेश का पालन करने के लिए निर्देशित किया जाए। उधर, वर्ष 2024-25 में महंगाई भत्ते व राहत के लिए 56 प्रतिशत के अनुसार बजट प्रावधान रखा जाएगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों को अपना स्थापना व्यय इसके अनुरूप ही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। अभी बजट में 46 प्रतिशत के अनुसार प्रावधान है।

अंडर-19 वर्ल्ड कप का पहला सुपर-6 मुकाबला जीता भारत

ब्लोमफोंटेन। भारतीय टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर-6 राउंड के अपने पहले मैच में जीत हासिल कर ली है। टीम ने न्यूजीलैंड को 214 रन से हराया। मंगलवार को ब्लोमफोंटेन में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 295 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 28.1 ओवर में 81 रन पर ही सिमट गई।

भारत के ऑलराउंडर मुशीर खान ने 131 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। वहीं, बॉलिंग में सौम्य पांडे ने 4 विकेट लिए। भारत का अगला मुकाबला नेपाल के खिलाफ 2 फरवरी को है।

मुशीर खान का शतक

131 रन

125 बॉल

13/3 4/6

104.80 स्ट्राइक रेट

मुशीर का टूर्नामेंट में दूसरा शतक

मैच का इकलौता शतक मुशीर खान ने लगाया। मुशीर 48वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने 126 बॉल में 131 रन बनाए। अब तक इस वर्ल्ड कप में मुशीर 2 शतक और एक अर्धशतक लगा चुके हैं। मुशीर ने ग्रुप मैच में अमेरिका के खिलाफ 76 रन की पारी खेली थी। वहीं, आयरलैंड के खिलाफ शतक भी लगाया। उन्होंने 106 बॉल पर 118 रन की पारी खेली थी। मुशीर अब शिखर धवन के रिकॉर्ड के करीब है। धवन ने 2004 अंडर-19 वर्ल्ड कप में 3 शतक जमाए थे, जो कि सबसे ज्यादा है।

आदर्श का अर्धशतक

टीम के लिए आदर्श सिंह और अर्शिन कुलकर्णी ने गेम की शुरुआत की। अमेरिका के खिलाफ शतक लगाने वाले कुलकर्णी इस मुकाबले में 9 रन पर आउट हो गए। वहीं, आदर्श सिंह ने टूर्नामेंट का दूसरा अर्धशतक जमाया और 58 बॉल में 52 रन की पारी खेली। उन्होंने मुशीर खान के साथ 77 रन की साझेदारी भी की।

6 पॉइंट्स के साथ भारत टॉप पर

सुपर-6 के ग्रुप-1 में भारत 6 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। टीम अपनी साथी क्वालिफाइंग टीमों के खिलाफ ग्रुप स्टेज में हासिल किए पॉइंट्स, जीत और नेट रन रेट सुपर-6 में साथ लेकर प्रवेश किया।

मुशीर ने सहारन ने साथ अर्धशतकीय साझेदारी की

तीसरे नंबर पर उतरे मुशीर खान ने शुरुआत से शानदार शॉट खेले। चौथे नंबर पर उतरे कप्तान उदय सहारन ने उनका साथ दिया। दोनों के बीच 113 बॉल में 87 रन की साझेदारी हुई। इससे न्यूजीलैंड पर प्रेशर बन गया। सहारन 57 बॉल में 34 रन बना कर पवेलियन लौटे। विकेटकीपर बल्लेबाज अरवेल्ली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, मुरुगन अभिषेक 4 रन और सचिन धास 15 रन बना कर पवेलियन लौटे। नमन तिवारी 3 रन और राज लिंबानी 2 रन बनाकर नाबाद रहे।

न्यूजीलैंड का कोई बैटर नहीं चला

न्यूजीलैंड की ओर से कोई बैटर बेहतर नहीं कर सका। टीम के लिए ओपन करने वाले टॉम जॉन्स पहली ही बॉल पर आउट हो गए। वहीं, जेम्स नेलसन भी 10 रन ही बना सके। स्नेहिथ रेड्डी 0 रन, लचलन स्टैकपोल 5 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, ओलीवर तेवतिया 7 रन बना कर आउट हुए। जैक कमिंग ने 16 रन और एलेक्स थॉम्पसन ने 12 रन बनाए। वहीं, इवाल्ड ब्रेजर 7 रन और रयान स्लोर्गर 0 रन बना कर आउट हो गए। आखिर में मैसन क्लार्क 0 रन बना कर नाबाद रहे।

सौम्य के टूर्नामेंट में 12 विकेट हुए

भारत की ओर से सौम्य पांडे ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वहीं, राज लिंबानी और मुशीर खान को 2-2 सफलताएं मिली। अर्शिन कुलकर्णी और नमन तिवारी को 1-1 विकेट मिला।

दूसरे टेस्ट में सरफराज और रजत पाटीदार कर सकते हैं डेब्यू

विशाखापत्तनम। बल्लेबाज सरफराज खान और रजत पाटीदार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में एकसाथ डेब्यू का अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में बदलाव के साथ उतर रही है क्योंकि पहले ही टेस्ट में उसे हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा रविन्द्र जडेजा और के एल राहुल चोटिल होने के कारण इस मैच के लिए टीम में नहीं हैं।

ऐसे में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में तीन बदलावों के साथ उतर सकती है। इसके तहत राहुल की जगह रजत पाटीदार , जडेजा की जगह सरफराज खान और मोहम्मद सिराज की जगह कुलदीप यादव को अवसर दिया जा सकता है। कुलदीप के अंतिम ग्यारह में आने से भारत को एक कलाई का स्पिनर भी मिल जाएगा। इसके साथ ही जडेजा की जगह विशेषज्ञ बल्लेबाज शामिल करने से बल्लेबाजी भी बेहतर होगी।

भारतीय टीम पहले भी कई बार 4 गेंदबाजों के साथ उतर उतरी है। इसमें एक 3 स्पिनर और एक तेज गेंदबाज शामिल रहा है।

दूसरा टेस्ट 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले टेस्ट में 5 बल्लेबाजों और पांच गेंदबाजों और एक विकेटकीपर के साथ उतरी थी। वहीं इंग्लैंड की टीम ने इस मैच में 6 बल्लेबाजों एक विकेटकीपर और 4 विशेषज्ञ गेंदबाज उतारे थे।

पहले टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाजों आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह ने अच्छा प्रदर्शन किया पर मोहम्मद सिराज को एक भी विकेट नहीं मिला। दूसरी ओर इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण काफी अच्छा रहा।

ये हो सकती है संभावित अंतिम ग्यारह -

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, सरफराज खान, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।

इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रनों का रिकार्ड बनाया

हैदराबाद । इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय स्पिनरों आर अश्विन और रविन्द्र जडेजा ने विकेट जरुर लिये पर इन दोनो की जमकर पिटाई भी हुई। वहीं भारतीय पिचों पर स्पिनर आमतौर पर हावी रहते हैं पर इस बार मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने अश्विन और जडेजा को कोई अवसर नहीं दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने हैदराबाद टेस्ट में अश्विन और जडेजा की गेंदों पर जमकर रन बनाये जिससे एक नया रिकार्ड तक बन गया। इतनी पिटाई की कि सारे रिकॉर्ड टूट गए.

अश्विन और जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट में कुल मिलाकर 102 ओवर गेंदबाजी की जिसमें इन दोनो ने 413 रन दिये। इन दोनो ही गेंदबाजों को इस दौरान कुल मिलकर 11 विकेट मिले। ये भारत में खेले गए किसी भी टेस्ट मैच में अश्विन और जडेजा की गेंदों पर बने सबसे ज्यादा रन हैं। अश्विन और जडेजा ने अब तक 50 टेस्ट मैचों में साथ गेंदबाजी की है और इसमें सबसे ज्यादा रन केवल एक बार विदेशी धरती पर बने थे।

इससे पहले अश्विन और जडेजा की गेंदों पर एक मैच में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के बल्लेबाजों के नाम रहा है। श्रीलंका के बल्लेबाजों ने साल 2017 में कोलंबो में खेले गए टेस्ट मैच में इनके खिलाफ करीब 437 रन बनाए थे। तब अश्विन और जडेजा ने 14 विकेट भी लिए थे।

ऋषभ ने हादसे के दर्द भरे अनुभवों को याद किया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गत वर्ष हुए कार हादसे से अब उबर गये हैं और फिटनेस हासिल करने के लिए जिम में भी अभ्यास में लग गये हैं। ऋषभ के आईपीएल सत्र से खेल में वापसी की उम्मीदें हैं। वहीं एक कार्यक्रम के दौरान ऋषभ ने उस घटनाक्रम को याद करते हुए कहा कि हादसे के दौरान कुछ पल के लिए मुझे ऐसा लगा था कि अब मेरा समय दुनिया में समाप्त हो गया है। उस हादसे में इस क्रिकेटर को गंभीर चोटें आई थीं। उनके दाहिने घुटने का लिगामेंट भी फट गया था जिसके लिए दो बार सर्जरी हुई थी। इस क्रिकेटर ने उस दर्द भरे अनुभव के बारे में बताया है जिसमें उनकी जान जाते-जाते बची थी। इसमें उन्होंने साल 2022 के अंत में हुई घातक कार दुर्घटना को याद करते हुए कहा कि जीवन में पहली बार मुझे ऐसा लगा जैसे इस दुनिया में मेरा समय अब समाप्त हो गया है। दुर्घटना के दौरान मुझे घावों के बारे में पता था पर मैं भाग्यशाली था क्योंकि यह और भी गंभीर हो सकता था। मुझे लगा कि किसी ने मुझे बचा लिया है। अस्पताल में मैंने जब डॉक्टर से पूछा कि मुझे ठीक होने में कितना समय लगेगा, तो उसने कहा कि करीब डेढ़ साल। मुझे पता था कि मुझे इस रिकवरी समय को कम करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

आईसीसी ने ऑली का रास्ता रोकने के लिए बुमराह को लगायी फटकार

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आईसीसी आचारसंहिता उल्लंघन के लिए कड़ी फटकार लगायी है। बुमराह ने हैदराबाद में हुए पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाज ऑली पोप का रास्ता रोकने का प्रयास किया था और इस दौरान वह उनसे टकरा गये थे। ओली ने इस मामले की शिकायत आईसीसी से की थी और क्रिकेट की इस शीर्ष संस्था ने भी बुमराह को दोषी पाया था। जब से वाकया हुआ तब ओली 156 रनों पर खेल रहे थे। आईसीसी ने इसके लिए इस तेज गेंदबाज को दोषी मानते हुए आचारसंहिता का उल्लंघन करने के लिए उन्हें कड़ी फटकार लगाई है।

ओली की पारी से मेहमान टीम ने भारत के खिलाफ दूसरी पारी में बड़ा स्कोर बनाकर जीत दर्ज की थी। इस बल्लेबाज ने 196 रन की साहसिक पारी खेली थी। इससे इंग्लैंड ने मुकाबले में 28 रन से जीत दर्ज की थी। ओली ने इंग्लैंड की दूसरी



पारी के दौरान 81वें ओवर में बुमराह की गेंद पर चौका मारा। बुमराह ने अगली गेंद पर ओली को निशाना बनाया और गेंद उनके पैड से टकराई, जिस पर बल्लेबाज ने एक रन लेगबाई से लिया। इस दौरान जब ओली से रन दौड़ रहे थे तभी बुमराह के ऊपर जानबूझकर सामने आने के आरोप लगे। बुमराह ने इसके बाद हाथ उठाकर इस बल्लेबाज से माफी मांग ली पर ऑल इतने भर से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने इसकी शिकायत अंपायर से की और ये मामला मैच रेफरी तक जा पहुंचा। मैच रेफरी रिची रिचर्डसन के अनुसार यह 24 महीने में इस गेंदबाज के खिलाफ पहला मामला था। इसलिए सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। रेफरी ने बुमराह को इस मामले में आचार संहिता उल्लंघन के लिए एक डिमैरिट अंक भी दिया।

गौरतलब है कि डिमैरिट अंक किसी खिलाड़ी के नाम 24 महीने तक रहते हैं। इस दौरान अगर जितने भी डिमैरिट अंक मिलते हैं, वे जुड़ते रहते हैं। अगर 24 महीने के भीतर किसी खिलाड़ी के नाम 4 डिमैरिट अंक हो जाएं तो उसे एक टेस्ट या दो सीमित ओवरों से या टी20 से बाहर कर दिया जाता है। ऐसे में अब बुमराह को अगले मैच से सावधान रहना होगा।

पाक क्रिकेटर ने भी दी सरफराज को बधाई

लाहौर। पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज इमाम उल हक ने सरफराज खान को भारतीय टीम में जगह मिलने पर बधाई दी है। इमाम-उल-हक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सरफराज की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, बधाई हो भाई, आपके लिए बहुत खुश हूं। सरफराज को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। सरफराज ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के साथ ही इंडिया ए की ओर से शतक भी लगाया था। सरफराज की नियुक्ति पर क्रिकेट प्रशंसकों ने भी खुशी जताई है। सरफराज को भारतीय क्रिकेट टीम में जगह पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

अपनी आदर्श चानू से मुकाबला करना चाहती है उभरती भारोत्तोलक पंचमी सोनोवाल

नई दिल्ली। युवा भारोत्तोलक पंचमी सोनोवाल का लक्ष्य शीर्ष भारोत्तोलक मीराबाई चानू से मुकाबला करना है।

पंचमी मीराबाई का अपना आदर्श मानती है और उनसे मुकाबला करना चाहती है। उसे ये अवसर मिलने की उम्मीद इसलिए भी है क्योंकि पंचमी भी उसी वजन वर्ग में है जिसमें चानू हैं। चानू 49 किलोग्राम भार वर्ग में खेलती हैं। पंचमी ने भी हाल ही में चेन्नई में जारी खेलो इंडिया गेम्स 2023 में महिलाओं की 49 किलोग्राम भारोत्तोलन प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। पंचमी ने इस स्पर्धा में कुल 167 किग्रा वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। पंचमी इस दौरान चोटिल भी हो गयी थीं हालांकि अब वह उससे उबर गयी हैं। पंचमी को उम्मीद है कि खेलो इंडिया में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए ही उन्हें मीराबाई से मुकाबले का अवसर मिलेगा।

पंचमी ने कहा, 'मैं दोनों श्रेणियों में ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाना चाहती थी पर अंत में आज मेरा दिन नहीं था। मैं पदक समारोह में शामिल नहीं हो पायी। एक और पदक पाकर खुश हूं। वजन उठाने के दौरान गिरना दर्दनाक था। इस कारण मैं मुश्किल से चल पा रही थी। एक्स-रे से पुष्टि हुई कि कोई फ्रैक्चर नहीं है हालांकि अभी भी थोड़ा दर्द है, लेकिन उम्मीद है कि मैं कुछ दिनों में ठीक हो जाऊंगी।'

पंचमी ने कहा, 'मेरे माता-पिता को मेरी प्रतियोगिताओं के बारे में पता नहीं है। उनके लिए, अगर मैं पदक जीतती हूं, तो यह एक उपलब्धि है, और अगर मैं असफल भी होती हूं, तो भी वे मेरा समर्थन करते रहेंगे। उनका खेल से कोई खास वास्ता नहीं है पर उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है। पंचमी अपनी आदर्श और ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू के खिलाफ मुकाबला करने की संभावना से उत्साहित है। जो उसी वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करती है। पंचमी के लिए सीनियर स्तर पर पहला लक्ष्य राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम स्थान हासिल करना है।

सरफराज ने टीम चयन पर खुशी जतायी, सूर्यकुमार की पोस्ट साझा की

मुम्बई । बल्लेबाज सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए टीम में जगह मिलने पर खुशी जतायी है। केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के चोटिल होने के कारण बीसीसीआई ने दूसरे टेस्ट के लिए सरफराज खान को बुलाया है। सरफराज ने पिछले कुछ वर्षों से घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम की घोषणा के बाद, सरफराज ने बल्लेबाज और मुंबई टीम के अपने साथी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव की एक पोस्ट साझा कर उन्हें धन्यवाद दिया है। इसमें सूर्या ने लिखा था, मेडल इंडिया कॉल। उत्सव की तैयारी करो कुछ देर बाद सरफराज ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने पिता के साथ अपनी एक तस्वीर भी शेयर की है। इससे प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है।

जडेजा और राहुल की कमी पूरी करना टीम इंडिया के लिए होगा मुश्किल

मुम्बई। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। राहुल और जडेजा ने पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया था। ये दोनो ही टीम के अहम खिलाड़ी हैं। ऐसे में इनकी कमी पूरी करना भारतीय टीम के लिए मुश्किल होगा। जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है जबकि विराट कोहली निजी कारणों से इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की राह आसन नहीं रहेगी। चयनकर्ताओं ने दूसरे टेस्ट के लिए सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। वहीं रजत पाटीदार को इस मैच में राहुल की

जगह बल्लेबाजी के लिए उतारा जा सकता है। वहीं जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारे जाने की संभावना है। भारतीय टीम इस मैच में चार स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ भी उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज की जगह कुलदीप को रखा जा सकता है। वहीं सरफराज या वॉशिंगटन सुंदर को मध्यक्रम में उतारा जा सकता है। हैदराबाद के एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और पिच बल्लेबाजों की सहायक रही है। दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। वहीं वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है।

जडेजा एनसीए पहुंचे, सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीर

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा चोटिल होने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने के बाद रिकवरी के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) पहुंच गये हैं। जडेजा की मांसपेशियों में पहले टेस्ट के दौरान खिंचाव आ गया था। जडेजा ने इंस्टाग्राम पर एनसीए की एक तस्वीर साझा की और लिखा, अगले कुछ दिनों के लिए घर। जडेजा के अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल भी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई ने कहा, पहले टेस्ट के चौथे दिन खेल के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, जबकि राहुल ने भी मांसपेशियों में दर्द की शिकायत की थी। ऐसे में बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की ही प्रगति का ध्यान रख रही है। जडेजा का बाहर होना भारतीय टीम के लिए एक करारा झटका है क्योंकि वह गेंदबाजी के अलावा बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी माहिर हैं। इससे वह मैच परिणामों को प्रभावित करने में सफल रहे हैं। 2016 के बाद से 53 टेस्ट मैचों में उन्होंने 40 से अधिक का प्रभावशाली बल्लेबाजी औसत और 25 से नीचे का गेंदबाजी औसत बनाए रखा है, जो टीम में उनके महत्व को दिखाता है।

सरफराज के चयन से सूर्यकुमार खुश

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए सरफराज खान के चयन पर खुशी जतायी है। सरफराज ने पिछले काफी समय से घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे समय-समय पर उन्हें टीम में शामिल किये जाने की मांग उठती रही है। सरफराज को टीम में जगह मिलने के बाद सूर्यकुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से सरफराज के साथ एक तस्वीर साझा की है। इसमें सूर्या ने लिखा, मेडल इंडिया कॉल अब उत्सव की तैयारी करो। सरफराज की अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी लगातार उपेक्षा होती रही है पर अब उनके पास अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर है।

आईएलटी20 से बाहर हुए शमर

दुबई। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ चोटिल होने के कारण आईएलटी20 में नजर नहीं आयेंगे। शमर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के दौरान पैर की अंगुली में लगी चोट लग गयी थी। उन्हें इस सीरीज के बाद अपनी टीम दुबई कैपिटल्स में शामिल होना था पर वह इसमें शामिल नहीं हो पायेंगे। अब वह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के लिए अपनी फिटनेस का ध्यान रखने के लिए स्वदेश लौटेंगे। जोसेफ को गाबा टेस्ट के तीसरे दिन उस समय चोट लग गई जब मिचेल स्टार्क की एक यॉर्कर गेंद उनके पैर के अंगूठे पर जा लगी थी। इससे इस खिलाड़ी के पैर की अंगुली में फ्रैक्चर होने की आशंका थी। जोसेफ ने चौथे दिन दर्द के बाद भी शानदार गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि वह वेस्टइंडीज की ओर से खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारतीय टीम ने इंग्लैंड को ज्यादा ही आजादी दे दी - पनेसर

ल्यूटन। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ मिली जीत काफी बड़ी है और इसी ने भी इसकी कल्पना नहीं की थी। पनेसर के अनुसार भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को भी इसका अंदेशा नहीं था। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि अब आने वाले मैचों में भारतीय टीम को मेहमान टीम को अधिक आजादी नहीं देनी होगी। उन्होंने माना कि विराट कोहली टीम में होते तो वह उनकी टीम के लिए जीत दर्ज करना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड टीम अब भी आगामी चार टेस्ट मैचों में असफलता के डर के साथ खेलेगी।

मोंटी ने कहा कि इंग्लैंड की टीम हार से नहीं डरती, अगर वे हारते हैं तो भी नहीं डरते। इसलिए अगले चार मैचों में भी वे असफल होने से डरे बिना खेलेंगे। यह एक बहुत बड़ी जीत है, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह संभव होगा। सभी ने सोचा था कि इंग्लैंड 190 रनों से पीछे होन के बाद हार जाएगा पर ओली पोप ने शानदार पारी खेलकर बाजी पलट दी। ये सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक थी और रोहित इसका अंदाज नहीं लगा पाये थे।

उन्होंने आगे कहा कि इंग्लैंड की भारत पर पहले टेस्ट मैच में

28 रनों की जीत से ऐसा लगा जैसे उन्होंने विश्व कप जीत लिया हो। यह इंग्लैंड की विदेश में अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक थी। यह इंग्लैंड में एक बड़ी खबर है। ऐसा लगता है जैसे हमने विश्व कप जीत लिया है। इस स्पिनर ने कहा कि मेहमान टीम भारतीय क्रिकेटरों को देखकर सीख रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि इंग्लैंड टीम ने भारत की कमजोरियों को देखा है और इसी कारण उन्हें समझ आया कि उन्होंने मेजबान टीम को कैसे हराया जाये।

मोंटी ने कहा कि मुझे लगता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम है जो भारत से सीख रही है, वे भारत को देखते हैं, वे देखते हैं कि गेंदबाज कैसे गेंद डालते हैं, वे देखते हैं कि वे कैसे बल्लेबाजी करते हैं और उनकी शारीरिक भाषा कैसी है। वे भारतीय टीम में किसी भी कमजोरी को देखते हैं और फिर वे समझना शुरू करते हैं कि वे क्या कर रहे हैं।

वहीं जब मोंटी से पूछा गया कि क्या रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल की चोट से दूसरे टेस्ट मैच में भारत के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा तो उन्होंने कहा कि अब रोहित शर्मा अपनी असली कसानी दिखा सकते हैं। उन्होंने भारतीय कप्तान से कुछ संघर्ष दिखाने को भी कहा।

घरेलू क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले सरफराज अब अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में उतरेंगे

मुम्बई । इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय टीम की हार के साथ ही दो खिलाड़ी भी चोटिल हो गये। ऐसे में दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में बदलाव करते हुए घरेलू क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज सरफराज खान को शामिल किया गया है। भारतीय टीम पहले टेस्ट में हार के कारण सीरीज में 1-0 से पीछे है।

भारतीय टीम में पहला टेस्ट हारने के बाद बड़े बदलाव किए गए हैं पर ये ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और केएल राहुल के चोटिल होने की वजह से करने पड़े हैं। जडेजा और राहुल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में उनकी जगह पर चयनकर्ताओं ने वाशिंगटन सुंदर और सरफराज खान के नाम की घोषणा की है। वहीं आवेश खान को पिछले दिनों बाहर कर दिया गया था। इसलिए उनके स्थान पर सौरव कुमार को टीम में जगह दी गई है.



सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकार्ड रहा है। उन्होंने इसमें जमकर रन बनाये हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं ने उन्हें दूसरे टेस्ट मैच के लिए अवसर दिया है। इससे पहले इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ खेली जा रही अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में सरफराज ने 161 रन की शानदार पारी खेली थी। गौरतलब है कि 2020 रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुंबई की तरफ से खेलते हुए सरफराज ने 301 रन बनाये थे।

शहीद दिवस के रुप में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया. इस मौके पर नगर परिषद कटंगी के द्वारा नगर के गांधी चौक में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई और गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया. इस मौके पर नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि बापू भले ही आज हम हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार आज भी हमारे जेहन में जिंदा हैं. गांधी जी का स्वच्छता का मंत्र आज जन-जन तक पहुंच चुका है. भारतवर्ष हमेशा उनके इस बलिदान को याद रखेगा. आज बापू की वजह से ही हम सब आजाद हवा में सांस ले रहे हैं. गांधी जी के साधारण व्यक्तित्व और साधना पूर्ण जीवन ने सिर्फ भारत को ही नहीं बल्कि विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया. इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव सहित नगर परिषद के तमाम कर्मचारी और नगर के गणमान्य जन मौजूद रहे. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विकासखंड कटंगी के तमाम शैक्षणिक संस्थाओं में पुण्यतिथि मनाई गई. जहां स्कूली विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन से परिचित करवाया गया. बच्चों को बताया कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है. उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया. 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी. गांधी जी के इस बलिदान की याद में और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 30 जनवरी का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है, इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया

जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

शासकीय जेएसटी महाविद्यालय में मनाया गया शहीद दिवस

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजली देने के लिये शहीद दिवस के रूप में मना रहा है जिन्होंने देश के लिये बलिदान दिया है। इस दिन को भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के रूप में भी चिन्हित किया गया है। इसी संदर्भ में रासेयो इकाई एवं एनसीसी द्वारा जेएसटी महाविद्यालय में समस्त प्राध्यापकों स्टॉफ व छात्र छात्राओं के समक्ष प्राचार्य डॉ. पीआर चंदेलकर द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजली दी गई। प्राचार्य डॉ. चंदेलकर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख किया। वहीं छात्र छात्राओं को उनके गौरवशाली इतिहास से अवगत कराते हुये बताया कि गांधीजी ने कैसे अहिंसा वादी रहते हुए देश को आजाद करवाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने गांधीजी के भजन रघुपति राघव राजा राम गाकर राष्ट्रपिता को याद किया तथा अंत में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजली देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. जसबीर सिंह सोंधी, कैरियर गाइडेंस अधिकारी डॉ. प्रतिमा बिसेन, एनसीसी ऑफिसर डॉ. आरएन झारिया एवं रासेयो कार्यक्रम

झारखंड में सीएम आवास, राजभवन व ईडी ऑफिस के पास धारा 144 लागू

रांची, । झारखंड में सियासी हलचल मची हुई है। इस बीच सीएम आवास व राजभवन के आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। ऐसा झामुमो द्वारा विरोध प्रदर्शन और आक्रोश मार्च को देखते हुए किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन के आवास, राजभवन और ईडी के जोनल कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई है। इस संबंध में रांची के अनुमंडल अधिकारी आईएएस उत्कर्ष कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, रांची में विरोध प्रदर्शन और आक्रोश मार्च के चलते निषेधाज्ञा लागू की गई है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। आदेश में कहा गया है, दलों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली और मार्च निकालने की सूचना मिली है। इस दौरान सरकारी कामकाज और ट्रैफिक प्रभावित न हो इसके लिए धारा 144 लागू की जा रही है। बता दें कि बीते दिनों भी सीएम से पूछताछ के बाद झामुमो ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया था। ईडी के नौवें समन के बाद झामुमो ने बंद का ऐलान किया था और रांची में राजभवन का घेराव किया था।

गौरतलब है कि झामुमो ईडी के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाल रही है। जबकि सीएम सोरेन से ईडी की पूछताछ को लेकर सूबे में सियासी हलचल मची हुई है। दिल्ली में सोमवार को सोरेन के घर पर ईडी के अधिकारी पहुंचे थे।

सीट बंटवारे पर नही बनी बात, इंडिया गठबंधन में मची उठापटक

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन में सियासी उठा-पटक मची हुई है। इससे पहले सीटों का बंटवारा नहीं होने के कारण कई दल नाराज हैं। इस बीच टीएमसी संसद और महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सीट बंटवारे पर कहा कि तृणमूल कांग्रेस इंडिया गठबंधन में बने रहने के लिए तैयार है। हमने कांग्रेस को 31 दिसंबर 2023 तक सीट बंटवारे पर उनकी स्थिति स्पष्ट करने को कहा था, लेकिन उन्होंने अभी तक वे फैसला नहीं लिया कि कौन किस सीट से चुनाव लड़ेगा। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि गठबंधन का मूल मानदंड सीट-बंटवारे समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देना होता है, लेकिन कांग्रेस महीनों से इस मामले में अपने पैर खींच रही थी। उन्होंने कहा कि गठबंधन में होते हैं तो सबसे पहले सीट-बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दिया जाता है। हम उनसे जून से सीट-बंटवारे की व्यवस्था के बारे में पूछ रहे थे। सात महीने बीत गए और उन्होंने अभी तक कुछ नहीं किया है।

टीएमसी नेता ने आगे कहा कि अभी तक सीट बंटवारे पर कांग्रेस ने अपनी स्थिति साफ ही नहीं की है। अगर वे सीटों की घोषणा नहीं करना चाहते हैं तो क्या उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव संभवतः मार्च में हो सकते हैं, ऐसे में हमें पता ही नहीं है कि कौन सी सीटों पर चुनाव लड़ना है और कौन सी सीटें अपने साथी के लिए रखनी हैं। इससे पहले टीएमसी सुप्रीमो ने बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन से इनकार करते हुए कहा कि उनकी पार्टी राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

गांधी वाटिका में किया मौन धारण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शहीदों की स्मृति में मंगलवार को प्रातः 11 बजे कलेक्टर परिसर स्थित गांधी वाटिका में कलेक्टर कार्यालय के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने दो मिनिट का मौन रखा गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुजन व पुष्प अर्पित किये। शासन के निर्देशानुसार ठीक 10:59 बजे से 11 बजे सायरन तक बजाए गए। इसके दो मिनट के बाद 11.02 बजे से 11.03 बजे तक पुनः क्लियर सायरन बजाया गया। जिसका आशय यह था कि जो जिस जगह है सायरन सुनकर सभी व्यक्ति खड़े हो जाएं और मौन धारण कर सकें। यहाँ जिर्प सीईओ डीएस रणदा, एडीएम ओपी सनोडिया सहित कलेक्टर कार्यालय के सहकर्मचारियो ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली दी।

अज्ञात ट्रक ने कार को मारी टक्कर

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में यातायात बेलगाम होते जा रहा है। इस यातायात की वजह से कई लोग के वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इसी तरह का एक मामला नगर के दीनदयाल चौक में देखने मिला जहां एक कार को ट्रक ने पीछे से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में कार सवार परिवार को तो कुछ नही हुआ मगर उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। यह परिवार बालाघाट का निवासी है जो महाराष्ट्र के तुमसर किसी कार्य से गया हुआ था। जब यह परिवार लौट रहा था उसी समय ३० जनवरी की दोपहर करीब १ बजे यह हादसा हुआ और अज्ञात ट्रक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये पीड़ित राकेश बोरकर ने बताया कि हम लोग तुमसर से आ रहे थे। हम लोग किसी सामाजिक कार्य से गये थे। जब हम लोग लौट रहे थे तभी दीनदयाल चौक में जब हम अपनी कार बालाघाट जाने टर्न कर रहे थे तभी पीछे से एक ट्रक आया और हमारी कार को टक्कर मार दी। जिससे हमे काफी नुकसान हुआ है। वही वो ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। इस बात की शिकायत करने हम वारासिवनी थाना जा रहे है। हमारी कार का काफी नुकसान हुआ है अच्छा है कोई जनहानि नही हुई है।

कौन हैं सतनाम सिंह संधू, जिन्हें राष्ट्रपति ने किया राज्यसभा के लिए मनोनीत

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सतनाम सिंह संधू को संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर राष्ट्रपति संधू को परिषद में नामित करते हुए प्रसन्न हैं। राज्यों को नामांकित सदस्यों में से एक की सेवानिवृत्ति के कारण हुई रिक्ति को भरने के लिए जारी एक आधिकारिक परिपत्र पढ़ा गया। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संधू को बधाई दी।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लिखा कि मैं राज्यसभा के लिए श्री संधू के नामांकन का स्वागत करता हूं। सामुदायिक सेवा में उनका समृद्ध कार्य और शिक्षा, नवाचार और सीखने के प्रति उनका जुनून राज्यसभा के लिए ताकत का बड़ा स्रोत होगा। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सतनाम सिंह संधू को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संधू एक प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति जी ने सतनाम सिंह संधू जी को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया रहे हैं।

कौन हैं सतनाम सिंह संधू?

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संधू भारत के प्रमुख शिक्षाविदों में से एक हैं। वह पंजाब के एक किसान के बेटे हैं। वह एक कृषक भी हैं। संधू ने 2001 में मोहाली के लांडरां में चंडीगढ़ रुप ऑफ कॉलेज (सीजीसी) की स्थापना की। 2012 में, उन्होंने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना की। उनका प्रारंभिक जीवन कठिनाइयों से भरा था। उन्होंने अपनी शिक्षा प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया। अपने कठिन बचपन के कारण, वे बाद में जीवन में एक कट्टर परोपकारी बन गए। वह अक्सर छात्रों की आर्थिक मदद करते रहते हैं। वह जनता के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार के सामुदायिक प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। वह देश में सांप्रदायिक सद्भाव को आगे बढ़ाने के लिए दो गैर सरकारी संगठन इंडियन माइनॉरिटीज फाउंडेशन और न्यू इंडिया डेवलपमेंट (एनआईडी) फाउंडेशन चलाते हैं। है। सतनाम जी ने खुद को एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित किया है, जो विभिन्न तरीकों से जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा कर

अप्राकृतिक सेक्स के लिए दबाव डालता था दोस्त, परेशान होकर कर दी हत्या

नई दिल्ली। एक युवक को उसका दोस्त अप्राकृतिक सेक्स के लिए रोजना परेशान करता था। इससे परेशान होकर युवक ने अपने मित्र के गुसांग पर लात मारकर और उसके सिर फोड़कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतक के आरोपी को गिरफ्तार किया है। 19 जनवरी को हुई युवक की हत्या की अनसुलझी गुत्थी को सुलझाकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजेश कुमार (20) ने पूछताछ में बताया कि मृतक प्रमोद कुमार शुक्ला (40) उसके साथ अप्राकृतिक सेक्स करने के लिए दबाव डालता था। पुलिस के मुताबिक, मृतक युवक प्रमोद शुक्ला, आरोपी राजेश पर कथित रूप से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का दबाव डाल रहा था। पहले भी वह इस काम को कर चुका था। अब राजेश के मना करने पर दोनों में झगड़ा हुआ। जिसके बाद राजेश ने प्रमोद के गुप्तांग पर लात मार दी और सिर फोड़कर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। 19 जनवरी को कश्मीरी गेट पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि डीडीए पार्क, मोरी गेट में सुनसान जगह पर एक शव पड़ा है और उसका चेहरा कुचला हुआ है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तब उन्हें मोरी गेट के डीडीए पार्क में सुनसान जगह पर एक शव पड़ा हुआ मिला। उसके मुंह पर खून लगा था, आंख के ऊपर चोट का निशान था और शरीर के चारों ओर खून बिखरा हुआ था। जांच के दौरान टीम ने कश्मीरी गेट थाने के खोया मंडी, मोरी गेट के पास 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के जालोन जिले के गांव रुदुरपुरा निवासी प्रमोद कुमार शुक्ला के तौर पर हुई।

30 शहरों को किया जाएगा भिक्षावृत्ति से मुक्त

नई दिल्ली। भारत सरकार 30 शहरों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने की कार्य योजना तैयार की है। भिक्षावृत्ति के काम में लगे वयस्क,महिला और बच्चों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इनके पुनर्वास के लिए सरकार व्यवस्था करेगी। धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने का अभियान केंद्र सरकार द्वारा चलाया जाएगा।

केंद्र सरकार ने प्रथम चरण में 30 शहरों की सूची तैयार की है। इस सूची में मध्य प्रदेश के 5 शहर शामिल किए गए हैं। इन पांच शहरों में उज्जैन, ओंकारेश्वर,सांची, खजुराहो और इंदौर को शामिल किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा इन 30 शहरों को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने की कार्य योजना तैयार की गई है।

केंद्रीय मंत्रालय ने फरवरी के मध्य तक राष्ट्रीय पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च करने की तैयारी कर ली है। भिक्षा वृत्ति करने वालों की पहचान कर, इसका राष्ट्रीय पोर्टल पर ऐप के माध्यम से अपडेट किया जाएगा। इसके बाद भिक्षा मांगने वाले लोगों के पुनर्वास, कौशल, शिक्षा इत्यादि की प्रतिमाह रिपोर्ट एकत्रित की जाएगी।

राजस्थान के स्कूलों में हिजाब पर लग सकता है प्रतिबंध, राज्य में चढ़ा सियासी पारा

जयपुर। राजस्थान में हिजाब को लेकर सियासी घमासान शुरु हो गया है। वजह ये है कि भाजपा विधायक ने एक स्कूल में दो तरह के बच्चे दिखाई देने पर कहा था कि कुछ हिजाब में और कुछ बिना हिजाब के। इससे स्कूल के ड्रेस कोड के कोई मायने नहीं रह जाते है। इसी बात पर मुस्लिम छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन कर दिया और संभावनाएं जताई जाने लगीं कि स्कूलों में हिजाब को प्रतिबंधित किया जा सकता है। बीजेपी विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ मुस्लिम छात्राओं की ओर से किए प्रदर्शन के बाद भजनलाल सरकार के मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा भी इस मामले में मुखर हो गए हैं। उन्होंने विधायक आचार्य के तर्क का समर्थन किया है। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी शिक्षा विभाग से इस पर रिपोर्ट मांगी है।

दिलावर ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मंगलवार दोपहर तक रिपोर्ट मांगी है कि किन किन राज्यों के स्कूलों में हिजाब पर बैन है। इस बारे में पूरी जानकारी मांगी गई है।कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने हिजाब पर प्रतिबंध की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि वे इस बारे में सीएम भजनलाल से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में समान ड्रेस कोड होना चाहिए। हिजाब का समर्थन करने वाली ताकतें नहीं

चाहती कि मुस्लिम समुदाय के बच्चे शिक्षित बनें। उन्होंने कहा कि मुसलमानों का डीएन हिंदुस्तानी है। मुगल आक्रांताओं के साथ हिजाब और बुर्का भारत में आया था। आज मुस्लिम देशों में भी कई जगह हिजाब प्रतिबंधित है। हिजाब को लेकर जयपुर में उपजे इस विवाद के बाद सोमवार को मुस्लिम छात्राओं ने सुभाष चौक थाने का घेराव कर जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके परिजन और मुस्लिम समुदाय के अन्य लोग भी मौजूद थे। प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन ने इस मामले में छात्राओं को 2 दिन का आश्वासन दिया है। स्कूली छात्राओं की मांग है कि हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य इस मामले में माफी मांगें। छात्राओं का आरोप है कि उनके स्कूल के वार्षिक उत्सव में आए विधायक ने उनसे हिजाब को लेकर बातें की। वहीं उन्होंने धार्मिक नारे भी लगवाए। वे ये बर्दाश्त नहीं करेंगी। बाद में इस मामले में विधायक बालमुकुंद आचार्य ने बयान देते हुए कहा कि उनको स्कूल में दो तरह का माहौल नजर आया था। एक हिजाब में और दूसरा बिना हिजाब के। उन्होंने तर्क दिया कि स्कूल का ड्रेस कोड तय है तो बच्चों को उसका पालन करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो फिर हमारे बच्चे भी अलग अलग कलरफुल ड्रेस या फिर लहंगा चुन्नी पहनकर आएंगे तो स्कूल कैसे चलेगा।

ईडी को मुंबई में मिला अपना ऑफिस, नया ठिकाना बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स

मुंबई। अपनी मुस्तैदी से हजारों करोड़ों रुपये की अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कसने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुंबई में विशाल आशियाना मिलने वाला है। ईडी को मुंबई में अपने ऑफिस के लिए बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में 362 करोड़ रुपये का प्लॉट आवंटित किया है। मुंबई में वर्तमान में ईडी का ऑफिस और स्टोर रूम तीन अलग-अलग बिल्डिंग्स में हैं। इनमें से दो बैलार्ड एस्टेट में और एक ऑफिस वर्ली में है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी को आधा एकड़ का प्लॉट आवंटित हुआ है जिसमें से 10,500 वर्ग मीटर पर बिल्डिंग का निर्माण होना है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने 10,500 वर्ग मीटर के लिए 3.4 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर चार्ज करने का फैसला किया है। मुंबई में वर्तमान में जहां ईडी दफ्तर हैं, उन तीनों बिल्डिंग्स में अन्य प्राइवेट कंपनियों के भी ऑफिस हैं। इसकारण एजेंसी को वहां आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखने में मुश्किल होती है।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के दो मामले दर्ज किए, एक पूर्व कलेक्टर के खिलाफ

नई दिल्ली। छत्तीगढ़ में भ्रष्टाचार,धोखाधड़ी और सट्टेबाजी के मामले ज्यादा आ रहे हैं। महादेव एप का मामला उजागर होने के बाद अब भ्रष्टाचार के दो मामले और सामने आ गए हैं। छत्तीसगढ़ के कथित राशन घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट के आधार पर राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो ने सोमवार को दो मुकदमे दर्ज किए। डीएमएफ फंड में करोड़ो के वित्तीय घोटाले पर पूर्व कलेक्टर रानू साहू सहित 10 अन्य पर मामला दर्ज किया गया है। साथ ही पीडीएस घोटाले में पूर्व एमडी सहित अन्य को भी आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि निजी कंपनियों को टेंडर देने की आड़ में बड़ी धांधली की गई। कमीशन की आड़ में करोड़ो के वारे न्यारे किए गए।डीएमएफ फंड को लेकर कोरबा की पूर्व कलेक्टर रानू साहू पर मामला दर्ज किया गया है।

टेंडर देने वाले संजय शेंडे, अशोक कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल,

सीबीआई ने किए जप्त दस्तावेज खोल रहे हैं रिश्वतखोरों के राज

-रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं में 60 करोड़ की रिश्वतखोरी का मामला

नई दिल्ली। रेलवे में सब कुछ पारदर्शी होता है और कहीं कोई लेन-देन टेबल के नीचे से नहीं होता, यह कहना अब गलत साबित हो गया है। दरअसल सीबीआई ने पिछले दिनों रेलवे में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी मामले को उजागर कर सभी को चौंकाने वाला काम जो कर दिया है। इस छापामार कार्रवाई में सीबीआई को जो दस्तावेज मिले अब वो रिश्वतखोरों के राज उगल रहे हैं। इस मामले में अभी तक रेलवे के 7 अधिकारियों समेत एक निजी कंपनी पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

जानकारी अनुसार केंद्रीय जांच एजेंसी ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में साल 2016 से वर्ष 2023 तक की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी का मामला पिछले दिनों उजागर किया। इसके साथ ही सीबीआई ने रेलवे के 7 कर्मचारियों व निजी कंपनी भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया। पिछले मंगलवार को अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया था कि सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता संतोष कुमार के परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया और उसके बाद उन्हें दो करोड़ की रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद रिश्वतखोरी का एक बड़ा मामला सामने आया। दरअसल तलाशी के दौरान जो दस्तावेज मिले उनसे पता चला कि भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने कथित तौर पर रेलवे अधिकारियों को 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिश्वत दी। इसमें कथित तौर पर रिश्वत लेने वाले अधिकारियों के नामों की लंबी सूची भी प्राप्त हुई। सीबीआई अधिकारियों की मानें तो साल 2016 से 2023 के बीच नगद तौर पर और रेलवे अधिकारियों ने अपने परिजनों के बैंक खातों में रिश्वत की राशि हासिल की थी। इसके बदले निजी कंपनी को उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे से 2016 से 22 के दौरान छह बड़ी परियोजनाओं के ठेके मिले थे।

जानें किन अधिकारियों पर हुई प्राथमिकी दर्ज

सीबीआई ने रिश्वतखोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जिन बड़े अधिकारियों को आरोपी बनाया, उनमें मुख्य रुप से उप मुख्य अभियंता (निर्माण) रामपाल के साथ ही तत्कालीन उप मुख्य अभियंता जितेंद्र झा और उप मुख्य अभियंता बीयू लस्कर, तत्कालीन वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता रितुराज गोगोई समेत अन्य वरिष्ठ अधीक्षण अभियंताओं में धीरज भागवत, मनोज सैकिया तथा मिथुन दास के नाम शामिल हैं। इनके साथ ही सीबीआई ने भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के नाम को भी प्राथमिकी में शामिल किया।

रेलवे के रिश्वतखोरी मामले में सीबीआई ने असम, त्रिपुरा, मणिपुर और दिल्ली में 16 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इन्हीं ठिकानों से सीबीआई ने जो अहम दस्तावेज बरामद किए थे, अब वो रिश्वत मामले के राज से पर्दा उठा रहे हैं। इन्हीं दस्तावेजों ने यह भी बतलाया कि आरोपियों ने जहां रिश्वत लिया वहीं अपनी संपत्तियों में अवैध तरीके से निवेश भी किया। आरोपित रेलवे अधिकारियों द्वारा बिलों के भुगतान में अनियमितताएं, उपहार स्वरुप निजी कंपनी से अपने रिश्तेदारों, दोस्तों, जान-पहचान वालों के बैंक खातों में अवैध रूप से पैसे ट्रांसफर कराने जैसे सुबूत भी इन दस्तावेजों ने उगले हैं।

दिव्यांग आज से अन्न जल त्याग कर करेंगे आमरण अनशन

कहा अल्टीमेटम खत्म होने पर भी प्रशासन मांगों पर नहीं दे रहा ध्यान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर दर से रोजगार दिए जाने , छात्रावास उपलब्ध कराने ,विद्यालयों और महाविद्यालयों में दिव्यांगों को निशुल्क शिक्षण देने ,परीक्षा शुल्क माफ करने और दिव्यांग जनों को दी गई ट्राई साइकिल की रिपेयरिंग करने सहित अन्य मांगों को लेकर 28 जनवरी से नगर के आंबेडकर चौक गार्डन में तीन दिवसीय हड़ताल पर बैठे दिव्यांगजनों की मांगों पर प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया है। जिसके चलते दिव्यांगजन प्रशासन से खासा नाराज है ।जिन्होंने तीन दिनों के भीतर मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया था ।जिसके मुताबिक आज मंगलवार को तीन दिवसीय हड़ताल का अल्टीमेटम खत्म होते ही हड़ताल पर बैठे दिव्यांगजनों ने अब आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। जिन्होंने बुधवार से अन्न और जल का त्याग कर अपनी इन्हीं मांगों को लेकर आमरण अनशन शुरू करने का ऐलान किया है। जिसकी सूचना उन्होंने एसडीएम कार्यालय में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर दी है। जिन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अब जब तक हड़ताल पर बैठे दिव्यांग जनों को नियुक्ति पत्र मिलना शुरू नहीं हो जाते तब तक वे अन्न का एक दाना और पानी भी एक भी बूंद का सेवन नहीं करेंगे।

आवेदन निवेदन पर नही होती सुनवाई

प्रगतिशील दिव्यांग कल्याण सेवा समिति के बैनर तले हड़ताल पर बैठे दिव्यांगजनों का आरोप है कि कलेक्टर दर से दिव्यांग जनों को रोजगार देने सहित वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगों को लेकर दो बार जिला पंचायत के सामने धरना प्रदर्शन आंदोलन करने के बाद भी कई दिव्यांग रोजगार से वंचित है ।जहां 5 दिव्यांगजनों को छोड़कर अन्य किसी भी दिव्यांगजनों को कार्य पर नहीं रखा गया है ।कई बार आवेदन निवेदन करने पर भी मांग पूरी नही हुई ।जिला पंचायत के सामने दो बार किए गए धरना प्रदर्शन से घबराकर धरना प्रदर्शन को खत्म करने के लिए प्रशासन ने दिव्यांग जनों को रोजगार देने की बात कही थी। जहां रोजगार देने के लिए एक एजेंसी स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति थी ।जहा 9 माह में अब तक सिर्फ पाच दिव्यांग जनों को ही कलेक्टर दर पर कार्य दिया गया है ।बालाघाट में जिले में 43हजार लोग दिव्यांग हैं उसमें से महज 5 लोगों को रोजगार दिए हैं जो उचित नहीं है प्रशासन हमे रोजगार के नाम पर गुमराह कर रहा है ।ट्रेनिंग पूरी करने वाले दिव्यांगजनों को विभिन्न विभागों में कलेक्टर दर से रोजगार नही दिया जा रहा है।

जब तक नियुक्ति पत्र नही मिलता तब तक अन्न और जल ग्रहण नही करेंगे- अमन

दिव्यांग कल्याण सेवा समिति के बैनर तले पिछले तीन दिन से शुरू धरना प्रदर्शन को लेकर की गई चर्चा के दौरान प्रगतिशील दिव्यांग कल्याण समिति अध्यक्ष अमन नागदेव ने बताया कि मुख्यतः रोजगार सहित अन्य चार बिंदुओं को लेकर पिछले तीन दिनों से हमारा धरना प्रदर्शन जारी है ।आज सुबह एसडीएम साहब और सीएसपी साहब आए थे ।हमसे ज्ञापन लेकर गए हैं। इसके पूर्व हमने कलेक्टर महोदय को भी ज्ञापन सौंपा है लेकिन हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। हमने पहले ही प्रशासन को मांग पूरी करने के लिए तीन दिनों का अल्टीमेटम दिया था। जो आज खत्म हो गया है। कल से मैं स्वयं जिला अध्यक्ष (अमन नागदेव, विक्रम राज शांडिल्य और प्रतीक चौहान द्वारा अन्न और जल का त्याग कर आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। जब तक नियुक्ति पत्र मिलना शुरू नहीं हो जाते तब तक हम अन्न का एक दाना और पानी की एक भी बूंद ग्रहण नही करेंगे ।हमारा यहा आमरण अनशन जारी रहेगा।

करीब डेड़ साल से हर दिन लेट चल रही कटंगी बालाघाट-गोंदिया ट्रेन

ट्रेनों की लेटलतीफी पर सांसद मौन

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी-बालाघाट से गोंदिया के बीच चलने वाली सभी लोकल मेमू यात्री ट्रेने करीब डेड़ साल से हर दिन अपने निर्धारित समय से लेट चल रही है. जिस कारण रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते रेल यात्रियों ने भी ट्रेनों से सफर करना अब धीरे-धीरे कम कर दिया है. जिससे रेलवे को आर्थिक क्षति हो रही है. गौरतलब हो कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बीते कई सालों में यात्रियों के बीच अपनी एक अलग साख बनाकर रखी हुई थी लेकिन ट्रेनों की लेटलतीफी ने सालों के संघर्ष के बाद बनाई इस साख को धूमिल कर दिया है. खासतौर से नागपुर मंडल की इस मामले में जमकर आलोचना हो रही है. यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर रेलवे के अधिकारी कई अलग-अलग तर्क देते है. अकसर रेलवे इंटरलॉकिंग कार्य, निर्माण से जुड़े कार्यों को हवाला देकर ट्रेनों की लेटलतीफी का हवाला देता है. वहीं इस पूरे मामले में बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन की चुप्पी भी रेल यात्रियों और आमजनों को खटक रही है. बीते एक साल में ऐसा कोई अवसर दिखाई नहीं देता जब सांसद ने ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर संसद के भीतर कोई आवाज उठाई हो या फिर सार्वजनिक मंचों से अपनी बात को साफगोई से रखा हो. संसद के भीतर सांसद ने अब तक के कार्यकाल में रेलवे से जुड़े तमाम सवाल जरूर रखे है लेकिन उनके सवालों की सूची देखकर ऐसा लगता है कि उनके रेलवे से जुड़े आधे से अधिक सवाल गैर जरूरी है. जिसका कोई औचित्य ही नहीं है. वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी से जुड़े सवाल गायब है।

उल्लेखनीय है कि कटंगी से गोंदिया के बीच कुल 06 फेरे प्रतिदिन लगा करते थे, रेलवे ने जुलाई 2023 से दो फेरे रद्द कर दिए गए है. रेलवे ने कारण बताया कि कटंगी से बालाघाट के बीच ट्रैक रिन्यूअल का कार्य जारी है. जिसमें 06 माह का समय बीत चुका है और रिन्यूअल का कार्य कछुआ चाल से चल रहा है. कटंगी से वारासिवनी 30 किमी. तक का कार्य अभी दो दिन पहले ही पूर्ण हुआ है अब बालाघाट 12 किमी का कार्य शेष रह गया है इस कार्य को कितने दिन और लगेंगे कहना मुश्किल है. मगर एक बात साफ है कि जब तक यह कार्य चलता रहेगा तब तक यात्री ट्रेनों के दो फेरे रद्द ही रहेंगे. बता दें कि ट्रैक रिन्यूअल कार्य के चलते अकसर बालाघाट से कटंगी के बीच चलने वाली यात्री ट्रेनों को घंटों रोका जाता है. जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है और वह समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते. रेलवे के पास ट्रेनों की लेटलतीफी के सवाल से बचने के लिए अभी तो यह एक अच्छा बहाना है. लेकिन जब जुलाई 2023 के पहले तक जो ट्रेनों की लेटलतीफी हुई उस पर सवाल खड़ा किया जाता है तो उसका रेलवे के पास कोई जवाब नहीं है. हम आपको बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे आय के मामले में शीर्ष पर है जबकि नागपुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के मामले में निचले पायदान पर आ गया है. इसकी सबसे बड़ी वजह खराब कंट्रोलिंग, पैसेंजर गाड़ियों को रोककर मालगाड़ियों को प्राथमिकता सबसे अहम कारण है. जानकर ताज्जुब होगा कि इस तरह की परेशानियों पर सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन ने सदन के भीतर आज तक रेल मंत्री से कोई सवाल नहीं किया. अगर सांसद सदन के भीतर इस समस्या को उठाते तो शायद रेल मंत्री जवाब देते और रेल अधिकारियों पर एक तरह से दबाव भी बनता जिससे यात्री ट्रेनों का ठीक समय पर परिचालन होता परंतु सांसद ने आज तक ऐसा कभी नहीं किया. कटंगी-बालाघाट से गोंदिया के बीच चलने वाली यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी से सर्वाधिक दिक्कत विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों को होती है. विद्यार्थी निर्धारित समय पर अपने स्कूल, कॉलेज और कर्मचारी सरकारी दफ्तर नहीं पहुंच पाते. इसके अलावा गोंदिया से अन्य गंतव्य स्थानों तक सफर करने वाले रेल यात्रियों को भी परेशानी होती है. मेमू ट्रेन के समय पर गोंदिया नहीं पहुंच पाने के कारण रेल यात्रियों की गोंदिया से अन्य रूट पर चलने वाली तमाम ट्रेने छूट जाती है और ट्रेनों के रिजर्वेशन छूट जाते है जिसका रेल यात्रियों को कोई हर्जाना तक नहीं मिलता उल्टा रेल यात्रियों को मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है. जिस कारण वर्तमान में यात्रियों ने कटंगी बालाघाट गोंदिया के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों से सफर करना कम कर दिया है और बसों से महंगा सफर करने को मजबूर है. ज्ञात रहे कि बालाघाट से इतवारी के मध्य व्याहा गोंदिया होते हुए चलने वाली लोकल गाड़ी को रेलवे बोर्ड द्वारा मार्ग परिवर्तित कर सीधे नए रूट पर व्याहा वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी होते इतवारी चलाने के प्रस्ताव को 26 दिसबंर को ही पास कर दिया है लेकिन इस पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अब तक टाइम टेबल जारी कर ट्रेन शुरू नहीं किया है और इस नई गाड़ी को अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश करने वाले सांसद मौन धारण किये है।

10 जनवरी को भोपाल के लिए निकला युवक लापता

लापता बेटे की तलाश करवाने दर-दर भटक रहा पिता, बेटे की तलाश के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 10 जनवरी को बालाघाट बस स्टैंड से भोपाल जाने के लिए बस में बैठा युवक लापता हो गया। वही 11 जनवरी से युवक के परिजनों का संपर्क उनके बेटे से टूट गया है। भोपाल पहुंचकर परिजनों ने युवक का पता लगाने की काफी कोशिश की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जहां लापता बेटे की तलाश करवाने के लिए अब उसका पिता दर-दर की ठोकरे खाने

के लिए मजबूर है। जिसने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपकर बेटे की तलाश किए जाने की गुहार लगाई है मामला किरनापुर थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालहे का बताया गया है जहां सालहे निवासी रविन्द्र रामटेके का बेटा संगम कुमार उर्फ राजा, गत 10 जनवरी से भोपाल जाने बालाघाट से बस से रवाना होने के बाद से लापता है, जिसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। इस दौरान चिकित्सीय शिक्षा की पढ़ाई कर रहे बेटे की तलाश में पिता भोपाल से लेकर बालाघाट में दर-दर भटक रहा है, इकलौते पुत्र के एकाएक गायब हो जाने से व्यथित पिता ने कलेक्टर से पुत्र को तलाश करवाने की मांग की है। जनसुनवाई में पहुंचे रविन्द्र रामटेके ने बताया कि, उनका पुत्र संगम कुमार उर्फ राजा, भोपाल में पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक महाविद्यालय से बीएचएमएस की पढ़ाई कर रहा है, इस वर्ष उसका तीसरा साल था। जो भोपाल से एक माह पूर्व परिवार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने घर आया था। जिसके बाद वह गत 10 जनवरी को बालाघाट से भोपाल के बीच शाम 6.30 बजे रवाना होने वाली सूत्र सेवा बस से भोपाल के लिए निकला था। जिसके बाद से उसका फोन लगातार बंद आने लगा और आज तक उसका कोई पता नहीं चला है। भोपाल कॉलेज और किराए के कमरे के मकान मालिक से भी पूछने पर उन्होंने संगम के यहां नहीं आने की बात कही है। जिसके बाद उसे रिश्तेदारों में तलाश किया गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है ।पिता रविन्द्र कुमार ने बताया कि इसकी शिकायत पुलिस में की है, जिसमें पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज की है। बेटे के एकाएक लापता होने से दु:खी पिता ने कलेक्टर डॉ. मिश्रा से विनंती की है, उसके बेटे का पता लगवाकर उसे बेटे से मिलवाया जाए।

बालाघाट जिला से निष्कासित जिला बदर देवेंद्र नगपुरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली पुलिस ने नगर के हनुमान चौक के पास 1 वर्ष की अवधि के लिए बालाघाट जिला से निष्कासित जिला बदर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जिला बदर देवेंद्र नगपुरे उर्फ मन्नू उर्फ देव पिता ज्ञानीराम नगपुरे 27 वर्ष वार्ड नंबर 18 ग्राम चिखला थाना हट्टा निवासी है। जिसके विरुद्ध धारा 14 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक हट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम चिखला निवासी देवेंद्र नगपुरे को उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उसे जिला बालाघाट की सीमा एवं समीपस्थ जिले सिवनी मंडला डिंडोरी की राजस्व सीमाओं से 1 वर्ष की कालावधि के लिए निष्कासित(जिला बदर) किया गया था। जिला मजिस्ट्रेट बालाघाट द्वारा 25 अक्टूबर 2023 को जारी जिला बदर आदेश के पालन मे हट्टा पुलिस द्वारा 26 अक्टूबर 2023 को जिला बदर देवेंद्र नगपुरे को नोटिस तामील किया गया था। यह जिला बदर आदेश माह अक्टूबर 2024 तक प्रभावी था। 30 जनवरी को जब प्रधान आरक्षक राहुल गौतम अपने स्टाफ के प्रधान आरक्षक दिवेश तिवारी, आरक्षक गजेंद्र माटे, आरक्षक तिलक अड़मे, आरक्षक पदम सिंह उइके टाउन भ्रमण कर रहे थे तब सूचना मिली कि जिला बदर देवेंद्र नगपुरे हनुमान चौक के पास खड़ा है। यह सूचना मिलते ही ये पुलिस कर्मचारी हनुमान चौक पहुंचे। पुलिस को देखकर देवेंद्र नगपुरे भागने लगा जिसे पुलिस कर्मचारियों ने घेराबंदी कर पड़े। देवेंद्र नगपुरे का जिला बदर आदेश माह अक्टूबर 2024 तक प्रभावी से देवेंद्र नगपुरे से जिला बदर की प्रभावी अवधि मे बालाघाट आने का कारण एवं अनुमति आदेश पूछा गया तब देवेंद्र नगपुरे ने इस संबंध में कोई अनुमति नहीं होना बताया। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश दिनांक 25 अक्टूबर 2023 का देवेंद्र नगपुरे द्वारा उल्लंघन किये जाने पर धारा 14 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। जिसे 31 जनवरी को विद्वान अदालत में पेश किया जाएगा।

SHARMA TECHNOCRAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY

WE ARE HIRING

1. TRAINER/TEACHER – COMPUTER HARDWARE NETWORKING
REQUIRED – 2 MALE/FEMALE BOTH
1-2 YEARS EXPERIENCE REQUIRED
SALARY - as per qualification + INCENTIVE

2. MARKETING EXECUTIVE – 2 POST
REQUIRED 2 MALE/FEMALE MINIMUM 1 YEAR EXPERIENCE IN EDUCATION FIELD AND DATA COLLECTION.
SALARY - as per qualification + INCENTIVE
READY FULL TIME WORKING ON FIELD.
OWN VEHICHLE COMPULSARY
ANY GRADUATE /UG WITH GOOD COMMUNICATION SKILL AND CONFIDENT CAN APPLY.

3. ACADEMIC COUNSELLER – 1 POST
REQUIRED FEMALE CANDIDATE WITH 1-2 YEARS EXPERIENCE IN EDUCATION FIELD.
SALARY - as per qualification + INCENTIVE + MOBILE
ANY GRADUATE /UG WITH GOOD COMMUNICATION SKILL AND CONFIDENT CAN APPLY.

4. RECEPTIONIST – 1 POST
REQUIRED FEMALE CANDIDATE WITH 1-2 YEARS EXPERIENCE IN EDUCATION FIELD.
SALARY - as per qualification + INCENTIVE + MOBILE
ANY GRADUATE /UG WITH GOOD COMMUNICATION SKILL AND CONFIDENT CAN APPLY.

CONTACT – SHARMA TECHNOCRAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY
HARSH JUGAL SHARMA , 9244215491 , 7898262428
MAIL ID. – harsh.sharma816@gmail.com

आवश्यकता है

शासन से मान्यता प्राप्त संस्था में निम्न पदों की आवश्यकता है -

पदनाम	संख्या	योग्यता
• ऑफिस ब्वॉय	-01 पद	10वीं
• भृत्य / चपरासी	-02 पद	12 वीं
• सफाई कर्मचारी	-01 पद	10 वीं
• कम्प्यूटर ऑपरेटर	-02 पद	Online Work
• कम्प्यूटर लैंग्वेज शिक्षक	-03 पद	BE, MCA
• कम्प्यूटर शिक्षक	-02 पद	

यूनिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी
भटेरा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट
Mo. 9406764413, 07632-356492

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट